**
# वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच

बुधवार, 10 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 156, पेज 12, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसक्स में 394 अंकों की उछाल
स्थानीय शेयर बाजार में पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और सेंसक्स 394 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी 119 अंक के लाभ में रहा। } 10

## मोदी ने पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर जतायी चिंता
प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जाबेर अल सबाह से बातचीत की और पश्चिम एशिया में उभरती सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की तथा क्षेत्र में शीघ्र शांति बहाली के लिए तनाव घटाने और कूटनीति पर जोर दिया। } 12

## पुलिस भर्ती परीक्षा में अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई
### यूट्यूब, फेसबुक व इंस्टाग्राम पर भ्रामक वीडियो प्रसारित करने वालों के खिलाफ मुकदमे

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार को भी परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी जारी रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और नकलविहीन बनाने के लिए परीक्षा केंद्रों के साथ-साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी लगातार नजर रखी गई। इसी क्रम में विभिन्न जिलों और सोशल मीडिया माध्यमों पर भ्रामक प्रचार, प्रतिरूपण और अन्य आपराधिक गतिविधियों के मामलों में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं।

मंगलवार को प्रदेश के सभी 75 जिलों के 1183 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित परीक्षा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के डीजी एसबी शिरडकर के अनुसार दोनों पालियों में कुल 9,62,833 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए बुलाया गया था, जिनमें से 7,32,731 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। कुल उपस्थिति 76.10 प्रतिशत दर्ज की गई। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीतापुर में स्थापित होगा 250 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र
### राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय की 850 एकड़ खाली जमीन सौंपी, नवीकरणीय ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर में रक्षा मंत्रालय की करीब 850 एकड़ खाली जमीन पर 250 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र को स्थापित करने की मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को इस परियोजना को नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और रक्षा क्षेत्र की खाली पड़ी जमीनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम करार दिया। मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह अपनी तरह की पहली परियोजना है, जिसमें रक्षा भूमि पर एकीकृत बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के साथ बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा उत्पादन संयंत्र का विकास किया जाएगा।

एक बयान में कहा गया कि यह पहल स्वच्छ ऊर्जा, स्थिरता और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसमें कहा गया, रक्षा बलों के लिए दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के अलावा, इस परियोजना से रक्षा प्रतिष्ठानों के लिए पारंपरिक ग्रिड से बिजली की खरीद पर होने वाले खर्च में काफी कमी आने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप परियोजना के पूरे समय में सरकारी खजाने को



महत्वपूर्ण बचत होगी। बयान में कहा गया कि एनटीपीसी लिमिटेड रक्षा प्रतिष्ठानों के लिए सबसे अनुकूल ऊर्जा मूल्य निर्धारण और बचत हासिल करने के लिए एक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से परियोजना को लागू कर रही है। बयान के मुताबिक यह परियोजना रक्षा मंत्रालय (सेना) के एकीकृत मुख्यालय और रक्षा संपदा महानिदेशालय (डीजीडीई) के समन्वय में कार्यान्वित की जाएगी। इसमें कहा गया यह परियोजना राष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा सुरक्षा, तकनीकी नवाचार और पर्यावरणीय स्थिरता के संगम का प्रतिनिधित्व करती है, जो रणनीतिक हितों की रक्षा करते हुए राष्ट्रीय विकास लक्ष्यों के समर्थन में अपनी संपत्तियों का लाभ उठाने के लिए रक्षा मंत्रालय की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। रक्षा मंत्रालय, एनटीपीसी, रक्षा मंत्रालय (सेना) का मुख्यालय और डीजीडीई परियोजना के समय पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए बेहतर समन्वय में कार्य करेंगे। परियोजना पूरी होने पर सीतापुर सौर ऊर्जा परियोजना रक्षा भूमि पर स्थापित देश की सबसे महत्वपूर्ण नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में से एक के रूप में उभरेगी और परियोजना के रक्षा क्षेत्र में भविष्य की सौर-सह-भंडारण परियोजनाओं के लिए एक मानदंड स्थापित करने की उम्मीद है। यह पहल स्वच्छ ऊर्जा, सतत विकास और पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रक्षा बलों के लिए दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के अलावा, इस परियोजना से रक्षा प्रतिष्ठानों के लिए पारंपरिक ग्रिड बिजली की खरीद पर होने वाले खर्च में काफी कमी आने की उम्मीद है।

# भारत की धरती धर्मशाला नहीं : योगी
## मुख्यमंत्री ने लव जिहाद, धर्मांतरण की साजिशों और लैंड जिहाद को लेकर दी चेतावनी



विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि जिनके मन में देश के प्रति आस्था व निष्ठा नहीं है और जो यहां के संस्कारों का सम्मान नहीं कर सकते, उनके लिए भारत की धरती धर्मशाला नहीं हो सकती। मुख्यमंत्री ने लव जिहाद, धर्मांतरण की साजिशों और लैंड जिहाद को लेकर चेतावनी दी।

योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम के आदर्श उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक देश को एकजुट करते हैं। इस श्री राम कथा का वाचन तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा किया गया। उन्होंने कहा तोड़ने वाली ताकतें जाति, भाषा, क्षेत्र के नाम पर विभाजित करने की चेष्टा करेंगी, लेकिन भारत की संत शक्ति समाज को एकजुट कर देश को आगे ले जाना चाहती हैं। व्यासपीठ द्वारा जिस मर्म को समझाने का प्रयास किया गया, हमें उसे आत्मसात करना होगा। कथा केवल सुनने की नहीं, बल्कि अंगीकार करने की महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा है। योगी ने श्रद्धालुओं से कहा कि जो भी प्रभु के सान्निध्य में आया, वह दैवीय आपदा से मुक्त रहता है। उन्होंने कामना की कि हर श्रद्धालु का जीवन सुख व समृद्ध के साथ बढ़ता रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन को जन्म-मरण का प्रश्न बनाया था। संत इसका श्रेय नहीं चाहते थे, वे सिर्फ इसलिए अभियान से जुड़े क्योंकि भारतीय परंपरा, विरासत में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम सभी के आदर्श हैं और राम नाम में जीवन की हर समस्या का ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी का नया 'डिजिटल एक्सप्रेसवे' साबित होगा प्रोजेक्ट गंगा : सीएम

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल क्रांति को नई गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को प्रोजेक्ट गंगा का शुभारंभ किया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य गांवों तक हाई स्पीड ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना और डिजिटल समावेशन को मजबूत करना है। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लास्ट माइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे डिजिटल शिक्षा, टेलीमेडिसिन, ई-गवर्नेंस, कौशल विकास और तकनीक आधारित



रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा। सरकार ने इस परियोजना के माध्यम से एक व्यापक डिजिटल सेवा प्रदाता (डीएसपी) नेटवर्क विकसित करने का लक्ष्य रखा है। इसके तहत लगभग 20 लाख परिवारों तक हाई स्पीड इंटरनेट पहुंचाने की योजना है। प्रथम चरण में इस परियोजना को प्रदेश के 21 जनपदों में शुरू किया गया है। साथ ही 8 से 10 हजार डिजिटल सेवा प्रदाता तैयार किए जाएंगे, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से एक लाख से अधिक रोजगार अवसर सृजित होने की उम्मीद है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज के दौर में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी एक बुनियादी आवश्यकता बन चुकी है। इंटरनेट की गति जितनी तेज होगी, विकास की ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### तीन तलाक व एसिड पीड़िताओं को मिलेगा आवास योजना का लाभ

लखनऊ। प्रदेश सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी सशक्तीकरण को लेकर लगातार नए कदम उठा रही है। इसी क्रम में सरकार ने तीन तलाक तथा एसिड अटैक जैसी गंभीर सामाजिक त्रासदियों से प्रभावित महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें सम्मानजनक जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार इन पीड़ित महिलाओं को प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना तथा मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से लाभान्वित करने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही निराश्रित महिलाओं को भी इन सभी योजनाओं का लाभ देने की तैयारी शुरू कर दी गयी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग ने विभागीय स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी ...शेष पृष्ठ 10 पर

### कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी का नामांकन रद्द

भोपाल। मध्य प्रदेश राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस प्रत्याशी मीनाक्षी नटराजन का नामांकन रिटर्निंग अफसर द्वारा निरस्त कर दिया गया। इसके बाद राज्यसभा की तीसरी सीट का चुनावी समीकरण बदल गया है और भाजपा के तीनों उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचित होने की संभावना मजबूत हो गई है। राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के नामांकन पत्र पर भाजपा ने आपत्ति दर्ज कराई है। भाजपा का आरोप है कि मीनाक्षी नटराजन ने अपने शपथ पत्र में हैदराबाद की एक अदालत में लंबित प्रकरण की जानकारी नहीं दी है। इसी आधार पर भाजपा ने उनका नामांकन निरस्त करने की मांग की है।

## इटावा में आंधी-तूफान का तांडव, 170 पोल टूटे



जिला संवाददाता

इटावा। दिनभर की भीषण गर्मी के बाद शाम को मौसम अचानक बदल गया। लगभग सवा चार बजे 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आए तूफान ने जिले में भारी तबाही मचाई। इस आंधी से एक महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए। तूफान के कारण जिले में 170 बिजली के खंभे और कई पेड़ गिर गए। अनेक स्थानों ...शेष पृष्ठ 10 पर

## धामी ने अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र
### सरकारी सेवा में चयन कठिन परिश्रम, वर्षों की तैयारी का प्रतिफल : सीएम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और सरकारी तंत्र को नई ऊर्जा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में 221 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित इन अभ्यर्थियों को शहरी विकास, कौशल विकास एवं सेवायोजन तथा पशुपालन विभागों में नियुक्त किया गया है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी युवा के लिए सरकारी सेवा में चयन केवल करियर की उपलब्धि नहीं, बल्कि उसके परिवार की आशाओं, कठिन परिश्रम और वर्षों की तैयारी का प्रतिफल होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने भर्ती प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और विश्वासपूर्ण बनाने के लिए लगातार सुधार किए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का युवा आज नई सोच, नई ऊर्जा और नवाचार का प्रतीक बनकर उभर रहा है। सरकार का उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है। इसी दृष्टिकोण से स्वरोजगार, स्टार्टअप, कौशल विकास और उद्यमिता से जुड़ी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में भर्ती परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। नकल और भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति से युवाओं का विश्वास मजबूत हुआ है। आज प्रदेश में यह संदेश स्पष्ट रूप से स्थापित हुआ है कि सफलता का मार्ग केवल योग्यता, मेहनत और ईमानदार प्रयासों से होकर गुजरता ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सीतापुर : धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

जिला संवाददाता

सीतापुर (उप्र)। सीतापुर जिले की पुलिस ने एक कथित धर्मांतरण रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग आर्थिक रूप से कमजोर और अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहे थे। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, यह कार्वाई मिश्रिख थाना क्षेत्र में की गई, जहां 'सेंट्रल यूपी मिशन नेटवर्क' के नाम से संचालित गतिविधियों का खुलासा हुआ। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दुर्गेश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान केरल मूल के सुरेश चंद्र, कमलेश कुमार, श्रवण कुमार और अरुण आशुदाशन के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सेंट्रल यूपी मिशन से जुड़े हैं और विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आर्थिक रूप से कमजोर और अशिक्षित लोगों के बीच धार्मिक साहित्य वितरित करते हैं। एएसपी के अनुसार, जांच में यह भी सामने आया है कि संगठन से जुड़े लोग व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से संपर्क में रहते थे और कई स्थानों पर नियमित प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाती थीं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 529 धार्मिक पुस्तकें, 151 पर्चे और चार स्मार्टफोन बरामद किए हैं। मोबाइल फोन को फॉरेंसिक जांच के लिए सील कर दिया गया है। मामले ...शेष पृष्ठ 10 पर

**विशेष खबर** जेठ के छठे बड़े मंगलवार को डॉ.अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने लगाया विशाल भंडारा, श्रीमती अलका दास गुप्ता, विराज सागर दास ने मालवीय नगर चौराहा पर भक्तों को बांटा प्रसाद

# आम जनता की सेवा ही सच्चा धर्म : विराज सागर दास






अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगलवार को मालवीय नगर चौराहा स्थित निर्मोही आश्रम श्री बजरंगबली मन्दिर में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउण्डेशन द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बीबीडी ग्रुप एवं डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन व यू.पी. ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने भंडारे में भारी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। इससे पूर्व हनुमान जी का पूजन-अर्चन कर उन्हें भोग अर्पित किया गया।

इस मौके पर बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, वाइस प्रेसिडेंट श्रीमती देवांशी दास एवं सोनाक्षी दास, रीना विकम सिंह पूर्व पार्षद, मालवीय नगर वार्ड सहित कई गणमान्य नागरिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने कहा कि आम जनमानस की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। पिछले कई साल से हमारे परिवार द्वारा बड़े मंगलवार पर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रकार के आयोजनों से न सिर्फ मन को शांति मिलती ...शेष पृष्ठ 10 पर

C M Y K

# पारदर्शी और व्यवस्थित हो आउटसोर्स व्यवस्था : सीएम

## यूपीकॉस के माध्यम से एकीकृत और तकनीक आधारित होगी आउटसोर्स प्रणाली

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति, सेवा शर्तों और पारिश्रमिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और एकरूप बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (यूपीकॉस) की भूमिका को और प्रभावी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यूपीकॉस की कार्यप्रणाली एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए इसके माध्यम से आउटसोर्स व्यवस्था को तकनीक आधारित, जवाबदेह और कर्मचारी हितैषी बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का गठन विभिन्न सरकारी विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों की नियुक्ति, सेवा शर्तों, प्रक्रियाओं और मानदेय व्यवस्था में एकरूपता एवं पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से किया गया है।

- **ऑनलाइन पोर्टल और एजेंसी एम्पैनलमेंट प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आउटसोर्स व्यवस्था में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि कर्मचारियों के हितों का संरक्षण हो और विभागों को भी सुव्यवस्थित मानव संसाधन उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने आउटसोर्स कर्मियों से संबंधित एकीकृत ऑनलाइन पोर्टल के विकास कार्य की समीक्षा करते हुए इसे समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से नियुक्ति, सत्यापन, अनुश्रवण तथा अन्य प्रक्रियाओं का केंद्रीकृत संचालन किया जाए, जिससे व्यवस्था अधिक सरल, पारदर्शी और प्रभावी बन सके। बैठक में आउटसोर्स एजेंसियों के एम्पैनलमेंट की प्रक्रिया पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि एजेंसियों के चयन एवं संचालन से संबंधित सभी मानकों और प्रक्रियाओं को स्पष्ट, मानकीकृत और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। इसके लिए तैयार की जा रही व्यवस्था को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए, ताकि सभी विभागों को एक समान और सुव्यवस्थित प्रणाली उपलब्ध हो सके।

## रोजगार और उद्यमिता का केंद्र बनेगा सरदार वल्लभभाई पटेल औद्योगिक क्षेत्र

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरदार वल्लभभाई पटेल रोजगार एवं औद्योगिक क्षेत्र (एसवीबीपीईआईजेड) परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को परियोजना की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी युवा शक्ति का प्रदेश है। तेजी से बढ़ते निवेश, विस्तार ले रहे उद्योगों और बदलती तकनीकी आवश्यकताओं को देखते हुए राज्य को ऐसे संस्थागत ढांचे की जरूरत है जो युवाओं को प्रशिक्षण, रोजगार और उद्यमिता के अवसरों से सीधे जोड़ सके।



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण की व्यवस्था उद्योगों की वास्तविक जरूरतों के अनुरूप होनी चाहिए, ताकि युवाओं को कौशल प्राप्त करने के बाद रोजगार के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना को केवल प्रशिक्षण केंद्र के रूप में नहीं, बल्कि रोजगार, उद्योग और उद्यमिता के समेकित इकोसिस्टम के रूप में विकसित किया जाए।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आने वाले वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कुशल मानव संसाधन की आवश्यकता को देखते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल इंडस्ट्रियल एवं एम्प्लायमेंट जोन की अवधारणा तैयार की गई है। इसका उद्देश्य युवाओं को उद्योगों की मांग के अनुरूप प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। बैठक में नौ क्षेत्रीय जोनों की प्रस्तावित हब एवं स्पोक संरचना प्रस्तुत की गई। प्रत्येक जोन में एक उत्कृष्टता केंद्र (हब) तथा उससे जुड़े क्षेत्रीय कौशल विकास केंद्र (स्पोक) विकसित किए जाएंगे।

हब स्तर पर उन्नत तकनीकी प्रशिक्षण, अनुसंधान, नवाचार, प्रशिक्षक प्रशिक्षण, प्लेसमेंट और कैरियर सेवाओं का संचालन होगा, जबकि क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम स्पोक केंद्रों के माध्यम से संचालित किए जाएंगे। परियोजना के तहत कौशल विकास केंद्र, औद्योगिक भूखंड, प्लग एंड प्ले औद्योगिक सुविधाएं, साझा सुविधा केंद्र, रोजगार सहायता तंत्र, व्यावसायिक सेवाएं, विदेशी भाषा प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम तथा उद्यमिता सहायता सुविधाएं एक ही परिसर में विकसित की जाएंगी। इससे युवाओं को प्रशिक्षण से लेकर रोजगार प्राप्त करने और स्वयं का उद्यम स्थापित करने तक की पूरी प्रक्रिया के लिए एकीकृत व्यवस्था उपलब्ध होगी। बैठक में बताया गया कि परियोजना के प्रथम चरण के लिए मऊ, कानपुर देहात, कन्नौज, रायबरेली, प्रतापगढ़ तथा कानपुर नगर में कुल 369 एकड़ भूमि उपलब्ध है। अन्य जिलों के लिए भी भूमि की उपलब्धता हो रही है। बैठक में बताया गया कि परियोजना के पूर्ण क्रियान्वयन के बाद प्रतिवर्ष 10 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण एवं प्रमाणन उपलब्ध कराया जा सकेगा। प्रशिक्षित युवाओं के लिए 80 प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित करने की योजना है। इसके अतिरिक्त प्रतिवर्ष दो लाख से अधिक नए एमएसएमई उद्यमों को प्रोत्साहन मिलने तथा लगभग 50 हजार गिग वर्कर्स को औपचारिक आर्थिक गतिविधियों से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में बताया गया कि सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन और उसकी नॉलेज पार्टनर संस्था क्ळएएर के अनुभवों का उपयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भूमि उपलब्धता, संस्थागत संरचना, निजी क्षेत्र की भागीदारी तथा क्रियान्वयन मॉडल से संबंधित प्रस्तावों पर शीघ्र निर्णय लेते हुए परियोजना को समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जाए।

## रालोद की प्रदेश कार्यकारिणी भंग शीघ्र होगा पुनर्गठन

**नई दिल्ली।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता रालोद अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने की। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश रालोद की वर्तमान प्रदेश कार्यसमिति को और प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय को छोड़कर भंग किया जाता है। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि प्रदेश संगठन को और अधिक प्रभावी, सक्रिय एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शीघ्र ही नई प्रदेश कार्यसमिति का गठन किया जायेगा। यह जानकारी रालोद के केंद्रीय कार्यालय के सचिव चौधरी समरपाल सिंह द्वारा दी गई।

# सैकड़ों लोगों ने ली कांग्रेस की सदस्यता

## कई जिला पंचायत सदस्य व प्रधान भी कांग्रेस में हुए शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के समक्ष सीतापुर, लखीमपुरखीरी, बरेली एवं अन्य जिलों से आये सैंकड़ों की संख्या में विभिन्न वर्गों के लोगों ने सीतापुर से सांसद राकेश राठौर के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत करते हुए कहा कि आज इतनी बड़ी संख्या में इस भीषण गर्मी में काफी दूर-दूर से लोग प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय आये हैं यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के प्रति आम लोगों का विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होने कहा कि कई जिला पंचायत सदस्य और प्रधान भी कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। यह राहुल द्वारा आम जनता और देश के लिए उठाये जा रहे आवाज को समर्थन है और उनके प्रति प्यार और विश्वास दर्शाता है। उन्होंने देश में नोटबंदी से जहां आम जनता और हर वर्ग त्राहिमाम करने के विवश था वहीं जीएसटी जो कि देश में गब्बर सिंह टैक्स के रूप में थोपा गया व्यापारी वर्ग तबाह हो गया। कुछ दिन पहले राहुल ने कहा था कि आर्थिक तबाही का तूफान आने वाला है वह भी सच हो गया पहले डीजल, पेट्रोल, सीएनजी फिर कामर्शियल गैस और घरेलू गैस के दाम बेतहाशा बढ़ाये गये और आज फिर 29 रू. दाम रात्रि में बढ़ा दिये गये, दवा, खाद्य सामग्री के दाम आसमान छू रहे हैं और यह सब मोदी सरकार की विफलता और जनविरोधी नीतियों का परिणाम है। उन्होने कहा कि आज देश में सिर्फ राहुल लड़ रहे हैं। हम डरने वाले नहीं हैं। सांसद राकेश राठौर ने भी सदस्यता ग्रहण करने वालों को कांग्रेस पार्टी के विचारों



और उसके द्वारा किये गये योगदान को जन-जन तक पहुंचाने एवं जनविरोधी भाजपा सरकार को हटाने के लिए जुटने का आवाहन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उप्र कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन एवं पूर्व विधायक सोहेल अख्तर, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रमोद पाण्डेय, अरूणेश यादव आदि मौजूद रहे।

इस मौके पर बरेली, लखीमपुर, सीतापुर आदि जिलों से सदस्यता ग्रहण करने वालें प्रमुख लोगों में प्रधान रविन्द्र राठौर, जिला पंचायत सदस्य राममूर्ति राठौर, फूल सिंह, राजा राम साहू, सुखवीर गुर्जर, प्रेमशंकर राठौर, प्रधान संतोष कुमार, पूर्व बीडीसी सदस्य राम प्रकाश, पूर्व बीडीसी बालक राम, राजाराम साहू, फूल सिंह सहित सैंकड़ों की संख्या में विभिन्न जिलों से आये विभिन्न वर्गों के लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा में 3.34 लाख से अधिक अभ्यर्थी हुए शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद (पॉलीटेक्निक) द्वारा प्रदेश के राजकीय, अनुदानित, पीपीपी मोड एवं निजी क्षेत्र की पॉलीटेक्निक संस्थाओं में विभिन्न डिप्लोमा तथा पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)-2026 का सफल, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण आयोजन संपन्न हो गया है। यह परीक्षा 02 जून से 09 जून तक प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थापित परीक्षा केन्द्रों पर कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) प्रणाली के माध्यम से आयोजित की गई।

परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए परिषद द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों पर व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षित प्रवेश व्यवस्था तथा तकनीकी सहायता टीमों की तैनाती के साथ अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए। आंकड़ों के अनुसार इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित समूह-ए में 2,07,229 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 1,67,921 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। फार्मेसी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित समूह-ई 1 एवं ई 2 में 1,64,312 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 1,29,977 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश (लेटरल एंट्री) के लिए आयोजित समूह-के1 से के8 में 35,680 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 25,663 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं समूह-बी, सी, डी, एफ, जी, एच, आई एवं एल के अंतर्गत विभिन्न विशिष्ट एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 16,574 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 10,741 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए। परिषद के अनुसार संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक) का परिणाम 20 जून तक परिषद की वेबसाइट पर घोषित किया जाएगा। इसके बाद ऑनलाइन काउंसलिंग एवं प्रवेश प्रक्रिया का विस्तृत कार्यक्रम पृथक रूप से जारी किया जाएगा, जिससे अभ्यर्थी समयबद्ध रूप से प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकें।



## उच्च शिक्षा मंत्री ने योगी से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मंगलवार को लखनऊ स्थित 5, कालिदास मार्ग पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न समसामयिक विषयों एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। भेंट के अवसर पर विधायकगण पुरुषोत्तम खंडेलवाल, अनिल पराशर, ऋषिपाल चौधरी तथा विपिन वर्मा डेविड भी उपस्थित रहे। सभी जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर क्षेत्रीय विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया।

## सभी घटकों को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए : लोकदल

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान पर लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने मंगलवार को बयान जारी करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन देश के लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय और जनहित के मुद्दों की रक्षा के लिए बना एक व्यापक विपक्षी मंच है। गठबंधन की मजबूती आपसी सम्मान, संवाद और सहयोग की भावना से ही संभव है। सहयोगी दलों के प्रति बड़ा दिल दिखाने की बात और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की प्रतिक्रिया इस बात का संकेत है कि गठबंधन के सभी घटकों को एक-दूसरे की राजनीतिक ताकत, जनाधार और योगदान का सम्मान करना चाहिए।

# शकुन्तला विवि में पीएचडी के लिए 18 जून तक हो जायेगा साक्षात्कार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया जून के अंतिम सप्ताह तक पूर्ण कर ली जाएगी। पीएचडी प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है, अब साक्षात्कार एवं मेरिट निर्धारण की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है।

प्रवेश निदेशक प्रो. अनामिका चौधरी ने बताया कि सभी विभागों को सूचित कर दिया गया है कि वे मंगलवार से अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करें। 18 जून से पहले सभी विभागों में साक्षात्कार की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद विभागीय शोध समिति (डीआरसी) द्वारा किया गया सम्पूर्ण मूल्यांकन प्रवेश समिति को सौंप दिया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची प्रवेश समिति की ओर से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी। कुलसचिव रोहित सिंह ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित

- **जून के अंतिम सप्ताह तक पूरी होगी पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया**

सभी सूचनाओं एवं अपडेट के लिए समय-समय पर विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट को देखते रहे। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय ने बताया कि पीएचडी प्रवेश में अभ्यर्थियों की मेरिट यूजीसी-नेट में प्राप्त अंकों एवं साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर तैयार की जाएगी। कुल अंकों में 70 प्रतिशत वेटेज यूजीसी-नेट के अंकों का और 30 प्रतिशत वेटेज साक्षात्कार का होगा। इसी आधार पर अंतिम चयन किया जाएगा।

इस बाबत डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह ने कहा कि शोध और नवाचार विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। विवि में अधिक से अधिक शोध हो इसपर जोर दिया जा रहा है। विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि शोध प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाए।

# युवाओं को रोजगार से जोड़ने का अभियान शुरू : कपिल

## योगी सरकार के नेतृत्व में 5 से 21 जून तक चलेगा जनकल्याण पर्व

विशेष संवाददाता (vol)

- **केंद्र और योगी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएगा जनकल्याण पर्व, प्रदेशभर में तिथि-वार कार्यक्रम निर्धारित**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून तक प्रदेशभर में व्यापक जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार इस अभियान को जनभागीदारी का उत्सव बनाते हुए युवाओं, विद्यार्थियों, प्रशिक्षुओं और उद्यमियों को कौशल, रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य करेगी।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों के सहयोग से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में तिथि-वार कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इन कार्यक्रमों में रोजगार मेले, कौशल प्रदर्शनियां, संवाद कार्यक्रम, उद्यमिता संगोष्ठियां, स्वच्छता जागरूकता अभियान, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताएं तथा उद्योगों के साथ संवाद कार्यक्रम प्रमुख रूप से आयोजित होंगे।

06 जून को बस्ती एवं अयोध्या में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण आधारित प्रतियोगिताओं एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 08 जून को अमरोहा, गोरखपुर और हापुड़ सहित विभिन्न जनपदों में कौशल एवं उद्यमिता विषयक संगोष्ठियां आयोजित हुईं। 09 जून को सहारनपुर, गौतमबुद्ध नगर, फिरोजाबाद, अलीगढ़, बरेली, आजमगढ़ तथा बहराइच में कौशल प्रदर्शनियों एवं संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

11 जून को बुलन्दशहर और मुरादाबाद में कौशल प्रशिक्षण से संबंधित प्रदर्शनियां एवं संगोष्ठियां आयोजित होंगी, जबकि 12 जून को आगरा, एटा, देवरिया, सिद्धार्थनगर और बलरामपुर सहित कई जनपदों में कौशल विकास मिशन के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। इसी दिन देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर बृहद मंडलीय रोजगार मेले का आयोजन भी प्रस्तावित है। 15 जून को शामली, मथुरा, हाथरस, बिजनौर और मऊ में शिक्षुता प्रशिक्षण, कौशल विकास तथा उद्यमिता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित होंगे। 16 जून को गाजियाबाद, पीलीभीत और महाराजगंज में कौशल प्रदर्शनियों एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# नशा मुक्ति केंद्रों और पुनर्वास सेवाओं का लगातार हो रहा विस्तार

**लखनऊ।** मद्यनिषेध विभाग के जरिए नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने और युवाओं को नशे की गिरफ्त में आने से बचाने के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जागरूकता कार्यक्रमों के साथ-साथ हेल्पलाइन, परामर्श और पुनर्वास सेवाओं का भी लगातार विस्तार किया जा रहा है।

प्रदेश में नशे के खिलाफ सामाजिक चेतना विकसित करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के समन्वय से अभियान संचालित किया जा रहा है। स्कूलों, कॉलेजों और ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया जा रहा है। कई स्थानों पर लोगों को नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से चलाए जा रहे नशामुक्त भारत अभियान के तहत योगी सरकार लगातार प्रयासरत है। 247 हेल्पलाइन नंबर 14416 और अन्य परामर्श सेवाओं के माध्यम से नशे की समस्या से जूझ रहे व्यक्तियों और उनके परिवारों को मानसिक एवं भावनात्मक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, हेल्पलाइन और परामर्श व्यवस्था के जरिए

- **हेल्पलाइन नंबर के जरिए 37 हजार से ज्यादा लोगों तक पहुंचायी गयी मदद**

प्रदेश में अब तक 37 हजार से अधिक लोगों तक सहायता पहुंचाई जा चुकी है। इससे जरूरतमंद लोगों को समय पर मार्गदर्शन और विशेषज्ञों की सलाह मिल रही है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2025- 26 में 4 लाख से अधिक मोबाइल नंबरों पर एसएमएस तथा आकाशवाणी के एफएम रेनबो चैनल पर 232 स्पॉट्स प्रसारित किए गए हैं। यूपी में वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोनभद्र और प्रयागराज के माघ मेला-2026 में वीडियो वैन का संचालन, 829 सांस्कृतिक कार्यक्रम, 1800 वालपेंटिंग, 1767 गोष्ठियां और नशा छोड़ने/ उपचार के लिए 3026 प्रेरित किया है चूंकि नशे के खिलाफ जनभागीदारी आवश्यक है इसलिए राज्य सरकार का उद्देश्य केवल नशा छोड़वाना नहीं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक दिशा देकर प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना है। आर.एल. राजवंशी, राज्य मद्यनिषेध अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में नशामुक्त भारत अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# जनप्रतिनिधियों की ईमानदार छवि ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत : सतीश महाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/चंडीगढ़।** जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल कानून बनाना नहीं है, बल्कि जनता के बीच विधायिका के प्रति विश्वास स्थापित करना भी है। विधायकों की ईमानदार और जनोन्मुखी छवि लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता का आधार होती है तथा जनता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ही लोकतंत्र की वास्तविक जीवनरेखा है।

यह विचार उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने चंडीगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एसोसिएशन (सीपीए) जोन के तीन दिवसीय सम्मेलन में आज व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी सशक्त और प्रभावी बन सकता है, जब जनप्रतिनिधि जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरें तथा उनके विश्वास को बनाए रखें। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।



विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के अध्यक्षों और संसदीय प्रतिनिधियों को अपने अनुभव एवं विचार साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं। इससे संसदीय परंपराओं को सुदृढ़ करने तथा विधायी कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने में सहायता मिलती है।

अपने संबोधन में महाना ने लोकतंत्र के समक्ष उपस्थित समकालीन चुनौतियों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बदलते समय में लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा, पारदर्शिता तथा जनता का विश्वास बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सम्मेलन के दौरान सतीश महाना ने एक महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता भी की। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष तथा विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं के अध्यक्षों ने उनकी कार्यशैली और नेतृत्व की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विधानसभा की छवि राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त तथा सकारात्मक हुई है।

सतीश महाना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में विधायिका और अधिक सशक्त हुई है तथा प्रदेश ने विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और विधायिका के बीच बेहतर समन्वय के कारण उत्तर प्रदेश आज सुशासन, विकास और प्रभावी लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली का एक आदर्श मॉडल बनकर उभरा है।

इस सम्मेलन में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राज्यसभा के उपसभापति डॉ. हरिवंश, हरियाणा के संसदीय कार्य मंत्री महिपाल ढांडा तथा उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, मध्य प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, पंजाब विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां तथा जम्मू-कश्मीर विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर सहित विभिन्न राज्यों के विधानसभा सदस्य उपस्थित रहे। इस सम्मेलन में विभिन्न राज्य विधानमंडलों के सचिवों ने भी भाग लिया।

# भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल : अखिलेश यादव

## सपा अध्यक्ष ने कई जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को किया सम्बोधित

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की आर्थिक नीतियों ने देश के सामने संकट पैदा किया है। महंगाई, लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा की केन्द्र और प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर फेल है। उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार ने बिजली महंगी कर दी है। स्मार्ट मीटर लगाकर जनता से लूट की। डीजल और अन्य ईंधन की कीमते बढ़ती जा रही है। यूरिया और अन्य खादों के लिए संकट की स्थिति है। खाद को लेकर भाजपा सरकार की कोई तैयारी नहीं है। किसान परेशान है। नौजवान नौकरी रोजगार के लिए भटक रहे है। भाजपा ने हर वर्ग को धोखा दिया है। शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, बिजली व्यवस्था सब चौपट है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय, लखनऊ में मंगलवार को विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव करीब है। सभी ने



एकजुट होकर जैसे लोकसभा चुनाव में सपा को जिताया है वैसे ही विधानसभा चुनाव में जिताना है। उत्तर प्रदेश को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए भाजपा को सत्ता से हटाना जरूरी है। भाजपा के हटने से ही शिक्षा, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था और बिजली व्यवस्था में सुधार होगा। उत्तर प्रदेश में विकास और निर्माण के कार्य नये सिरे से शुरू होंगे। लोकतंत्र में सबसे बड़ी ताकत वोट है। भाजपा को हटाने के लिए वोट का बुलडोजर चलाकर उसे सत्ता से बाहर करना है। भाजपा पीडीए से डरी हुई है। पीडीए के निर्दोषों के खिलाफ साजिश कर रही है। पीडीए भाजपा के षडयंत्रों को समझ चुका है। 2027 में भाजपा के अन्यायी शासन को हमेशा के लिए अंत कर देगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा नफरत और बांटने की राजनीति करती है। सपा किसानों, नौजवानों, महिलाओं को आगे बढ़ाने और विकास के कार्य करती है। समाजवादी सरकार ने विश्वस्तरीय लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे बनाया है। देश में सबसे पहला एक्सप्रेस-वे समाजवादी सरकार ने बनाने का काम किया।

समाजवादी सरकार ने किसानों को यमुना एक्सप्रेस-वे का मुआवजा दिलाया। सपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में जिलों को फोर-लेन सड़कों से जोड़ा। समाजवादी सरकार ने उसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश में जिले-जिले, तहसील और गांवों को जोड़ने का काम किया लेकिन भ्रष्ट भाजपा सरकार ने सब खराब कर दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि 2027 में समाजवादी सरकार बनते ही यूपी में हर वर्ग और हर क्षेत्र के लिए काम होगा। किसानों को गन्ना का भुगतान 24 घंटे में किया जाएगा। महिलाओं की मदद होगी। छात्राओं की केजी से पीजी तक शिक्षा मुफ्त होगी।

# नकारात्मक ताकतें आयेंगी तो तहस-नहस करेंगी

## राम नाम में जीवन की हर समस्या का समाधान : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रामकथा महोत्सव के समापन समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने रामकथा का अपने शब्दों में चित्रण करते हुए कहा कि रावण और उसके राक्षसों की आर्यावृत में घुसपैठ थी। खर-दूषण के आतंक से दंडकारण्य त्रस्त था। ताड़का, मारीच व सुबाहु ने बस्तर के वनों, नगरों को उजाड़ दिया था। जब भी नकारात्मक ताकतें वर्चस्व में आएंगी तो तहस-नहस करेंगी। शिक्षण संस्थानों व शोध केंद्रों को वैसे ही बंजर करेंगी, जैसे खर-दूषण व ताड़का द्वारा किया जाता था। सीएम ने कहा कि महर्षि विश्वामित्र प्रभु श्रीराम को अपनी कथा की रक्षा के बहाने ले गए और उनकी ताकत को देखना चाहा। उनका सबसे पहला मुकाबला ताड़का से हुआ। मारीच व सुबाहु का भी अंत हुआ। पहले मारीच ने रावण को समझाने का प्रयास किया था, लेकिन रावण ने उसे मारने की धमकी दी, तब मारीच ने कहा कि यदि मरना ही है तो रावण के हाथों नहीं, बल्कि प्रभु श्रीराम के हाथों मरूंगा ताकि उद्धार हो जाए। सीएम ने कटाक्ष किया कि मारीच रिश्ते में रावण का मामा लगता था। मामा व चाचा अनुचित व्यवस्था में पड़ते हैं तो कुसंग की तरफ ले जाते हैं, सन्मार्ग की तरफ नहीं। दुर्योधन के मामा शकुनि ने महाभारत करा दिया। सीएम ने कहा कि रावण ने मां जानकी का अपहरण किया। भगवान राम ने यत्न कर उत्तर और दक्षिण भारत को जोड़ा। उन्होंने कहा नारी गरिमा की रक्षा लव जिहाद को रोकने के लिए आदर्श उदाहरण हो सकता है। केरल उच्च न्यायालय ने 2009 व 2011 में रिलीजियस डेमोग्राफी को चेंज करने की साजिश पर चिंता व्यक्त की, लेकिन उस समय भी ध्यान नहीं दिया गया। उत्तर प्रदेश में हमने 2020 में सख्त कानून बताया, फिर भी इस पर व्यापक जनजागरूकता की आवश्यकता है।

**लैंड जिहाद से जुड़े थे खर-दूषण :** सीएम ने कहा कि हर कालखंड में नकारात्मक ताकतें आएंगी, लेकिन इसके मुकाबले के लिए समाज की सज्जन शक्ति को मिलकर तैयार रहना होगा। मारीच, खर-दूषण, सुबाहु भी लैंड जिहाद से जुड़े थे। जबरन जमीन पर कब्जा कर रहे थे। हमें लैंड जिहाद से जुड़े लोगों से मुकाबले को भी तैयार रहना होगा। खाली जमीन पर तंबू गाड़ने की प्रथा बंद होनी चाहिए। सीएम ने कहा कि शिव हों या राम, हम जिसे भी मानते हैं, उनके आदर्शों को जीवन का हिस्सा बनाएं। उनके अनुरूप जीवन जीने और बनने का प्रयास करें और परिवार के सदस्यों को उन आदर्शों से प्रेरणा लेने को प्रेरित करें। जिसने भी राम को जीवन का आदर्श बनाया, उसका कल्याण हुआ। जिसने राम का द्रोह किया, उसे धरती पर जगह नहीं मिली। मारीच, रावण समेत रामायण काल के अनेक उदाहरण हैं, जो उच्च कुल व श्रेष्ठ व्यवस्था में जन्म लेने के बाद भी पशुवत मारे जाते हैं, क्योंकि उन्होंने राम के साथ द्रोह किया।



**राम की संगति में पूज्य हो गए हनुमान व विभीषण :** सीएम ने कहा कि पवनसुत हनुमान या विभीषण भगवान राम की संगति में आने के बाद पूज्य हो गए। गांव के अनपढ़ व्यक्ति को भी हनुमान चालीसा अवश्य याद रहती है। मध्यकाल में तुलसीदास ने जन-चेतना जागृत करते हुए विदेशी आक्रांताओं के प्रति सचेत होने और भगवान के प्रति भक्ति का संदेश देकर उत्तर भारत को एकता के सूत्र में जोड़ने का कार्य किया, वही कार्य तुलसी पीठाधीश्वर कर रहे हैं।

# पक्का पुल से सीतापुर रोड तक 15 मीटर चौड़ी होगी बंधा रोड

## दिसम्बर तक पूरा होगा काम, 10 लाख की आबादी को मिलेगा फायदा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पक्का पुल से सीतापुर रोड तक 3.37 किलोमीटर लंबी बंधा रोड 15 मीटर तक चौड़ी होगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने 38 करोड़ रुपए की लागत से स्थल पर कार्य शुरू करा दिया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को परियोजना का निरीक्षण करके इस वर्ष के अंत तक कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने बताया कि पक्का पुल से प्रियदर्शिनी योजना होते हुए सीतापुर रोड से कनेक्ट होने वाली यह बंधा रोड वर्तमान में 05 मीटर चौड़ी है। इस रोड पर ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है। यहां आये दिन ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है, जोकि पीक आवर्स में बढ़ जाती है। इसे ध्यान में रखते हुए बंधा रोड को 15 मीटर तक चौड़ा किया जाएगा। जिसके लिए मौके पर मिट्टी भराई का कार्य शुरू करा दिया गया। दिसम्बर, 2026 तक कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा और सड़क पर वाहन



फर्राटा भरेंगे। बंधा रोड का चौड़ीकरण होने से खदरा, मदेयगंज, फैजुल्लागंज, प्रियदर्शिनी योजना समेत आसपास की लगभग 10 लाख की आबादी को बड़ी राहत मिलेगी। निरीक्षण में मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता नवनीत शर्मा, जोनल अधिकारी माधवेश कुमार एवं वंदना पाण्डेय, नजूल अधिकारी प्रभाकर सिंह, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार एवं नीरज कुमार समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

**अलीगंज स्टेडियम में बनेगा स्वीमिंग पूल :** अलीगंज स्थित एलडीए स्टेडियम में स्वीमिंग पूल, इनडोर बैडमिंटन कोर्ट व नया बास्केटबॉल कोर्ट बनेगा। इससे लोगों को नयी और बेहतर खेल सुविधाएं प्राप्त होंगी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने स्टेडियम का निरीक्षण करके इस सम्बंध में निर्देश दिये हैं। स्टेडियम में पहले से निर्मित जिम अभी निष्प्रयोज्य है। उपाध्यक्ष ने जिम में सुविधाओं को उच्चीकृत करके इसे शीघ्र संचालित करने के भी निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यों को समय से पूरा न करने पर कार्रवाई की जाएगी। जानकीपुरम में कुर्सी रोड पर सरगम अपार्टमेंट के पास रिक्त पड़ी लगभग 14,800 वर्गमीटर भूमि पर कम्यूनिटी सेंटर का निर्माण व हॉर्टिकल्चर के कार्य कराये जाएंगे। उपाध्यक्ष ने स्थल निरीक्षण करके इस बाबत निर्देश दिये हैं। उपाध्यक्ष ने जानकीपुरम में मौर्या विहार से जानकी विहार कालोनी के मध्य 1600 मीटर लंबे आरसीसी नाले के निर्माण कार्य की प्रगति भी देखी। 03 करोड़ रुपए की लागत से नाले का निर्माण होने से 02 लाख की आबादी को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगा।

# दबाव में संविदा कार्मिक कर रहे काम, बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विद्युत व्यवस्था की वर्तमान स्थिति बिजली की सही नहीं चल रही है गर्मी में बिजली की मांग अधिक है, सप्लाई कम है। जून माह में अधिकतम विद्युत मांग 30,883 से 31,147 मेगावाट के आस-पास बनी हुई है, वहीं उत्तर प्रदेश स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर द्वारा जारी दैनिक प्रगति रिपोर्ट में ग्रामीण क्षेत्रों में भी 22 घंटे से अधिक बिजली आपूर्ति का दावा किया जा रहा है। लेकिन धरातल पर सच्चाई इससे विपरीत है। प्रदेश में हो रही ब्रेकडाउन की घटनाएं बढ़ रही हैं, और बिजली आपूर्ति में बाधाएं लगातार बनी हुई हैं। उत्तर प्रदेश सरकार एक समीक्षा कार्यालय तो खुद समाने आ जाएगा की वर्तमान वित्तीय वर्ष में सबसे ज्यादा ब्रेकडाउन हुए और उसको अटेंड करने के लिए संविदा कार्मिकों की गैंग नहीं थी दबाव में बड़े पैमाने पर विद्युत दुर्घटनाएं हो रही है ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार को पावर कारपोरेशन को कड़ी फटकार लगाते हुए जितने भी अनुभवी निष्कासित संविदा कार्मिक है उन्हें तत्काल सेवा में वापस बुला लेना चाहिए। सर्वाधिक चिंता का विषय यह है कि संविदा कार्मिकों की सुरक्षा और उनके योगदान की अनदेखी की जा रही है। बिजली दुर्घटनाओं में संविदा कर्मियों के बड़े पैमाने पर जान जाने के बावजूद, उन्हें समय पर ब्रेकडाउन ठीक करने के लिए तैनात नहीं किया जा रहा है।

# 127 करोड़ से वसंतकुंज में होगा मेट्रो के विश्वस्तरीय 'ग्रीन डिपो' का निर्माण

## ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के मेट्रो डिपो का निर्माण करेगी टेंडर जीएचवी (इंडिया)

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ। उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के तहत वसंतकुंज में प्रस्तावित मेट्रो डिपो के निर्माण का अनुबंध प्रदान कर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह सिविल निर्माण कार्य पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी निविदा प्रक्रिया के बाद जीएचवी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को सौंपा गया है। टेंडर में कुल पांच कंपनियों ने भाग लिया था। इस कार्य की अनुमानित लागत लगभग 150 करोड़ रुपये है। निविदाओं के विस्तृत तकनीकी और वित्तीय मूल्यांकन के बाद, जीएचवी (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड सफल बिड का चयन किया गया। अब यह डिपो का निर्माण करेगा। यह मेट्रो डिपो लगभग 127 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जाएगा। यह आगामी ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर चलने वाली मेट्रो ट्रेनों के रखरखाव, निरीक्षण और ट्रेन स्टेबिलिंग के लिए एक महत्वपूर्ण सुविधा के रूप में कार्य करेगा।



वसंतकुंज में बनने वाले इस ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर डिपो को एक आधुनिक, तकनीक-आधारित रखरखाव सुविधा के रूप में तैयार किया जाएगा जो सुरक्षित और कुशल मेट्रो संचालन को सहयोग देने में अहम भूमिका निभाएगा। इस डिपो को लखनऊ मेट्रो के मौजूदा 'ट्रांसपोर्ट नगर डिपो' के समान ही प्रमाणित ढांचे पर विकसित किया जा रहा है, जो पहले से ही एक पूरी तरह से सुसज्जित परिचालन और रखरखाव केंद्र के रूप में कार्य कर रहा है। यह डिपो ट्रेनों के व्यापक रखरखाव के लिए आवश्यक आधुनिक मशीनों से लैस होगा, जो ट्रांसपोर्ट नगर डिपो में पहले से स्थापित और कार्यरत प्रणालियों जैसी ही होंगी। इसकी प्रमुख प्रणालियों में 'पिट व्हील लेथ मशीन' शामिल है, जिसका उपयोग मेट्रो कोचों के पहियों के प्रोफाइल को बनाए रखने के लिए किया जाता है। लगातार संचालन और बार-बार रुकने के कारण पहियों में टूट-फूट होती है, जिसे ट्रेनों की सुगम और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए इस मशीन के माध्यम से ठीक किया जाता है।

पूर्ण ऑटोमैटिक सिंक्रोनाइज्ड पिट जैक मशीनें होंगी जो कि रखरखाव के दौरान कोचों को ऊपर उठाने और नीचे करने के लिए काम करेंगी। फुल ऑटोमैटिक सिंक्रोनाइज्ड मोबाइल जैक मशीनें, पटरियों के बीच बोगियों को स्थानांतरित करने के लिए बोगी टर्न टेबल्स, मेट्रो कोचों की मैकेनाइज्ड और कुशल सफाई के लिए ऑटोमैटिक ट्रेन वाशिंग प्लांट्स, डिपो परिसर के भीतर ट्रेनों की नियंत्रित आवाजाही के लिए इलेक्ट्रिक बोगी शंटर्स, मुख्य लाइनों और डिपो के भीतर तकनीकी खराबी के मामले में कोचों को तुरंत बहाल करने के लिए री-रेलिंग और रेस्क्यू व्हीकल्स विकसित होंगी। ये सभी प्रणालियां मिलकर यह सुनिश्चित करेंगी कि ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर पर चलने वाली मेट्रो ट्रेनें पूरी तरह सुरक्षित, विश्वसनीय और परिचालन के लिए उपयुक्त रहें। डिपो में भी पर्यावरण-अनुकूल उपाय अपनाए जाएंगे। साफ पानी और रिसाइकिल पानी के लिए अलग-अलग पाइपलाइनें होंगी। वॉशरूम, किचन और सफाई गतिविधियों से निकलने वाले 'ग्रे वाटर' के उपचार के लिए। ट्रेन धोने और रखरखाव गतिविधियों से निकलने वाले वेस्टवाटर जल के उपचार के लिए। भूमि के उपयोग और ऊर्जा की खपत को अनुकूलित करने के लिए, एसटीपी और ईटीपी को एक सिंगल इंटीग्रेटेड यूनिट में जोड़ा जाएगा, जिससे डिपो के भीतर पानी का कुशल उपचार और पुनरुपयोग संभव हो सकेगा। यह डिपो एक व्यापक वॉटर स्टोरेज सिस्टम से भी समर्थित होगा, जो ट्रांसपोर्ट नगर डिपो में पहले से कार्यरत प्रणाली के समान है। इसमें विभिन्न आंतरिक स्त्रोतों से पानी इकट्ठा करने के लिए 'रॉ वॉटर टैंक', दैनिक परिचालन आवश्यकताओं के लिए 'डोमेस्टिक वॉटर टैंक' और आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त क्षमता वाले समर्पित 'फायर वॉटर टैंक' शामिल हैं।

# सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक आचार्य पदों के लिए आयोजित लिखित पुनर्परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, जहां अभ्यर्थी अपना परिणाम देख सकते हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 33 विषयों के कुल 910 पदों के सापेक्ष 18 एवं 19 अप्रैल को लिखित पुनर्परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें 39,192 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। लिखित परीक्षा के आधार पर 33 विषयों के लिए साक्षात्कार के लिए औपबंधिक रूप से कुल 3,155 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। यह परीक्षा परिणाम उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन वादों में पारित आदेशों के अधीन रहेगा। आयोग न्यायालयों के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन करते हुए भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है।

# 50 से अधिक चालान न भरने पर वाहन होगा सीज

**लखनऊ।** वाहनों पर 50 या इससे अधिक चालान हैं, उन्हें जमा नहीं किया गया है तो वे सीज किए जाएंगे। ड्राइविंग लाइसेंस तक निरस्त किए जाएंगे। जिन पर एक से 10 चालान लंबित हैं, उनके वाहन मालिकों के ड्राइविंग लाइसेंस व पंजीकरण निरस्त किए जाएंगे। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि चालान होने के बावजूद वाहन मालिक उसे जमा नहीं करते हैं। पिछले 10 महीने में 12 लाख चालान हुए, जिनमें से मात्र 23 हजार ने ही जुमार्ना भरा है। इस स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस ने 654 ऐसे वाहन चिह्नित किए हैं, जिन पर 11 से 50 चालान बाकी है। 10,648 वाहन ऐसे हैं। जिन पर एक से लेकर 10 चालान हैं। इसमें दो व चार पहिया दोनों वाहन हैं।

# बस में साफ-सफाई नही तो फोटो परिवहन निगम को भेजे

**लखनऊ।** लम्बी दूरी की बसों में साफ-सफाई नही तो यात्री अपने फोन से फोटो लेकर परिवहन निगम के वॉटसअप नम्बर 9415049606 पर फोटो भेजकर शिकायत कर सकता है। फोटो आते ही परिवहन निगम के अधिकारी सख्त कदम उठाते हुए चालक और परिचालक से जबाब तलब करेगें। निगम के एक अधिकारी का कहना है कि बसों में गंदगी कि शिकायत बार-बार आने के बाद यह नम्बर जारी किया जा रहा है। बस में साफ-सफाई हमेशा रहे इसके लिए परिवहन मंत्री बस के अन्दर जाकर औचक निरिक्षण कर रहे है। लेकिन फिर भी बस के अन्दर गंदगी मिल रही है। ऐसे में मुख्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि 9415049606 या टोलफ्री नम्बर 18001802877 पर फोन कर शिकायत कर सकता है। इसके लिए समय सीमा भी तय कर दिया गया है।

# जनगणना में सहयोग न करने पर होगी कार्रवाई : मुख्य सचिव

**लखनऊ।** मुख्य सचिव एसपी गोयल ने फरुर्खाबाद, गाजियाबाद, कौशांबी, झांसी, लखनऊ, गोंडा व गौतमबुद्धनगर जिलों में जनगणना काम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जनगणना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी स्वीकार नहीं होगी। इस काम में सहयोग न करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध जनगणना अधिनियम के तहत नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। मुख्य सचिव ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जनगणना की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान डीएम व नगर आयुक्तों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा रोजाना जनगणना कार्य समीक्षा की जा रही है। जनगणना के पहले चरण में मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन) का काम निर्धारित समयसीमा में पूरा कराया जाए।

# समुद्र की गहराई में टाइटन का गिनीज रिकॉर्ड

**लखनऊ।** टाइटन वॉचेज ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। कंपनी ने 52.1 मीटर की गहराई पर पानी के भीतर अब तक का सबसे गहरा प्रोडक्ट फोटोशूट पूरा किया। यह रिकॉर्ड थाईलैंड के फुकेत स्थित राचा नोई द्वीप के खुले समुद्र में दर्ज किया गया। इस अभियान में पाँच प्रमाणित तकनीकी गोताखोरों की टीम ने भाग लिया। लगभग 20 मिनट की समय-सीमा के भीतर 52.1 मीटर की गहराई तक पहुंचकर यह असाधारण फोटोशूट सफलतापूर्वक पूरा किया। शुरूआत में टीम ने सात मिनट के भीतर 50 मीटर की गहराई हासिल की, जिसके बाद अंतिम रिकॉर्ड स्थापित किया गया।

# विद्युत विकास कार्यों की थर्ड पार्टी जांच हो गयी हवा हवाई

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पावर कारपोरेशन अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि विद्युत संबंधी ढांचागत विकास के लिये किये जाने वाले सभी कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये थर्ड पार्टी निरीक्षण कराया जाएगा। इसमें प्रतिष्ठित संस्थायें लगायी गयी हैं। कार्यों की गुणवत्ता में जीरो टॉलरेंस की नीति रहेगी। जो नियमानुसार अनुमन्य है वो कार्य उसी के अनुरूप होना चाहिए। जहां कहीं कमियां पाई जाएंगी वहां जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। वे बुधवार को विद्युत कार्यों के थर्ड पार्टी निरीक्षण में लगाई गई एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ शक्ति भवन में समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कार्य की विधिवत जांच कर ली जाए। कार्य के उपरांत प्राप्त पुरानी सामग्री की वापसी संबंधित भंडार केन्द्र को किया जाना सुनिश्चित किया जाए। इस सामग्री को भंडार केन्द्रों पर अलग चिन्हित स्थान पर रखने की व्यवस्था की जाये। थर्ड पार्टी द्वारा पाई गयी कमियों का प्रस्तुतीकरण (फोटोग्राफ सहित) डिस्कॉम मुख्यालय पर कराया जाए। थर्ड पार्टी द्वारा दी गयी न्यूनतम 100 रिपोर्टों का अध्ययन प्रबंध निदेशक (डिस्कॉम) द्वारा डिस्कॉम मुख्यालय के संबंधित अधिकारियों एवं निदेशक (तकनीकी) के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि जिनमें गुणवत्ता में कमी पाई जाए उन क्षेत्र के अधिकारियों यथा मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता से स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये।

**थर्ड पार्टी जांच को अधिकारियों ने रोका :** लाखो रुपये खर्चकर बिजली विभाग में किये गये टेंडर और कार्य में गुणवत्ता की जांच के लिए थर्ड पार्टी जांच का निर्देश चेयरमैन ने दिया था जिसकी रिपोर्ट एक माह के अन्दर देना था लेकिन कुछ अधिकारियों ने इसको कागजों पर कराकर मामले को दबा दिया। अब ऐसे में कई जगह के कार्यो में किये गये हेराफेरी के मामले को भी दबा दिया गया है। अब देखना होगा कि क्या इस मामले में चेयरमैन फिर संज्ञान लेकर कोई कार्रवाई करेगें या नही।

# बिजली संविदाकर्मियों को ईएसआई का लाभ मिलेगा जल्द, योजना तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन प्रबंधन ने बिजली कंपनियों में आउटसोर्स पर कार्यरत करीब 80 हजार संविदा कर्मियों को ईएसआईसी की सेवाएं व लाभ नहीं मिल पाने को गंभीरता से लिया है। यूपीपीसीएल प्रबंधन के संज्ञान में आया है कि विद्युत दुर्घटना में घायल, अपंगता तथा संविदाकर्मी की मृत्यु होने ईएसआईसी द्वारा दी जाने वाली चिकित्सा सुविधा और अन्य लाभ कार्मिक अथवा उसके परिवार को नहीं मिल पा रहे हैं। आउटसोर्स एजेंसियों द्वारा ईएसआईसी के प्राविधानों का समय से अनुपालन नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण विद्युत दुर्घटनाएं होने पर यूपीपीसीएल स्तर से क्षतिपूर्ति भुगतान की मांग की जाती है। आउटसोर्स (संविदा) कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ईएसआई पोर्टल पर अपना विवरण, आश्रितों का विवरण, डिस्पेंसरी, अंशदानों का विवरण, हेल्थ रिकार्ड, ई-पहचान कार्ड, चिकित्सा प्रतिपूर्ति विवरण आदि प्राप्त कर सकते हैं। जिसके आधार पर वे चिकित्सीय लाभ पा सकते हैं।

# बहुजन निर्बल वर्ग समिति की जमीनों की जांच ने पकड़ी गति

- हाईकोर्ट के आदेश पर विजिलेंस ने एलडीए से मांगा 8 साल का रिकॉर्ड

**लखनऊ।** बहुजन निर्बल वर्ग सहकारी गृह निर्माण समिति लिमिटेड की जमीनों और विकास शुल्क से जुड़े मामले में जांच ने रफ्तार पकड़ ली है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर विवेचना कर रहे उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान (विजिलेंस) ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) से वर्ष 2016 से 2024 तक का विस्तृत रिकॉर्ड तलब किया है। जांच एजेंसी ने विकास शुल्क जमा होने, नक्शों की स्वीकृति, अवैध निर्माण और जिम्मेदार अधिकारियों से जुड़ी जानकारियां मांगी हैं।

मामला थाना गाजीपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 295/2025 से जुड़ा है। हाईकोर्ट ने 17 सितंबर 2025 को इस प्रकरण की जांच सतर्कता अधिष्ठान को सौंपते हुए प्रगति आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विजिलेंस टीम मामले की विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि समिति ने अपने सदस्यों और भूखंड धारकों से विकास शुल्क वसूला था। अब विजिलेंस यह पता लगाने में जुटी है कि यह राशि वास्तव में एलडीए में जमा कराई गई या नहीं। जांच एजेंसी का मानना है कि विकास शुल्क का विवरण पूरे मामले की कड़ी जोड़ने में अहम भूमिका निभा सकता है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में पहले भी एलडीए से जानकारी मांगी गई थी, लेकिन अर्जन विभाग की ओर से उपलब्ध कराई गई सूचना से जांच एजेंसी संतुष्ट नहीं हुई। विजिलेंस ने अपने पत्र में कहा है कि हाईकोर्ट में दाखिल की जाने वाली प्रगति रिपोर्ट में विकास शुल्क का विवरण महत्वपूर्ण बिंदु है, इसलिए एलडीए के रिकॉर्ड के आधार पर स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जो जानकारी मांगी गई कि उनमें समिति से संबंधित कितनी जमीनों पर विकास शुल्क जमा है, उसका संपत्तिवार और तिथिवार विवरण उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जिन भूखंडों के मानचित्र स्वीकृत किए गए हैं, उनकी जानकारी भी दी जाए। वर्ष 2016 से 2024 के बीच समिति से जुड़ी जमीनों के कितने नक्शे और मानचित्र स्वीकृत किए गए, उसका पूरा रिकॉर्ड उपलब्ध कराया जाए। यदि समिति की जमीनों पर बिना स्वीकृत नक्शे के निर्माण कार्य हुआ है तो उसके खिलाफ एलडीए ने क्या कार्रवाई की, इसकी विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। वर्ष 2016 से 2024 तक इस कार्य से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम, पद, वर्तमान तैनाती और संपर्क विवरण उपलब्ध कराए जाएं, ताकि आवश्यक होने पर उनके बयान दर्ज किए जा सकें। विजिलेंस ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक अभिलेखों के साथ जांच में सहयोग करने के लिए उपस्थित कराया जाए।

# गुणवत्ता आधारित शिक्षा और अनुसंधान को मजबूत बनाने पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में मंगलवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। इसके अतिरिक्त मुख्य तौर पर डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू, कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, आईक्यूएसी के बाहरी सदस्य अतुल कुमार दुबे एवं आईक्यूएसी निदेशक प्रो. शिल्पी वर्मा उपस्थित रहीं। बैठक में प्रस्तुत विभिन्न प्रस्तावों, विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली एवं अभिलेखों, वैश्विक रैंकिंग एवं आंकड़ों तथा शैक्षणिक और अनुसंधान वातावरण को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे प्रमुख प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की गई।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने चर्चा के दौरान विश्वविद्यालय में आउटकम आधारित शिक्षा तथा अनुसंधान एवं विकास को



और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी नीतियों के निर्माण की आवश्यकता है जो पाठ्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधियों, सामाजिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों तथा भावनात्मक बुद्धिमत्ता के विकास को प्रोत्साहित करें। इसके लिए एक स्पष्ट दृष्टि एवं लक्ष्य के साथ कार्य करने तथा विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं विश्वविद्यालय से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी हितधारकों के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी समय में पाठ्यक्रम के व्यापक पुनरीक्षण पर विशेष ध्यान देने की बात कही, ताकि उसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, सतत विकास लक्ष्यों एवं आउटकम आधारित शिक्षा के अनुरूप बनाया जा सके। साथ ही शैक्षणिक कार्यों के डिजिटलीकरण, सेल्फ लर्निंग मैटेरियल, ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों को बढ़ावा देने तथा शिक्षकों द्वारा अपने विषयों के व्याख्यान रिकॉर्ड कर विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने का आह्वान किया। प्रो. मित्तल ने समाज और विश्वविद्यालय के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि विद्यार्थियों के माध्यम से अभिभावकों और समाज को जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे, जिससे सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। शोध के संदर्भ में उन्होंने कहा कि अनुसंधान ऐसा होना चाहिए जो समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान में सहायक हो तथा जिसकी सामाजिक और आर्थिक उपयोगिता भी हो। इसके लिए शिक्षकों को विद्यार्थियों को प्रभावी मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप प्रदान करनी चाहिए। विश्वविद्यालय कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्टार्टअप संस्कृति एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नवकल्पना सेक्शन-8 कंपनी की स्थापना की गई है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही पूर्व छात्रों के साथ सुदृढ़ सहभागिता से नवाचार को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ विश्वविद्यालय की सकारात्मक छवि और जनविश्वास को भी और अधिक सशक्त बनाया जा सकेगा। आईक्यूएसी निदेशक प्रो. शिल्पी वर्मा ने बैठक के दौरान आईक्यूएसी द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं पहलों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वविद्यालय में समर्थ पोर्टल के माध्यम से डिजिटल गवर्नेंस को सुदृढ़ बनाने तथा विभिन्न सक्रिय मॉड्यूलों के प्रभावी संचालन की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित विभिन्न रणनीतिक बैठकों एवं गुणवत्ता संवर्धन संबंधी गतिविधियों का उल्लेख किया।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने भी विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान एवं प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए।

# राजेश्वर सिंह का सामुदायिक विकास मॉडल बना सरोजनीनगर की नयी पहचान

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) आधारित सामुदायिक विकास को नई दिशा देते हुए विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल पर क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल और हरित ऊर्जा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अभियान के तहत अब तक 106 ओपन एयर जिम, 62 आरडब्ल्यूए में सामुदायिक पुस्तकालय, 50 खेल किट का वितरण तथा 8 कम्युनिटी सोलर प्लांट स्थापित किए जा चुके हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य आवासीय सोसायटियों को केवल रहने का स्थान न बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में विकसित करना है। डॉ. राजेश्वर सिंह की इस पहल में सीएसआर, लखनऊ विकास प्राधिकरण और विधायक निधि का समन्वित उपयोग किया गया है। इसके माध्यम से न केवल बुनियादी सुविधाएं विकसित की गई हैं, बल्कि बच्चों और युवाओं के लिए शिक्षा व कौशल विकास के अवसर भी बढ़ाए गए हैं। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सरोजनीनगर में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं, जहां सौर ऊर्जा आधारित परियोजनाओं के जरिए हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र को पर्यावरण-अनुकूल और भविष्य के लिए तैयार बनाना है। स्थानीय नागरिकों का मानना है कि इस मॉडल ने सरोजनीनगर में सामुदायिक जीवन, सामाजिक सहभागिता और आधुनिक सुविधाओं के संतुलन को नई मजबूती दी है।

# 100 नये इंडस्ट्रियल टाउन से औद्योगिक विकास को मिलेगी नयी रफ्तार

**लखनऊ।** भारत आज विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है तथा प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में देश की आर्थिक विकास दर अधिक तेज है। सरकार की दूरदर्शी नीतियों एवं व्यापक आर्थिक सुधारों के परिणामस्वरूप भारत वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनकर उभरा है। देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के रूप में लगभग 95 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ है। यह महत्वपूर्ण बातें मंगलवार को भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग( डीपीआईआईटी) के संयुक्त सचिव जय प्रकाश शिवहरे ने प्रेस कांफ्रेंस में कही।

भारत सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पिकअप भवन में एफडीआई एवं निवेश प्रोत्साहन विषय पर डीपीआईआईटी के संयुक्त सचिव जय प्रकाश शिवहरे ने कहा कि भारत आज विश्व की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है तथा प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में देश की आर्थिक विकास दर अधिक तेज है। शिवहरे ने कहा कि सरकार की दूरदर्शी नीतियों एवं व्यापक आर्थिक सुधारों के परिणामस्वरूप भारत वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि देश में



प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के रूप में लगभग 95 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश प्राप्त हुआ है। संयुक्त सचिव ने बताया कि पिछले 12 वर्षों में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बेहतर बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि डीपीआईआईटी की ओर से उद्योगों के लिए प्रक्रियाओं को सरल एवं पारदर्शी बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप देश में निवेश और स्टार्टअप्स का मजबूत इकोसिस्टम विकसित हुआ है। शिवहरे ने कहा कि आज भारत के साथ-साथ दुनिया भर के स्टार्टअप्स के लिए भी देश नई संभावनाओं का केंद्र बन रहा है। कहा कि जन विश्वास 1 और 2 के माध्यम से अनेक नियमों एवं प्रक्रियाओं को सरल बनाया गया, जिससे उद्योगों को बड़ी सुविधा मिली है।

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अब जन विश्वास 3 की दिशा में भी पहल शुरू कर दी गई है, जिससे उद्योगों के लिए और अधिक अनुकूल वातावरण तैयार होगा।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108

# 13.95 लाख के नकली नोट संग तीन गिरफ्तार

## एक के बदले तीन पांच सौ व सौ रुपये के नकली नोट देते थे जालसाज

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मड़ियांव पुलिस ने ऐसे गिरोह का राजफाश किया है जो एक नकली नोट के बदले तीन नकली नोट का सौदा करते थे। इनके कब्जे से पांच सौ और सौ रुपये के 13.95 लाख रुपये के नकली नोट मिले हैं। तीनों आरोपित आजमगढ़ के रहने वाले हैं और एक व्यक्ति के कहने पर रुपयों की खेप लेकर लखनऊ पहुंचे थे। गिरोह का मास्टरमाइंड मंजीत और अन्य आरोपित फरार हैं। इनकी तलाश में टीम जुटी है।

पुलिस उपायुक्त उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि मड़ियांव पुलिस को प्रधान मैरिज लान के पास तीन संदिग्धों के होने की सूचना मिली थी। तीनों संदिग्ध नकली नोटों का व्यापार करते थे। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्रा एक टीम लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपितों को पकड़ा। चेकिंग के दौरान इनके पास से बैग में पुलिस को 13.95 लाख रुपये के नकली नोट मिले। जिसमें पांच सौ रुपये के 1402 नोट (14 गड्डी) और सौ रुपये के 6946 नोट (70 गड्डी), एक मोबाइल फोन बरामद हुआ।

पूछताछ में इनकी पहचान आजमगढ़ के जहानागंज निवासी आलोक सिंह, मुबारकपुर के रामपुर मुबारक पट्टी निवासी सोनू गौंड उर्फ गोलू, सिधारी के सारगढ़ निवासी बृजेश विश्वकर्मा के रूप में हुई। आलोक और बृजेश निजी कंपनी में नौकरी कर लोगों को बैंक से लोन दिलाने का काम करते हैं जबकि सोनू आजमगढ़ में चाय की दुकान चलाता है। पूछताछ में तीनों ने बताया कि आजमगढ़ निवासी गैंग का सरगना मंजीत और उसका साथी संतोष अभी फरार हैं। मंजीत ने ही नकली नोटों की खेप लखनऊ में एक व्यक्ति को देने की बात कही थी।

मंगलवार को तीनों रुपये लेकर लखनऊ पहुंचे और घैला पुल के पास रुपये देने के लिए अज्ञात व्यक्ति का इंतजार कर रहे थे। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित एक प्रतिशत असली रकम लेकर तीन प्रतिशत नकली करंसी बेचते थे। मड़ियांव पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीनों को जेल भेज दिया। मास्टरमाइंड समेत इनके अन्य साथियों की तलाश जारी है। नकली नोट देने वाले मंजीत की तलाश में दबिश जारी है।

## सड़क दुर्घटना में युवती की मौत

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में नर्सिंग विभाग में कार्यरत महिला की मौत हो गयी। महिला पर मौरंग लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस का कहना है कि मंगलवार को सुबह करीब 8:30 बजे साधना पुत्री राम विशुन (26) निवासी पनापुर कलां लगलेसरा, जनपद उन्नाव 'विकल्प अस्पताल में नर्सिंग विभाग में कार्यरत थीं। शिफ्ट परिवर्तन के बाद पैदल अपने घर जा रही थीं। उसी दौरान जॉगर्स चौराहे पर सड़क पार करते समय मौरंग लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली उस पर पलट गयी, जिससे उसके सिर व पैरों में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें बाहर निकालकर उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका का शव अस्पताल में सुरक्षित रखा गया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पुलिस भर्ती परीक्षा देकर कानपुर से लौट रहे पुत्र व पिता की मौत मामले में रिपोर्ट दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार शाम दर्दनाक सड़क हादसे में पुलिस भर्ती परीक्षा देकर कानपुर से लौट रहे युवक और उसके पिता की मौत के मामले में परिजनों ने डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताते चलें कि इटौंजा थाना क्षेत्र के भगौता पुर निवासी पान की दुकान चलाने वाले कमलेश त्रिवेदी (55) सोमवार को बाइक से अपने बेटे अखिल त्रिवेदी (21) को बाइक से उत्तर प्रदेश पुलिस की परीक्षा दिलाने कानपुर गए थे। जहां से दोनों बाप बेटे शाम करीब 7 बजे बाइक से वापस लौट रहे थे।

बंथरा थाना क्षेत्र में कानपुर रोड स्थित आजाद गेस्ट हाउस के पास पीछे से आ रहे डंपर ने दोनों को रौंद दिया था। जिससे दोनों बाप बेटों की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतकों के परिवार के सजल त्रिवेदी ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके बाबा कमलेश कुमार त्रिवेदी और चाचा अखिल त्रिवेदी जब कानपुर से लखनऊ वापस आ रहे थे। तभी शाम करीब सात बजे बंथरा क्षेत्र में डम्पर (एमपी-41-जीए-0511) के चालक ने लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। फिलहाल सजल की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस डंपर के नंबर के आधार पर उसके चालक की पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## सड़क हादसे मे बुनुर्ग की मौत मामले मे भाई ने दर्ज कराया चालक के खिलाफ मुकदमा

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में हुई बुजुर्ग की मौत मामले में मृतक के छोटे भाई ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताते चलें कि बंथरा के खसरवारा निवासी संतराम (60) सोमवार दोपहर करीब तीन बजे गांव के बाहर उम्मेद खेड़ा - खसरवारा खड़ंजा मार्ग के किनारे पेड़ के नीचे छाया में बैठे थे। तभी मुर्गी दाना फैक्ट्री जा रहे ट्रक की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई थी इस मामले में मृतक के छोटे भाई रामचंदर ने बंथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके बड़े भाई संतराम सोमवार दोपहर अपने घर से थोड़ी दूर गांव के ही युवक रानू के साथ मुर्गी दाना कंपनी भौगनी एग्रोटेक प्राइवेट लिमिटेड के सामने से पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान कंपनी परिसर की ओर जा रहे 10 चक्का कंटेनर (ल्हएचआर-38 एएल-4336) के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए दोनों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। संतराम को गंभीर हालत में पुलिस की मदद से सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## पुलिस परीक्षा : अभ्यर्थी ओएमआर कॉपी की तीनों प्रतियां लेकर भागा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में शामिल हुआ अभ्यर्थी ओएमआर कॉपी की तीनों प्रतियां लेकर भाग निकला। परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक ने आरोपित अभ्यर्थी के खिलाफ सोमवार देर शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। नाका इलाके में स्थित परीक्षा केंद्र खालसा इंटर कॉलेज के रूम नंबर 18सी में पवन जाटव 3 से 5 बजे तक द्वितीय पाली में सम्मलित हुआ था। आरोप है कि अभ्यर्थी ओएमआर कॉपी की मूल, बोर्ड और स्वंय की प्रतियां लेकर भाग निकला। कक्ष निरीक्षक अजय कुमार और रश्मि ने अभ्यर्थी को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला। इस पर केंद्र व्यवस्थापक ने आरोपित के खिलाफ नामजद और अनुक्रमांक के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## महिला ने ससुरालीजनों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

**लखनऊ।** वजीरगंज क्षेत्र में महिला ने पति और ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। आरोपितों ने महिला को सिगरेट से दागा और उस पर लोहे की रॉड से हमला किया। पीड़िता ने सोमवार शाम रिपोर्ट दर्ज कराई है। बलरामपुर हॉस्पिटल में तैनात वाहन चालक संतोष सिंह की पत्नी मोनिका सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका विवाह 14 फरवरी 2020 को हुआ था। शादी के बाद से ही पति, सास मुन्नी देवी, देवर पवन, ननद उर्मिला दहेज की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। इस बीच पीड़िता के पिता जगदीश सिंह की मृत्यु हो गई। मां का पूर्व में देहांत हो चुका है। आरोपित पति ने पीड़िता को सिगरेट से दागा और ससुरालीजनों ने लोहे की रॉड से वार किया। आरोप है कि पीड़िता जेवर छीन लिए। पति तलाक का जबरन दबाव बना रहा है। पीड़िता ने आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## घर लौट रही सेल्स गर्ल्स को युवक ने दबोचा

**लखनऊ।** कैसरबाग इलाके में शो-रूम से घर लौट रही सेल्सगर्ल को अंजान युवक ने रविवार रात दबोच लिया। आरोपित ने युवती के साथ अश्लील हरकतें की। पुलिस ने आरोपित फुरकान को गिरफ्तार कर लिया है। कैसरबाग इलाके में रहने वाली युवती घर के पास ही स्थित साड़ी के शो-रूम में सेल्सगर्ल है। पुलिस को दी तहरीर में युवती ने बताया कि रविवार रात शो-रूम बंद होने के बाद वह करीब 9:30 बजे पैदल घर जा रही थी। शो-रूम से कुछ ही दूरी पर अंजान युवक ने उसे दबोच लिया। चीख सुनकर मौके पर मौजूद लोगों ने युवती को आरोपित के चंगुल से बचाया। स्थानीय लोगों की सूचना पर कैसरबाग थाने की फोर्स मौके पर पहुंच गई। आरोपित युवक को लोगों ने पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पीड़ित युवती ने आरोपित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## जहरीला पदार्थ खाने से आठ बकरियां मरीं

**लखनऊ।** माल क्षेत्र के गांगन बरौली मजरे निवासी महिला राजकुमारी का आरोप है कि उसके गांव के निवासी फूलचंद, मिंटू, गुड्डू गोलू और राजकुमारी मेरे परिवार से नाराजगी मानते हैं। जिससे उन्होंने अपनी नर्सरी में कटाई छटाई की गयी। पत्तियां अपने घर के पास गड्ढे में डाल दीं और उनके ऊपर कोई जहरीला पदार्थ छिड़क दिया। जिससे तीन दिन में मेरी आठ बकरियों की मौत हो गयी। महिला ने माल थाने पर लिखित शिकायत देकर न्याय की मांग की है।

## तीन के खातों से उड़ाये 11.34 लाख

**लखनऊ।** राजधानी में साइबर जालसाज लगातार लोगों की गाढ़ी कमाई लूट रहे हैं। जालसाजों ने भाजपा विधायक के गनर (सिपाही) समेत तीन लोगों के खातों से करीब 11.34 लाख रुपये पार कर दिए। कहीं जालसाज ने लिंक भेजकर फंसाया तो कहीं मोबाइल हैक कर ठगी की। सुशांत गोल्फ सिटी के ओमेक्स वॉटर स्कैप निवासी 50 वर्षीय ज्ञानेंद्र कुमार राय का खाता एचडीएफसी बैंक खाते से दो बार में 10 लाख रुपये निकल गए हैं। वहीं, मूल रूप से शामली निवासी सिपाही राउफूल हसन वर्तमान में नगीना विधायक मनोज कुमार पारस का गनर के खाते से जालसाज ने खाते से 98 हजार रुपये पार कर दिए। उधर, जानकीपुरम के सीता विहार कॉलोनी निवासी इंजीनियरिंग छात्र सुनील कुमार राठौर ने बताया कि उसका स्कॉलरशिप का खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में जालसाज ने बातों में फंसाकर 35,500 रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित ने जानकीपुरम थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## युवती ने लिव इन पार्टनर पर दर्ज कराया मुकदमा

**लखनऊ।** बंथरा थाने में एक युवती ने अपने पूर्व लिव-इन पार्टनर पर ब्लैकमेल करने, मानसिक उत्पीड़न करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक गाजीपुर जिले के जमानियां थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती का कहना है कि वह मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले में रहने वाले लोकेन्द्र रावत उर्फ राहुल रावत के साथ करीब एक वर्ष से रह रही थी। आरोप है कि कुछ समय पहले दोनों के बीच संबंध समाप्त हो गए, जिसके बाद राहुल रावत उसे लगातार परेशान कर रहा है। युवती का आरोप है कि आरोपी उसे ब्लैकमेल करने के साथ उसकी निजी फोटो सोशल मीडिया और विभिन्न ग्रुपों में वायरल करने की धमकी दे रहा है।

**सूचना**

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र मो. शमशाद व पुत्रवधू तैय्यबा बानो को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। दिलसाद पुत्र लतीफ निवासी-ग्राम नरैनीपुरवा मजरे दलसराय, थाना रामनगर, बाराबंकी।

**बढ़ई फांसी लगाकर दी जान :** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले एक बढ़ई कारीगर ने सोमवार शाम अपने घर में लगे पंखे के हुक में साड़ी के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर लिया। परिजनों ने जानकारी होने पर युवक को फंदे से उतार इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया जहां जांच के बाद डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## प्रश्न पत्र लीक करने का मैसेज सोशल मीडिया पर किया वायरल

**लखनऊ।** पुलिस भर्ती बोर्ड की परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने का मैसेज सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। प्रश्न पत्र प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों से एक हजार रुपये की मांग की गई। बोर्ड में तैनात इंस्पेक्टर ने इंस्टाग्राम के एक चैनल के खिलाफ सोमवार को हुसैनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नती बोर्ड लखनऊ की तरफ से सिपाही व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा 8 से 10 जून के बीच आयोजित कराई जा रही है। 8 जून को सुबह इंस्टाग्राम पर यूपी पुलिस लीक नाम से चैनल पर भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने का मैसेज वायरल किया गया। 9 और 10 जून को आयोजित परीक्षा का पेपर एक हजार रुपये में अभ्यर्थियों को एक हजार रुपये में उपलब्ध कराने का दावा किया गया है।

# पत्नी का हुआ अंतिम संस्कार पति की भी हो गयी मौत

● पति ने हत्या के बाद खाया था जहरीला पदार्थ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** माल क्षेत्र में बीते सोमवार को पति द्वारा पत्नी मोनिका सिंह की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या किए जाने के बाद शव का पोस्टमार्टम को जाते समय मृतका के मायके वालों ने शव को रोक कर प्रदर्शन करने का असफल प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके वालों की सलाह पर अंतिम संस्कार गुलाला घाट में किया गया, जबकि हत्यारोपी पति जितेंद्र प्रताप सिंह की मंगलवार को इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर में मौत हो गयी।

मोहल्ला आजाद नगर में लोगों ने बताया कि नशेड़ी पति जितेंद्र द्वारा पत्नी की हत्या दोपहर बारह बजे के आस पास की गयी थी जिसकी जानकारी रिटायर हेड मुहर्रिर चंद्रभान सिंह के घर में लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज से साफ देखे जाने की बात बताई जा रही है। जिसमें सीबी सिंह को दोपहर बारह बजे और उसके कुछ देर बाद भी मृतका के आवास में आते जाते देखा जाना बताया जा रहा है।

इससे पता चलता है कि सीबी सिंह ने घटना को लगभग दो घंटे पुलिस से छिपाए रखा, उसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। पड़ोसियों के मुताबिक घटना की कुछ परतें अनसुलझी हैं उनकी तरफ भी पुलिस को तवज्जो देने की जरूरत है। जिससे हत्या के राज से पर्दा उठ सके पति जितेंद्र की करतूत उजागर हो सके।

## डीसीपी ने किया पुलिस चौकी का लोकार्पण

**लखनऊ ।** सरोजनीनगर क्षेत्र स्थित स्कूटर्स इंडिया पुलिस चौकी का नाम परिवर्तित कर अब अशोक लीलैंड पुलिस चौकी कर दिया गया है। मंगलवार को नई पहचान के साथ चौकी का लोकार्पण पुलिस उपायुक्त दक्षिणी अमित आनंद ने किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, उद्योग जगत से जुड़े लोगों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसीपी अमित आनंद ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए लोगों को जागरूक किया।

## युवती को दी धमकी

**लखनऊ।** कोर्ट के आदेश पर एक युवती की ओर से सुशांत गोल्फ सिटी थाने में गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई है। पीड़िता का आरोप है कि उस पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में रहने वाली युवती का आरोप है कि उसने कोर्ट में धारा 156 (3) के तहत अर्जी दाखिल की। पीड़िता का आरोप है कि गोमती नगर विवेक खंड निवासी सुनील दत्त के कहने पर एमार गोमती ग्रीन की नित्या सिंह ने उसे मोबाइल कॉल की। बातचीत के दौरान आरोपी नित्या ने मोबाइल पर ही गालियां दीं। फिर उसे फीनिक्स प्लासियो मॉल पर बुलाया। पीड़िता का आरोप है कि नित्या अपनी बहन अन्नू सिंह के साथ पहुंचीं। उन्होंने पीड़िता और उसके बुजुर्ग माता पिता को जान से मारने की धमकी दी।

## एमएलसी के घर में आग से लाखों की क्षति

**लखनऊ।** हजरतगंज बटलर पैलेस कालोनी में एमएलसी के बेडरूम में मंगलवार दोपहर आग लग गयी। हजरतगंज फायर स्टेशन से मौके पर गयी दमकल के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी क्षति हो चुकी थी। मंगलवार शाम करीब 17.47 बजे फायर स्टेशन हजरतगंज की कंट्रोल में सूचना प्राप्त हुई कि बटलर पैलेस कॉलोनी हजरतगंज में घर में आग लग गई है। इस सूचना पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन में अग्निशमन अधिकारी हजरतगंज रामकुमार रावत 02 फायर टेंडर मय यूनिट घटनास्थल के लिए रवाना हुए घटनास्थल पर पहुंच कर देखा कि आग विनीत सिंह सदस्य विधान परिषद मिजार्पुर/सोनभद्र आवास संख्याः सी-5 बटलर कॉलोनी के भूतल पर बेडरूम में आग लगी जिसको फायर सर्विस यूनिट द्वारा पम्पिगं करके पूर्ण रूप से बुझा दिया गया।

## बिजनौर में युवक ने लगायी फांसी, मौत

**लखनऊ।** बिजनौर थानाक्षेत्र के कासिम खेड़ा निवासी अनिल रावत (36) मजदूरी करता था। वह शराब का आदी था। इसकी वजह से उसकी पत्नी सिया दुलारी करीब 8 वर्ष पहले अपने दो बेटों विशाल, मनीष और एक बेटी रोशनी के साथ अनिल को छोड़कर अपने मायके उन्नाव जिले के शुक्लागंज स्थित सरोवर गांव चली गई और वहीं रहने लगी। अनिल का मंगलवार तक उसका दरवाजा बंद होने के कारण पड़ोसियों को शक हुआ। जिस पर अनिल के बड़े भाई गोपी ने अपनी बेटी को सीढ़ी लगाकर छत के सहारे उसके घर में देखने को कहा। जब वह छत पर गई तो अनिल छत में लगी लोहे की जाल में साड़ी के सहारे लटका मिला।

## बिजली संविदाकर्मी ने दर्ज कराया मुकदमा

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र के खाण्डेदेव गांव निवासी बिजली विभाग में संविदा कर्मी अंकित कुमार ने वादे खेड़ा निवासी सुनील, राहुल, विकास, राहुल और दो अन्य अज्ञात के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंकित कुमार के मुताबिक वह सोमवार रात करीब आठ बजे गांव की एक मोबाइल दुकान पर किसी आवश्यक काम से गया था। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद सुनील, राहुल पुत्र परमेश्वर, राहुल पुत्र खन्ना, विकास पुत्र प्रताप और दो अन्य युवक नशे की हालत में खड़े थे। आरोप है कि सभी ने अपना वर्चस्व कायम करने के लिए अंकित से गाली गलौज करना शुरू कर दिया। अंकित ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया।

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक 24 वर्षीया विवाहिता ने संदिग्ध हालत में घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के गंगा पार निवासी सलमा (24) का करीब 5 वर्ष पहले बंथरा के रहीम नगर पड़ियाना निवासी फेरी लगाकर जूते चप्पल बेचने वाले इरशाद के साथ निकाह हुआ था।

# लविवि कुलपति ने द्वितीय परिसर का किया निरीक्षण

● सुरक्षा, अनुशासन एवं शैक्षणिक विकास पर दिया विशेष बल

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी सैनी ने मंगलवार को विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित विभिन्न संकायों एवं विभागों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागीय समन्वयक तथा कुलानुशासक मण्डल के सदस्य उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एसपी सिंह और संकाय के अंतर्गत संचालित सभी विभागों के समन्वयकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता, उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम, तथा विद्यार्थियों की रोजगारपरकता को बढ़ाने हेतु कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई तथा उन्हें सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। कुलपति प्रो. सैनी ने कहा कि इंजीनियरिंग शिक्षा को वर्तमान औद्योगिक आवश्यकताओं तथा राष्ट्रीय नियामक संस्थाओं के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बनाया जाना समय की मांग है। बैठक में कई प्रमुख निर्णय एवं प्रस्ताव लिए गए।

अभियांत्रिकी मे शाखा परिवर्तन की सुविधा वर्तमान तृतीय सेमेस्टर के स्थान पर द्वितीय सेमेस्टर के प्रारंभ में ही उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया, जिससे विद्यार्थियों को शीघ्र अवसर प्राप्त हो सके। 8वें सेमेस्टर में ज्यादा लचीलापन लाने के लिए एक प्रस्ताव पर चर्चा की गई। इसके तहत, उन छात्रों को छह महीने की फुल-टाइम इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग करने की अनुमति दी जाएगी, जिन्हें नामी मल्टीनेशनल कंपनियों, राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों, रिसर्च संगठनों या तय मानदंडों को पूरा करने वाले अन्य मंजूरशुदा संगठनों में अच्छी क्वालिटी की इंटर्नशिप मिलती है।

**सिलेबस संशोधन समिति का गठन :** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय में पाठ्यक्रम संशोधन के लिए समिति का गठन किया गया है। यह समिति विभिन्न विभागों के समन्वयकों एवं विशेषज्ञों के सहयोग से कार्य करेगी। इसमें डीन, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय अध्यक्ष, कुलपति द्वारा नामित एक विशेषज्ञ सदस्य, समन्वयक, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग सदस्य, समन्वयक, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग सदस्य, समन्वयक, सिविल इंजीनियरिंग विभाग सदस्य, समन्वयक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग सदस्य और समन्वयक, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग सदस्य हैं।

**प्रस्तावित बहुमंजिली नवीन भवन के निर्माण के लिए चिन्हित स्थल का निरीक्षण :** इसके बाद कुलपति ने विधि संकाय के प्रस्तावित बहुमंजिली नवीन भवन के निर्माण के लिए चिन्हित स्थल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. आरके वर्मा सहित संकाय के अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

## सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित, 3155 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सफल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा सहायक आचार्य पदों के लिए आयोजित लिखित पुनर्परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है, जहां अभ्यर्थी अपना परिणाम देख सकते हैं।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 33 विषयों के कुल 910 पदों के सापेक्ष 18 एवं 19 अप्रैल को लिखित पुनर्परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें 39,192 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। लिखित परीक्षा के आधार पर 33 विषयों के लिए साक्षात्कार के लिए कुल 3,155 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है। आयोग में वर्तमान में प्रवक्ता संवर्ग (पीजीटी) के साक्षात्कार, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा परिणाम की तैयारी तथा यूपीटीईटी परीक्षा की व्यवस्थाओं के कारण सहायक आचार्य भर्ती के साक्षात्कार कार्यक्रम की विषयवार एवं श्रेणीवार तिथियां तथा आवश्यक दिशा-निर्देश मध्य जुलाई तक आयोग की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

# जिज्ञासा ही जीवन है : डॉ. जीके गोस्वामी

● प्रांतीय सिविल सेवा के अधिकारियों ने यूपीएसआईएफएस का किया परिभ्रमण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में मंगलवार को डॉ राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी में प्रशिक्षणरत प्रान्तीय सिविल सेवा (स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, राज्य कर विभाग तथा कोषागार विभाग) के 48 अधिकारियों ने परिभ्रमण किया। जिन्हें संस्थान के विषय विशेषज्ञों द्वारा साइबर एवं फोरेंसिक विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षु अधिकारियों ने ड्रोन तथा डीएनए लैब के कार्य और बारिकियों को भी समझा।

इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ जीके गोस्वामी ने सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियो को संबोधित करते हुए कहा कि यह संस्थान वर्तमान में साइबर सुरक्षा तथा फोरेंसिक विषय में विभिन्न संस्थानों को तकनीकी दक्षता आज निपुण कर रहा है। उन्होंने साक्ष्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी केस में साक्ष्य ही अपराधी को सजा तक पहुंचाता है।

उन्होंने कहा कि अभी आप लोगों का प्रशिक्षण का काल है जितना जिज्ञासु होगें उतना ही नई-नई चीजों को सीख पायेगें क्योंकि जिज्ञासा ही जीवन है। उन्होंने कहा कि साइबर युग में अपराध के आयाम बदल रहे हैं पहले फिजीकल दुनियां में अपराध होते थे लेकिन अब डिजीटल दुनियां में अपराध हो रहे है ऐसे में तकनीक के बारे मे हम सभी को अधिक से अधिक जानकारी रखनी होगी।

कार्यक्रम के अंत में उप निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव ने सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक हेमराज मीना, उप निदेशक चिरंजीब मुखर्जी, अतुल यादव, फैकल्टी डॉ. मनीष राय, डॉ पलक, उप निरीक्षक आर शैलेन्द्र सिंह एवं कार्तिकेय सहित अन्य उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओरसे वरि० मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समाडि/को०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु बिड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।, **निविदासूचना संख्या एवं कार्यकानामः निविदा सूचना संख्या – 23–2026–CW** 'सप्लाई एंड फिटमेंट ऑफ एफ क्लैम्प, यू क्लैम्प एंड एस एस केज फॉर मोडीफिकेशन ऑफ एस–ट्रैप ऑफ लेवेट्री कमोड्स ऐट जीकेपी, बीएनवाई, एएसएच एंड जीटीएनआर कोचिंग डिपोज इन ए पीरियड ऑफ 06 मन्थ्स'।, **अनुमानितलागत (रू० में):** रू0 65,50,885.43, **अग्रिम धन (रू0 में):** रू0 1,31,000.00, **निविदा की अवधि – 06 माह,** • ई निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 02.07.2026, 15:00 बजे तक एवं यह ई–निविदा दिनॉक 02.07. 2026 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी।, • इस ई–निविदा से सम्बंधित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्ते, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।, • निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाईट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

वरि. मण्डल यॉत्रिक इंजीनियर/समाडि/स. लखनऊ
मुजाधि/यॉत्रिक–35

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई – टेन्डरिंग) के माध्यम से** "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. (1)** कार्य का नाम : (I) समइं/ छपरा कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत में मौजूदा एलएचएसडब्लू बाक्स की स्थिति में बैरियर के साथ वाटर प्रूफ ज्वाइंट। (II) समई / बलिया कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत मौजूदा एलएचएसडब्लू बाक्स की स्थिति में बैरियर के साथ वाटर प्रूफ ज्वाइंट। (III) थावे – कप्तानगंज अनुभाग में दुदही – कठकुईयाँ के मध्य समपार संख्या 54 किमी० 83/7–8, छपरा – फेफना अनुभाग में छपरा – गौतमस्थान के मध्य समपार सं० 54 किमी० 3/8–9, छपरा – फेफना के मध्य बकुलहाँ – सुरेमनपुर के मध्य समपार सं० 22 एसी किमी० 26/1–2 तथा समपार सं० 23 एसी किमी० 24/9–25/0 पर जलभराव की संभावना वाले सब–वे का बैरियर प्रकार का वाटर प्रूफिंग। (कुल 04 नग)। ई–निविदा सूचना संः एनईआर– बीएसबी–2026–81, अनुमानित लागत (₹) : 4,14,84,484/–, अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी) (₹) : 8,29,700/–, निविदा बन्द होने की तिथि : 30.06.2026, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 10 माह। **क्र.सं. (2)** कार्य का नाम : (I) मइं/ सामान्य / वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत जलजमाव रोकने के लिए एलएसएच का सुधार। (II) मऊ – शाहगंज अनुभाग के मध्य फरिहाँ – सरायमीर के मध्य समपार संख्या 48 किमी० 66/2–3 तथा सरायरानी – फरिहाँ के मध्य मऊ – शाहगंज के मध्य समपार संख्या 39 किमी० 56/181 पर जलभराव की संभावना वाले सब–वे का बैरियर प्रकार का वाटर प्रूफिंग। (कुल 02 नग) ई–निविदा सूचना सं०: एनईआर– बीएसबी–2026–82, अनुमानित लागत (₹) : 2,39,89,045/–, अमानत राशि (बिड सिक्योरिटी) (₹) : 4,79,800/–, निविदा बन्द होने की तिथि : 30.06.2026, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 9 माह। ● निविदा सूचना संख्या एनईआर– बीएसबी–2026–81 से एनईआर– बीएसबी–2026–82 दिनांक 30.06.2026 को 11.30 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०), वाराणसी
मुजाधि/डब्लू– 161

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


बड़े मंगल पर रंग-बिरंगी रोशनी से सजा हनुमान मंदिर


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्तगण


बड़े मंगल के भंडारे में पूजा-अर्चना करतीं महापौर सुषमा खर्कवाल
फोटो-समीर भटनागर

# फूलों से सजे हनुमान दरबार में खूब लगे जयकारे, भक्तों ने बांटा प्रसाद

## ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगल पर हनुमान मंदिरों में उमड़ा आस्था का जन सैलाब, भीषण गर्मी में भी नहीं डिगी आस्था






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगल पर रोशनी से जगमगाते मंदिर व फूलों से सजे हनुमान दरबार में भक्ति रस की खूब बयार बही। शहर के प्रमुख मंदिरों में अलीगंज, हनुमान सेतु, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, पंचमुखी, छुआरे वाला हनुमान मंदिर, समेत शहर के सभी मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ा। जय हनुमान के जयकारे शहर की फिजाओं में गूंजे। अलीगंज समेत कई प्रमुख मंदिरों में महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग से कतारें लगी। मंदिरों में कई श्रद्धालु दंडवती मुद्रा में परिक्रमा करते हुए पहुंचे।

ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगल पर राजधानी लखनऊ के सभी हनुमान मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ आया। हर कोई पवनसुत के दर्शन के लिए आतुर दिखायी दिया। भीषण गर्मी के दौरान आस्था की परीक्षा रही। पूरे साल बड़ा मंगल का इंतजार करने वाले श्रद्धालुओं की आस्था में कमी नजर नहीं आई। मंगलवार की भोर में मंदिरों के कपाट खुलते ही दर्शन-पूजन की आस लिए भक्तों की कतारें सोमवार देर रात से ही लगनी शुरू हो गईं तो शहर के मुख्य बाजारों, गली-चौराहों पर दिनभर भंडारे चले। अलीगंज के नए हनुमान मंदिर में बड़े मंगल के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे।

बड़ा मंगल की शुरूआत इसी हनुमान मंदिर से मानी जाती है और इस दिन मंदिर का स्थापना दिवस भी मनाया जाता है। साथ ही पुराने हनुमान मंदिर, छांछी कुंआ हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु मंदिर, त्रिलोचन हनुमान मंदिर चारबाग, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर हजरतगंज, पंचमुखी हनुमान मंदिर बीरबल साहनी मार्ग, कल्याण गिरि हनुमान मंदिर, छुआरे वाले हनुमान मंदिर, महानगर हनुमान मंदिर, रकाबगंज हनुमान मंदिर, इंदिरानगर सी ब्लॉक हनुमान मंदिर, हाथी वाले बाबा हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों में बड़ा मंगल पर विशेष व्यवस्था रही। बड़ा मंगल पर सड़कों और चौराहों पर दिनभर भंडारे चले। भंडारों का आयोजन करने वाली संस्थाएं और लोग सोमवार सायंकाल से ही इसकी तैयारी करते नजर आए। भंडारों के स्थान पर छाया की व्यवस्था की गई थी फिर भी भीड़ और गर्मी के चलते लोग परेशान नजर आए। भंडारों में प्रसाद स्वरूप विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का वितरण किया गया। पूड़ी-सब्जी के साथ ही लौकी का कोफ्ता, छोला चावल, कढ़ी, बूंदी-बताशे, शरबत, दूध का वितरण किया गया।

**सुख समृद्धि की कामना की:** ज्येष्ठ माह का छठा बड़ा मंगल श्रद्धा और सत्कार के साथ मनाया जा रहा है। शहर भर के मंदिरों में पूरे विधि विधान के साथ बजरंगबली का पूजन और आरती उतारी गई। इसके पूर्व रात 12 बजे से ही भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर मारुतिनंदन के दर्शन के लिए कतार में लग गए। अलीगंज हनुमान मंदिर, हनुमान सेतु आदि बजरंगबली के मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। हनुमान जी को मीठी पूड़ी और बूंदी का भोग लगाया। भक्तों ने हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और बजरंगबाण का पाठ कर सुख समृद्धि की कामना की।

**हनुमान सेतु : बजरंगबली की आरती:** लखनऊ विश्वविद्यालय मार्ग स्थित हनुमान सेतु मंदिर में सुबह बजरंगबली की भव्य आरती हुई। जय श्री राम और पवनसुत हनुमान के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। वहीं अलीगंज स्थित पुराना और नया हनुमान मंदिर में बजरंगबली का भव्य श्रृंगार हुआ। हनुमान जी को सूजी का हलवा, पूड़ी और कद्दू की सब्जी, लड्डू और गुलाबजामुन का भोग लगाया गया। साथ ही बीरबल साहनी मार्ग स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में बजरंगबली को मेवे का भोग लगाकर आरती उतारी गई। वहीं मेडिकईल कॉलेज स्थित छाछी कुआं मंदिरए अमीनाबाद हनुमान मंदिर, हजरतगंज स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिरए चौक स्थित कोतवालेश्वर मंदिर में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंच कर बजरंगबली के दर्शन किए।

**कई कुंतल फूलों से श्रृंगार:** विश्वविद्यालय वाला मार्ग दर्शन के लिए बंद था, जिससे मुख्यमार्ग बाधित नहीं हुआ व आवागमन भी नहीं रोका गया। हनुमान मंदिर सेवा समिति के सचिव दिवाकर त्रिपाठी ने बताया कि सोमवार रात 12 बजे से ही भक्तों ने मंदिर आना शुरू कर दिया था। सुबह गुरुकुल आचार्यों और छात्रों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रों के साथ आराधना की शुरूआत हुई, जिसके बाद महाआरती हुई। इसमें भक्तों ने भी हिस्सा लिया। इस मौके पर केसरी नंदन का कई कुंतल फूलों से श्रृंगार किया गया। एक भक्त ने मंदिर के लिए भव्य मखाने की माला का दान किया।

**लगातार भक्तों ने किए दर्शन:** अलीगंज हनुमान मंदिर में बजरंगबली का भव्य श्रृंगार हुआ। दिन भर में 11 बार चोला बदला गया। सोमवार रात में 12 बजे मंदिर का खुला कपाट मंगलवार रात 12 बजे बंद हुआ। 36 घण्टे लगातार भक्तों ने दर्शन किए। मंदिर के कार्यालय अधीक्षक राकेश दीक्षित ने बताया कि बजरंगबली को 2.5 कुंतल लड्डू, एक हजार कालाजाम, सब्जी- पूड़ी और हलवा का भोग लगाया गया। मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रभु के दरबार पहुंचकर हाजिरी लगाई। मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित भंडारे में तीन तरह की सब्जी- पूड़ी, रायता और बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।

**कोनेश्वर महादेव मंदिर:** चौक स्थित कोनेश्वर महादेव मंदिर में सुबह और शाम बजरंगबली की आरती हुई। सुबह पांच बजे से ही भक्त बजरगंबली के दर्शन के लिए पहुंचने लगे।

बजरंगबली को 101 किलो बूंदी का भोग लगाया गया। कोनेश्वर महादेव प्रबंधक कमेटी के मंत्री अनिल कपूर ने बताया कि मंदिर कमेटी की ओर से मंदिर के बाहर भण्डारे का आयोजन हुआ। सुबह से लेकर शाम तक सब्जी पूड़ी का प्रसाद बांटा गया। शाम को भजन मण्डली की ओर से सुन्दरकाण्ड का पाठ हुआ।

**दक्षिणेश्वर मंदिर में भी दर्शन को उमड़े भक्त:** हजरतगंज में बने दक्षिणोश्वर हनुमान मंदिर में रात से भक्तों के जयकारे गूंजने लगे। बिजली की रंगबिरंगी झालरों से जगमगा रहे मंदिर की छटा देखते ही बन रही थी। भक्तों ने केसरीनंदन को प्रसाद चढ़ाकर उनका आशीर्वाद लिया।

**डॉ नीरज सिंह, अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने विभिन्न भंडारों में की सहभागिता:** छठवें बड़े मंगल के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. नीरज सिंह एवं भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित भंडारों में पहुंचकर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया तथा आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। भाजपा लखनऊ महानगर के मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि सबसे पहले पूरब विधानसभा क्षेत्र में विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव के निवास पर आयोजित भंडारे में सहभागिता की। इसके पश्चात इंदिरा नगर स्थित श्री बालाजी शक्तिपीठ, भूतनाथ में दिलीप श्रीवास्तव द्वारा आयोजित भंडारे में पहुंचे। इसके बाद उन्होंने विंध्यवासिनी गेस्ट हाउस, सर्वोदय नगर, नया कुकरैल पुल, लखनऊ में मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला द्वारा आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और श्रद्धालुओं की सेवा में सहयोग किया।

इसी क्रम में हजरतगंज स्थित यूपी प्रेस क्लब में आयोजित भंडारे तथा होटल एस.एन., खेड़ा पुलिस चौकी के निकट सुरेश चंद्र तिवारी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी सहभागिता की। वहीं कैंट विधानसभा क्षेत्र के रामनगर, आलमबाग में सिद्धार्थ गुप्ता द्वारा आयोजित भंडारे में उपस्थित होकर श्रद्धालुओं को बड़े मंगल की शुभकामनाएं दीं।



## सुंदरकांड पाठ संग बच्चों में बांटा चाउमीन और पिज्जा



लखनऊ। राजधानी के राजाजीपुरम ए ब्लॉक श्रद्धा पार्क में नवयुवक संघ की ओर से विशाल भंडारा आयोजित किया गया। सबसे पहले संगीतमय सुंदरकांड का पाठ हुआ इसके पश्चात पुड़ी सब्जी, बूंदी और ठंडा पानी भक्तों में वितरित किया गया। इसमें खास यह रही कि बच्चों के लिए चाउमीन, मैक्रोनी और पिज्जा का विशेष प्रबंध किया गया था। नवयुवक संघ के कार्यकर्ता नितिन सक्सेना ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन नवयुवक संघ के द्वारा आयोजित है। इसके सभी साथियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहता है। इस आयोजन में अखिलेश पांडे, रमन वर्मा, विपिन आनंद, अभय अस्थाना, आकाश मिश्रा, हर्ष, पीयूष आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।




## राजधानी में कई जगहों पर लगा बड़े मंगल का भंडारा



**लखनऊ।** अलीगंज के पुराने हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों में बजरंगबली का विशेष श्रृंगार व भंडारा आयोजित किया गया। पातालपुरी हनुमान मंदिर में 56 भोग लगा। पूड़ी, सब्जी और शरबत का भंडारा सुबह 11:30 बजे से शुरू हुआ। पंचमुखी हनुमान मंदिर में पूड़ी सब्जी का भंडारा लगा। महानगर गोल चौराहा के पास पूड़ी, सब्जी, बूंदी और रायता बांटा गया। अमीनाबाद बाजार में गड़बड़झाला एसोसिएशन अध्यक्ष प्रियंक गुप्ता की ओर से आइसक्रीम वितरित की गयी। बाबूगंज स्थित भुईयन देवी मंदिर पर भक्तों में गोलगप्पे वितरित किए गये। चौक स्थित गोल दरवाजे पर चौक सराफा एसोसिएशन के संगठन मंत्री अतुल गुप्ता ने बताया कि इस बार छोला चावल, कढ़ी चावल व बूंदी प्रसाद का वितरण किया जायेगा। अलीगंज स्थित साहू एजेंसी के सामने डा. संदीप अग्रवाल द्वारा सब्जीपूड़ी का वितरण किया गया। लेटे हनुमान मंदिर के निकट पक्का पुल पर भंडारा सुबह 10 बजे से पूड़ी-सब्जी, बूंदी, शरबत और शाम को 56 भोग का प्रसाद वितरण किया गया।

**इंदिरा नगर में भंडारा:** लखनऊ। इंदिरा नगर आवासीय महासमिति के महासचिव सुशील कुमार बच्चा ने हुए छठे बड़े मंगल की बधाई देते हुए बताया है कि, इंदिरा नगर में छठे बड़े मंगल दिवस पर मुंशी पुलिया, डी-ब्लॉक, बी- ब्लॉक, सेक्टर- 8 चौराहा, भूतनाथ, ए- ब्लॉक, में खूब भंडारे के आयोजन हुए। भक्त जनों ने बजरंगबली के नारे लगाए और कढ़ी- चावल, बूंदी, पूडी-सब्जी और आइसक्रीम खाई। आवासीय जन कल्याण समिति पटेल नगर योजना में भी भंडारे का आयोजन किया, जो दिन भर चलता रहा। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले सभी पुरुष महिलाओं और बच्चों ने पूडी- सब्जी व बूंदी खाई वहीं दूसरी ओर क्षेत्रीय विधायक ओ.पी. श्रीवास्तव के आवास पर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जो दिन भर चलता रहा। इस क्षेत्र के दर्जनों सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया। सुशील कुमार बच्चा ने सभी भंडारे लगाने वाले आयोजकों से भंडारे के बाद सफाई करने का विशेष अनुरोध किया। इस अवसर पर देवी शरण त्रिपाठी, उमाकांत सिंह, सुनील त्यागी, कैलाश जैन, सुभाष शर्मा, आर. के. उमराव, शेखर श्रीवास्तव, समाजसेवी राजेंद्र प्रसाद, सुनीता श्रीवास्तव, नवीन सिंह, अच्छे लाल वर्मा मौजूद रहे।

**कैथेड्रल स्कूल पर भंडारे का आयोजन:** कैथेड्रल स्कूल एलुमिनाई एसोसिएशन द्वारा आज कैथेड्रल स्कूल हजरतगंज मुख्य द्वार पर स्कूल प्रधानाचार्य फादर पॉल कोररया के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। उक्त अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य फादर रोनाल्ड डिसूजा के साथ साथ एसोसिएशन के अध्यक्ष मो0 शारिक, सचिव गर्वित हलवासिया, ट्रेजरार आलोक श्रीवास्तव सहित संगठन के पदाधिकारी नूपुर सिंह, पुनीत जैसवाल, विशाल सलूजा, सरदार पवनदीप सिंह, देवांश मिश्रा, देवांशु मिश्रा, तुषार गौर, सोमनाथ, अनुभव आलोक आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को पूड़ी सब्जी, कढ़ी चावल आदि प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

## इमेजिन रिसॉर्ट में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



**लखनऊ।** बड़े मंगल के पावन अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष (व्यापार प्रकोष्ठ) रोहित अग्रवाल द्वारा आईएम रोड स्थित इमेजिन रिसोर्ट में भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया तथा भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर रोहित अग्रवाल ने कहा कि बड़ा मंगल केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लखनऊ की साझा संस्कृति, सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का जीवंत उत्सव है। सदियों से यह परंपरा लोगों को जाति, वर्ग और पंथ से ऊपर उठकर मानव सेवा के लिए प्रेरित करती रही है। उन्होंने कहा कि बड़े मंगल का संदेश है कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान, सहयोग और सेवा की भावना पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान इमेजिन रिसोर्ट के निदेशक भारत शेट्टी ने बताया कि यह भंडारा पिछले 36 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा और जनकल्याण की यह परंपरा आने वाली पीढ़ियों को भी समाज के प्रति अपने दायित्वों का बोध कराती रहेगी। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भोजन की विशेष व्यवस्था की गई थी। पूरे आयोजन में भक्ति, सेवा और सद्भाव का वातावरण देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन को लखनऊ की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकजुटता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। जहां सेवा ही साधना बन जाए और जनकल्याण ही धर्म, वहीं बड़े मंगल की परंपरा अपनी वास्तविक सार्थकता प्राप्त करती है।

# रामभक्ति ही राष्ट्रशक्ति का आधार : रामभद्राचार्य

- समापन दिवस पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य की श्रीराम कथा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के समापन अवसर पर पहुंचकर जगद्गुरु रामभद्राचार्य का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा कथा श्रवण किया। सीतापुर रोड स्थित बृज की रसोई परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के विश्राम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज ने नवधा भक्ति के अंतर्गत आने वाले सख्य भाव की विवेचना करते हुए कहा कि सख्य का सामान्य अर्थ मित्रता है किंतु उसका वास्तविक अर्थ भगवान के चरणों में विश्वास है। उन्होंने कहा कि जिसका मन अपने लक्ष्य पर रहता है उसे लक्ष्मण कहते हैं। रावण विदेशी आक्रांता है और सीता भारतीय संस्कृति हैं। यही कारण था कि संस्कृति की रक्षा के लिए समस्त वानर और भालू एकजुट हो गए। रामभद्राचार्य ने ताड़ना का अर्थ शिक्षण बताते हुए शूद्र और नारी से संबंधित प्रचलित चौपाई की व्याख्या की। उन्होंने सभी से सुंदरकाण्ड और हनुमान चालीसा का नियमित पाठ करने का आह्वान करते हुए भारत को अखंड, अजेय और सार्वभौम बनाने का संदेश दिया।

आयोजक मंडल की ओर से विधायक डा. नीरज बोरा, वत्सल बोरा एवं बिन्दू बोरा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य एवं पूर्व मंत्री डा. महेन्द्र सिंह, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, स्टांप एवं न्यायालय शुल्क मंत्री रवीन्द्र जायसवाल, विधान परिषद सदस्य लालजी प्रसाद निर्मल, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, लोक गायिका मालिनी अवस्थी सहित सभी विशिष्ट आगंतुकों का स्वागत किया।

मीडिया प्रभारी डा. एस.के.गोपाल ने बताया कि श्रीश्याम परिवार, मारवाड़ी युवा मंच, सिविल डिफेंस, एकल अभियान, बोरा फाउण्डेशन, इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन, आयोजक संस्था उत्सव तथा व्यवस्था से जुड़े सभी कार्यकताओं का अभिनंदन किया गया। श्रीश्याम परिवार के सौजन्य से आयोजित भण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., सीतापुर**

पत्रांक : 1685/ ई-टेण्डर/2026-27 दिनांक : 01.06.2026

**ई-निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड उ.प्र. लोक निर्माण विभाग, सीतापुर में रजिस्टर्ड मार्ग श्रेणी-ए, बी, सी, डी ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आतंत्रित की जाती है

| क्र. | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि (रु. लाख में) | निविदा शुल्क (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) | कार्य सम्पादन हेतु अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | लहरपुर | विकास खण्ड लहरपुर के विभिन्न ग्रामीण मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.50 | 1.25 | 860.00 | 31.03.2027 | प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि. सीतापुर | अधीक्षण अभियन्ता सीतापुर/ खीरी वृत्त लो.नि.वि. सीतापुर | मुख्य अभि. (म.क्षे.) लो.नि.वि. लखनऊ |
| 2 | लहरपुर | विकास खण्ड लहरपुर/बेहटा के विभिन्न राज्य मार्ग/प्र.जि.मा./अ.जि.मा. मार्गों पर पैच मरम्मत का कार्य। | 12.50 | 1.25 | 860.00 | 31.03.2027 | | | |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 15.06.2026 से 25.06.2026 तक उपलब्ध है जो कि दिनांक 25.06.2026 को समय अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 25.06.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(एम.के. वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि.
सीतापुर

UPID-252346 Date: 09.06.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## हादसे में स्कूटी सवार की मौत

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास सोमवार की रात ट्रक की चपेट आने से एक स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत हो गई है। थाना गौराबादशाहपुर कबीरुद्दीनपुर निवासी 35 वर्षीय स्कूटी सवार रमेश कुमार पुत्र रामदुलार अपनी स्कूटी से खरीदारी के लिए शहर की ओर आ रहे थे कि जैसे ही वह प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास पहुंचे तो सामने से आ रही ट्रक की चपेट में आ गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें 108 एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरो ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मौत खबर सुनते ही पहुंची पुलिस ने मृतक की लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सीएम के आगमन को लेकर की गयी साफ-सफाई

आजमगढ़। श्री गांधी त्रिवेणी स्नातोत्तर पीजी कॉलेज बरदह खेल मैदान पर 13 जून को सीएम योगी आदित्यनाथ के आगमन से पूर्व मंगलवार को ठेकमा एडीओ पंचायत ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने युद्ध स्तर पर साफ-सफाई शुरू कर दी। वे झाड़-झंखाड़ की कटाई, घास की कटाई के साथ कूड़ा कचरा की सफाई कर रहे हैं। इसी के साथ ही बरदह थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, ठेकमा चैकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद पटेल, एसआई दरोगा उमेश यादव, सुरेश मिश्रा के साथ पुलिस कर्मियों ने बरदह बाजार से लेकर मार्टीनगंज सड़क मार्ग के पटरियों पर ठेला, खुमचा वालों को नोटिस देते हुए निर्देश दिया कि वे 13 जून तक सड़क के किनारे कोई वाहन, ठेला, खुमचा नहीं लगाएंगे।

## समता का संदेश देता है भगवान श्रीराम का चरित्र

आजमगढ़। विकास खंड जहानागंज क्षेत्र के शेरपुर कुटी के निकट वीरभद्रपुर हनेवता में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामकृष्ण दास जी महाराज की अध्यक्षता में चल रहे श्री विष्णु महायज्ञ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। काशी के यज्ञाचार्य पं. कपिलदेव शर्मा के नेतृत्व में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधि विधान से यज्ञ कार्य सम्पादित किया जा रहा है। दिन में हवन, पूजन और यज्ञमंडप की परिक्रमा कर श्रद्धालु पुण्य अर्जित कर रहे हैं और देर शाम को रामकथा सुनकर धन्य हो रहे हैं। दिल्ली से पधारे राष्ट्रीय मानस प्रवक्ता कौशल किशोर जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र सुख दुख में समता का संदेश देता है। श्रीराम जी को युवराज पद देने की तैयारी हो गई थी, किंतु मंथरा ने कैकेयी के मन में कुमति का ऐसा बीज बो दिया, जिसके चलते प्रभु श्रीराम को वनवास हो गया। यह समाचार सुनने के बाद श्रीराम को थोड़ा भी कष्ट नहीं हुआ, बल्कि वे प्रसन्न हो गये। कथावाचक ने इसी क्रम में वनवास के प्रसंग का रोचक वर्णन करते हुए अपने संगीतमय प्रवचन से लोगों को भाव विभोर कर दिया। संचालन शम्भूदास ने किया। मुख्य यजमान रमाकांत यादव ने मानस पूजन किया। कार्यक्रम में साहित्यकार पं. सुभाष चन्द्र तिवारी कुन्दन, ग्राम प्रधान विपिन यादव उर्फ कंचन यादव, रणधीर सिंह, सुधीर दास जी महाराज, नवल किशोर द्विवेदी, सुभाष शास्त्री, अजय पाठेय सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

## किसान यूनियन ने किया प्रदर्शन

जौनपुर। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने मंगलवार को मड़ियाहूं तहसील के रामपुर ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक सात सूत्रीय मांग पत्र रामपुर खंड विकास अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन रामपुर एडीओ पंचायत अरुण यादव को सौंपा गया। इस मांग पत्र में प्रमुख रूप से किसानों, मजदूरों और गरीबों को प्रतिमाह 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की मांग शामिल थी। इसके अतिरिक्त, सिधवन औद्योगिक क्षेत्र की नहर की सफाई करवा नदी तक कराने और सभी निजी स्कूलों की किताबों को सस्ता एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने की मांग भी की गई। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सुनील विश्वकर्मा ने की, जबकि संचालन ब्लॉक महामंत्री कमलेश कुमार यादव ने किया। इस दौरान ब्लॉक उपाध्यक्ष कमलेश कुमार, ब्लॉक मंत्री श्रीकांत यादव, संजय यादव, अनिल कुमार सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया आपदा जागरूकता पोस्टर का विमोचन




जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जनपद में आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आपदा जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से होने वाली जनहानि और संपत्ति की क्षति को कम करने के लिए नागरिकों का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आपदा जागरूकता पोस्टरों को जनपद के विद्यालयों, ग्राम पंचायतों, सरकारी उचित दर (राशन) की दुकानों, नगर निकायों, विकास खंडों एवं तहसील परिसरों सहित अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किया जाए। उन्होंने कहा कि पोस्टरों के माध्यम से लोगों को भूकंप, आंधी-तूफान, बाढ़, बिजली गिरने तथा अन्य आपदाओं से बचाव के उपायों, आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें जनसहभागिता भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। जागरूक एवं प्रशिक्षित नागरिक आपदा के समय स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ अन्य लोगों की सहायता कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी ओंकार नाथ, जिला आपदा विशेषज्ञ अरुण यादव, आपदा सहायक शिवमूरत भीमराव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज का किया निरीक्षण



सोनभद्र। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0रमेश कुमार मिश्रा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान मेडिसिन, पैथोलॉजी, एक्स-रे, प्रसव वार्ड, ओपीडी में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर और कर्मचारियों की उपस्थिति का क्रमशः निरीक्षण किये।

मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश कुमार मिश्रा दोपहर 1:30 बजे पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज पहुंचे सबसे पहले ओपीडी में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर सौरभ सिंह सहित सभी कर्मचारियों का उपस्थिति का निरीक्षण किया। इसके बाद मौजूद मरीज, तथा सभी वार्डो का बारी-बारी से निरीक्षण किया, प्रसव वार्ड में मौजूद दिव्या सिंह से जानकारी लेने के बाद पैथोलॉजी में अत्याधुनिक मशीन और कार्य करते हुए कर्मचारियों को देखकर काफी प्रभावित हुए, बावजूद इसके एक्सरे मशीन के टेक्नीशियन मनीष कुमार सिंह ने बताया आपात स्थिति में मरीजों का एक्सरे किया जाता है, जो स्क्रीनिंग के माध्यम से मोबाइल पर वस्तु स्थिति भेजा जाता है मेडिसिन विभाग में अनिल कुमार से दवाइयों की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की, खुद भी एक दो दवाइयां को उठाकर निरीक्षण किया वास्तव में दवाई की तिथि प्रयुक्त करने योग्य है अथवा नहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्य करने वाले डॉक्टर अशोक कुमार, अमित कुमार एवं शिव मूरत मौके पर मौजूद मिले, पैथोलॉजी में विनोद श्रीवास्तव, अंकित द्विवेदी, विनय कुमार, विमलेश पटेल, कृष्ण कुमार कमला वार्ड ब्वॉय मौजूद रहे।

# दूसरे दिन 2,575 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी



जौनपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही की लिखित परीक्षा के दूसरे दिन मंगलवार की दूसरी पाली में 9,480 अभ्यर्थी शामिल हुए।

जिला प्रशासन ने परीक्षा को सकुशल, पारदर्शी और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने की व्यापक तैयारी की थी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक है। जनपद में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां निर्धारित 6 पालियों में कुल 56,880 परीक्षार्थी शामिल होंगे। दूसरे दिन की पहली पाली में 9,480 अभ्यर्थियों में से 6,905 उपस्थित रहे, जबकि 2,575 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा की निगरानी के लिए 21 केंद्र व्यवस्थापक, 21 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 21 स्टैटिक मजिस्ट्रेट सहित लगभग 1,200 कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है।अभ्यर्थियों की तीन स्तरों पर सघन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान उनके जूते-मोजे, बालों में लगे क्लेचर और कान की बालियां भी उतरवाई जा रही हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अनुचित सामग्री को रोका जा सके।पुलिस विभाग को कोचिंग सेंटर संचालकों और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त, विद्युत विभाग के अधिकारियों को 8, 9 और 10 जून को किसी भी प्रकार का अनावश्यक शटडाउन न करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं, ताकि परीक्षा में कोई व्यवधान न हो।

## खेल सुविधाओं के विकास कार्यों के लिए हुई समीक्षा



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सोमवार देर रात्रि कैम्प कार्यालय में जनपद की खेल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं स्पोर्ट्स स्टेडियमों के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में रॉबर्ट्सगंज स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम सहित जनपद के विभिन्न खेल परिसरों में उपलब्ध सुविधाओं, खिलाड़ियों के आवास, प्रशिक्षण व्यवस्थाओं तथा खेल अवसंरचना के विस्तार पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बैडमिंटन हॉल, छात्रावासों के सुदृढ़ीकरण एवं खेल मैदानों के बेहतर रखरखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण एवं आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बैडमिंटन कोर्ट, टेनिस एवं अन्य खेल गतिविधियों के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही खेल परिसरों में स्वच्छता, सुरक्षा, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप प्रत्येक विकासखंड में मिनी स्टेडियम स्थापना हेतु भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कराई जाए। जिन स्थानों पर भूमि उपलब्ध हो चुकी है, वहां निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को भी खेल प्रतिभा निखारने के लिए बेहतर अवसर एवं आधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में कीड़ा अधिकारी शमी मेहनत अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व बगीश कुमार शुक्ला सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## परीक्षा को लेकर जीआरपी ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के मद्देनजर मंगलवार को रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए जीआरपी ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। जीआरपी थानाध्यक्ष नासिर हुसैन के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड टीम के साथ स्टेशन परिसर और ट्रेनों में व्यापक तलाशी अभियान चला। अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन के सभी प्लेटफार्मों, सकुर्लेटिंग एरिया, वाहन स्टैंड तथा यात्री प्रतीक्षालयों की गहन जांच की गई।

डॉग स्क्वायड की सहायता से संदिग्ध वस्तुओं और ज्वलनशील पदार्थों की तलाश की गई। इसके अलावा स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों तथा विभिन्न ट्रेनों में सफर कर रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनके यात्रा संबंधी विवरण की जांच की गई।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

आजमगढ़। जनपद के रानी की सराय थाना क्षेत्र के खलीलाबाद मोहल्ला स्थित यूनियन बैंक के समीप मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में युवक की बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे वह डिवाइडर से जा टकराया। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के रेंदुआ गांव निवासी 25 वर्षीय सुधीर कुमार राजभर मंगलवार को लगभग दो बजे अपनी बाइक से रानी की सराय बाजार की ओर जा रहे थे। जब वह मुख्य मार्ग पर यूनियन बैंक के समीप बने कट के पास पहुंचे, तभी अचानक एक साइकिल सवार सामने आ गया। उसे बचाने के प्रयास में सुधीर की बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वाहन अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के दौरान सुधीर उछलकर डिवाइडर से टकरा गए, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को प्राथमिक उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहां से हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि सुधीर कुमार राजभर दिल्ली में रहकर निजी कार्य करते थे और कुछ दिनों पहले ही घर आए थे। वह चार भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शीतला धाम की अधूरी सड़क बनी परेशानी का सबब



जौनपुर। शीतला धाम चैकिया में श्रद्धालुओं को सीसी सड़क निर्माण के अधूरे कार्य के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग पर आधी सड़क खोदकर बोल्डर डाल दिए गए हैं, जिससे लोगों को पथरीले रास्ते से नंगे पैर गुजरना पड़ रहा है।यह समस्या मां काली मंदिर से शीतला माता मंदिर के प्रवेश द्वार तक फैली हुई है।

सड़क निर्माण कार्य अधूरा छोड़े जाने से श्रद्धालुओं को, विशेषकर गर्मी और धूप में, काफी कठिनाई हो रही है। इसके अतिरिक्त, मंदिर तक पहुंचने वाली एक अन्य गली को भी लगभग बीस दिनों से खोदकर छोड़ दिया गया है। इस कारण मंदिर तक पहुंचने का वैकल्पिक मार्ग भी अवरुद्ध हो गया है, जिससे श्रद्धालुओं की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। सोमवार को मां शीतला का दिन होने के कारण धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान बच्चों और बुजुर्गों को पथरीले और खुदे हुए रास्तों से मंदिर तक पहुंचने में सर्वाधिक कठिनाई हुई। श्रद्धालुओं की समस्याओं को देखते हुए, धाम के मुख्य मार्ग महंगुपुर में विक्की यादव और उनके सहयोगियों ने निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की। इससे भक्तों को कुछ राहत मिली। शीतला चैकिया धाम में पर्यटन विकास के लिए लगभग साढ़े छह करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न कार्य प्रस्तावित हैं। इन कार्यों में मुख्य द्वार, मंदिर बरामदे का सौंदर्याकरण, श्रद्धालुओं के लिए बैठने की जगह, दो नए प्रवेश द्वार, धाम की सड़कों और गलियों को सीसी रोड बनाना तथा नालियों का निर्माण शामिल है।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मनमोहा




जिला संवाददाता

जौनपुर। संस्कार भारती जौनपुर द्वारा आयोजित 20 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कार्यशाला का समापन समारोह नगर स्थित होली चाइल्ड एकेडमी में संपन्न हुआ। कार्यशाला के दौरान बच्चों को चित्रकला, कथक, लोकगीत, नाट्य कला एवं कंटेम्प्रेरी डांस का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। चित्रकला प्रशिक्षक कलाविद रविकांत जायसवाल एवं नवीन विश्वकर्मा द्वारा बच्चों को वाटर कलर, पोस्टर कलर, एक्रिलिक कलर, स्टिल लाइफ एवं आर्ट एंड क्राफ्ट का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए चित्रों एवं क्राफ्ट की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई, जिसकी अतिथियों एवं अभिभावकों ने सराहना की।लोकगीत प्रशिक्षक श्रीमती ज्योति सिन्हा एवं उनके प्रशिक्षुओं ने लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कंटेम्प्रेरी डांस के प्रशिक्षक श्याम राव द्वारा प्रशिक्षित बच्चों ने ह्लमां की ममताह्व एवं ह्लभूत मंडलीह्व नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

नाट्य प्रशिक्षण के प्रशिक्षक अवधेश श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रशिक्षुओं ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति देकर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।कथक प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रशिक्षुओं ने सरस्वती वंदना, तिहाई ताल, हस्तक, नमस्कार, तोड़ा, सादा तोड़ा, चक्करदार तोड़ा, चक्करदार तिहाई, गद्यांश, ऐ गिरिनंदिनी, महिषासुर मर्दिनी तथा महाभारत के द्रौपदी चीरहरण प्रसंग का प्रभावशाली मंचन प्रस्तुत किया। प्रस्तुतियों में तबले पर अवधेश यादव एवं हारमोनियम पर शिवा जी ने अपनी उत्कृष्ट संगत से कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाया।मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (भू एवं राजस्व) अजय अम्बष्ट ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, डॉ. क्षितिज शर्मा एवं डॉ. आलोक यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्रदान करते हैं तथा समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। संचालन आलोक रंजन सिन्हा एवं मयंक नारायण ने संयुक्त रूप से किया।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन



सोनभद्र। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 5 से 21 जून तक संचालित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निदेर्शों के क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सफाई कर्मियों की टीमों द्वारा घर-घर जाकर डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई, नालियों की सफाई तथा स्वच्छता संबंधी जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की गईं। इस विशेष अभियान के तहत लगभग 10 टन कूड़ा एकत्रित कर उसका समुचित निस्तारण कराया गया। ग्राम पंचायतों में स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के लिए व्यापक स्तर पर सफाई कार्य संपादित किया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश पहुंचा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता अभियान को और अधिक व्यापक एवं प्रभावी बनाया जाए तथा प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामूहिक जनआंदोलन है। सभी लोग अपने घर, गांव और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान दें तथा स्वच्छ, सुंदर एवं हरित जनपद के निर्माण में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

## नाबालिग ई-रिक्शा चालकों पर लगाम लगायेंगे

जौनपुर। नाबालिग चालकों द्वारा ई-रिक्शा चलाने से यातायात जाम और दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस ने एक विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत बिना नंबर वाले और फिटनेस फेल ई-रिक्शा पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिले में वर्तमान में लगभग आठ हजार ई-रिक्शा पंजीकृत हैं, और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। शहर में ई-रिक्शा के लिए 16 रूट निर्धारित किए गए हैं, लेकिन चालक अक्सर मनमाने ढंग से वाहन चलाते हैं। किशोरों को यातायात नियमों की जानकारी न होने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है और दुर्घटनाएं होती हैं।नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा से हादसों में वृद्धि हुई है। कई फिटनेस फेल ई-रिक्शा भी सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिससे यात्रियों की जान जोखिम में रहती है। बड़ी संख्या में किशोर भी ई-रिक्शा चला रहे हैं, जो सुरक्षा मानकों का उल्लंघन है।यातायात निरीक्षक (टीआई) मनोज पांडेय ने बताया कि यदि कोई किशोर ई-रिक्शा चलाते हुए पाया जाता है, तो उसका वाहन तत्काल जब्त कर लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पहले भी कई बार चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। लोगों के जीवन से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बताया कि जल्द ही एक व्यापक अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों और फिटनेस फेल ई-रिक्शा पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में एआरटीओ प्रशासन भी यातायात पुलिस का सहयोग करेगा। बिना नंबर वाले ई-रिक्शा की दुर्घटना होने पर उनकी पहचान करना मुश्किल होता है, इसलिए इस नियम का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

## बाइक सवार भाई बहन को मारी टक्कर , हालत गंभीर

मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी गांव के नदनी पेट्रोलपंप के सामने अज्ञात वाहन की टक्कर से मंगलवार दोपहर बाद एक बाइक पर सवार भाई-बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस सेवा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर परिजन उन्हें बेहतर उपचार के लिए अन्यत्र ले गए। चुनार निवासी आयुष सिंह 25 वर्ष अपनी बहन अमृता सिंह 23 वर्ष के साथ बाइक से लालगंज की तरफ से मिजार्पुर जा रहे थे कि तुलसी गांव के नदनी पेट्रोलपंप के सामने किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस सेवा से पेट्रोल कर्मी व ग्रामीणों ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा। वहां उपचार न कराकर परिजन उन्हें एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर पहुंचे लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने भर्ती करने से इनकार कर दिया। इसके बाद परिजन दोनों को निजी वाहन से बेहतर उपचार के लिए अन्यत्र लेकर चले गए। अमृता सिंह ने बताया कि आयुष सिंह उनके भाई हैं।

## पंखे से लटकता मिला मूक बधिर विवाहिता का शव, मची सनसनी

मीरजापुर। लालगंज थाना क्षेत्र के दुबार चौकी अंतर्गत भेड़ा गांव में सोमवार की देर रात एक मूक-बधिर विवाहिता का शव कमरे में पंखे से लटकता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार कोरांव थाना क्षेत्र के बड़ेपुरा गांव निवासी विजयकांत की पुत्री पूजा (25) की शादी 17 मई 2022 को भेड़ा गांव निवासी महेंद्र के साथ हुई थी। महेंद्र पेशे से अधिवक्ता हैं और दिव्यांग भी बताए जाते हैं। दंपती के दो पुत्र अभिनव (तीन वर्ष) और अभियांश (डेढ़ वर्ष) हैं। बताया गया कि सोमवार की देर रात पूजा का शव कमरे में साड़ी के सहारे पंखे से लटकता मिला। मंगलवार सुबह परिजनों की नजर शव पर पड़ी तो घर में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया। घटना की सूचना पर फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य संकलित किए और जांच-पड़ताल की। मृतका के पिता विजयकांत ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाया है। लालगंज थाना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला था। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के पिता द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## प्रयास अनाज बैंक के कोष में अन्नदाताओं ने दिये साढ़े तीन कुंतल अनाज

आजमगढ़। प्रतिदिन निकालें मुट्ठी भर अनाज, जिसे पा सके वंचित समाज की भावना को साकार करते हुए पल्हना ब्लॉक के कटाई गांव के ग्रामीणों ने प्रयास अनाज बैंक के कोष में 3.50 कुंतल गेहूं एवं चावल के साथ साड़ी, कपड़े, बिस्किट एवं अन्य उपयोगी सामग्री भेंट कर मानवता की मिसाल पेश की। प्रयास अनाज बैंक के इस अभियान ने एक बार फिर संदेश दिया कि छोटे-छोटे सहयोग मिलकर बड़े सामाजिक बदलाव का आधार बनते हैं और मानवता की सच्ची सेवा हो सकती है। अध्यक्षता ओंकार सिंह ने की। इस अवसर पर अन्नदाता व समाजसेवी ओंकार सिंह ने कहा कि प्रयास संस्था वर्षों से जरूरतमंद परिवारों, असहाय लोगों एवं गरीब कन्याओं की सहायता के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। संस्था के इसी सेवा भाव से प्रेरित होकर ग्रामवासियों ने अनाज बैंक को सशक्त बनाने में अपना योगदान दिया, ताकि जरूरत के समय किसी भी जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाई जा सके। ग्रामीणों ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। प्रयास अनाज बैंक के कोष में इजाफा करने वाले अन्नदाताओं का आभार जताते हुए नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर सिंह ने कहा कि प्रत्येक परिवार प्रतिदिन केवल एक मुट्ठी अनाज अलग रख दे और हर महीने उसका दान परोपकार हेतु करें तो निश्चित ही समाज के निचले वंचित वर्गों के लिए सेवा सहायता का एक बड़ा आधार तैयार हो सकता है। प्रयास टीम अन्नदाताओं की आभारी है और ऐसे लोग समाज के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर डब्बू सिंह, अरुण पाठक, विनोद कुमार गुप्ता, चंद्रदेव सिंह (प्रधान पति), रविंद्र सिंह, सावित्री देवी, रुक्मणी देवी, रोशन सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दबंगों पर कुएं का पानी प्रदूषित करने का आरोप

जौनपुर। बदलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम रारीकला निवासी नेहा चौहान पत्नी राजन चौहान ने गांव के ही कुछ दबंगों पर कुएं के पानी को प्रदूषित करने, मारपीट करने तथा आभूषण व मोबाइल छीनने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है। नेहा चौहान का आरोप है कि उनके घर के सामने स्थित एक कुआं उनके पूर्वजों द्वारा बनवाया गया था, जिसका उपयोग उनका परिवार वर्षों से पेयजल एवं अन्य घरेलू कार्यों के लिए करता आ रहा है। आरोप है कि गांव के राजेश चौहान, सुरेश चौहान, पिंटू चौहान, नीलम देवी, पंपा देवी, नंदिनी चैहान एवं कोमल सहित अन्य लोग लगातार कुएं में गोबर, मिट्टी व अन्य गंदगी डालकर पानी को प्रदूषित कर रहे हैं। पीड़िता के अनुसार विरोध करने पर आरोपीगण विवाद और गाली-गलौज करते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में थाना बदलापुर में शिकायत की गई थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों का शांति भंग की आशंका में चालान भी किया था। इसके बावजूद आरोपियों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। आरोप लगाया गया है कि आरोपीगण उनके घर में घुस आए, मारपीट की, अभद्रता की तथा उनका मोबाइल फोन और पहने हुए आभूषण छीन लिए। जब परिजनों ने इस संबंध में शिकायत की तो आरोपियों ने उन्हें भी गाली-गलौज कर भगा दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को ऑनलाइन प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## डीएम ने पेयजल आपूर्ति कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक

सोनभद्र। ग्रीष्म ऋतु के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संचालित टैंकरों की व्यवस्था की जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कैंप कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने टैंकरों में स्थापित जीपीएस सिस्टम, ऑनलाइन ट्रैकिंग व्यवस्था तथा पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के जिन क्षेत्रों में भूजल स्तर नीचे जाने के कारण पेयजल संकट उत्पन्न होता है, वहां टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। सभी टैंकरों में जीपीएस उपकरण स्थापित कर उनकी ऑनलाइन निगरानी की जा रही है। इसके लिए विकसित पोर्टल पर पेयजल संकट वाले स्थानों को चिन्हित किया गया है, जिससे टैंकरों की आवाजाही एवं जलापूर्ति की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक जल जीवन मिशन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था नहीं हो सकी है, वहां टैंकरों के माध्यम से नियमित एवं निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए।

संक्षेप

## चोरी के स्टार्टर केबल सहित 2 चोर गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना नारखी पुलिस टीम ने दो शातिर चोरों को चोरी किये गये ट्यूबेल के स्टार्टर व केविल सहित गिरफ्तार किया है। सोमवार को थाना नारखी पुलिस टीम ने दो अभियुक्त पवन पुत्र गिरेन्द्र सिंह निवासी शाहपुर थाना नारखी व अवधेश पुत्र राम चरन निवासी शाहपुर थाना नारखी जिला फिरोजाबाद को एक चोरी किये गये ट्यूवेल के स्टार्टर व केविल सहित सहित ग्राम नयाबांस थाना क्षेत्र नारखी से गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की है।

## जैंत कट पर बस-ट्रक की टक्कर, 25 श्रद्धालु घायल

**चौमुहाँ।** थाना जैत क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित जैत कट पर मंगलवार तड़के एक प्राइवेट बस और ट्रक की भिड़ंत में करीब 25 श्रद्धालु घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, आगरा से दिल्ली की ओर जा रही प्राइवेट बस (यूपी-85 एटी-8246) में सवार श्रद्धालु भागवत कथा में शामिल होने के लिए वृंदावन स्थित अखंडानंद आश्रम जा रहे थे। तड़के करीब साढ़े तीन बजे बस जैत कट से आश्रम की ओर मुड़ रही थी। इसी दौरान दिल्ली से आगरा की ओर जा रहे ट्रक (केए-51 एएच-4973) ने बस के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। हादसे में बस क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार मध्य प्रदेश के सागर, धार, महू तथा इंदौर निवासी करीब 25 श्रद्धालु घायल हो गए। घायलों में संजीत अग्रवाल, रितू, ममता, राजकिशोर अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, ममता अग्रवाल, शरद गुप्ता, अंजू बंसल, सुदेश, आलोक, स्वेता, सुधा, निधि, अनीता, दिवांश, मनीष गर्ग, संगीता अग्रवाल, शैलेंद्र गुप्ता और सातुन बंसल समेत अन्य शामिल हैं। पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए आकाश सीआईएमएस राधा वैली अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अधिकांश घायलों को सामान्य चोटें आई हैं, जबकि कुछ की हालत गंभीर बताई गई है। थानाध्यक्ष जैत सोनू कुमार ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर थाने लाया गया है। घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस ने जल्द ही सामान्य करा दिया।

# अधिकमास में श्रीकृष्ण जन्म भूमि पर नन्दोत्सव की धूम



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर पुरूषोत्तम मास (अधिकमास) में मनाये जा रहे अनेक पर्व/महोत्सव की श्रृंखला में अधिक ज्येष्ठ कृष्ण नवमी तद्नुसार मंगलवार को श्रीकृष्ण-जन्मभूमि पर भव्य नन्दोत्सव का आयोजन किया गया। श्रीभागवत-भवन मंदिर प्रांगण को नन्दभवन का भव्य स्वरूप प्रदान किया गया, शास्त्रीय मान्यताओं, श्रुतियों एवं स्मृतियों के आधार पर नन्दनन्दन भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के पश्चात गोकुल में हुऐ नन्दोत्सव के अनुरूप बधाई गायन एवं उद्दाम नृत्य-संकीर्तन से संपूर्ण भागवत-भवन गुंजायमान हो उठा। नन्दोत्सव के इस पावन उत्सव में हजारों की संख्या में ब्रजवासी एवं बाहर से पधारे श्रद्धालु शामिल हुए। कान्हा के जन्म की खुशी एवं अलौकिक भक्तिभाव सभी के मुख पर स्पष्ट दिख रहा था। बधाई गायन एवं संकीर्तन के मध्य भावमय नृत्य एवं तालियों की गड़गड़ाहट से भागवत-भवन मंदिर प्रांगण को झंकृत कर रहे श्रद्धालु, नन्दवावा एवं माता यशोदा के अनुरूप परस्पर बधाई का आदान प्रदान कर रहे थे।

श्रीकृष्ण-जन्मस्थान द्वारा आयोजित इस भव्य महोत्सव में संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी एवं सेवाभावीजन द्वारा हजारों खिलौने, वस्त्र, बर्तन, मिष्ठान आदि विभिन्न सामग्री बहुत बड़ी मात्रा में भक्तों में वितरित/लुटायी गयी। नन्दोत्सव पर्व की खुशी में श्रद्धालुजन अभिभूत हो प्रसाद प्राप्त करने के लिए लालायित दिखे।

इस अवसर पर सांय ७रू०० बजे से लीलामंच पर ठाकुरजी को अर्पित भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें ब्रज की सुविख्यात भजन गायिका श्रीमती शालिनी शर्मा एवं उनके सहयोगियों द्वारा ठाकुरजी को समर्पित भजनों की सुन्दर प्रस्तुति दी गयी। अधिकमास में इस नन्दोत्सव पर्व के आयोजन को भव्य और भावमय बनाने के लिए श्रीकृष्ण-जन्मस्थान सेवा-संस्थान के पदाधिकारी/कर्मचारीगण एवं कन्हैयालाल अग्रवाल, अनिलभाई, राजीव गुप्ता, माधव चतुर्वेदी, गौरी चतुर्वेदी आदि सेवाभावीजन का विशेष योगदान रहा।

# जनपद में 15 से 21 जून तक किया जायेगा योग सप्ताह का आयोजन



**फिरोजाबाद।** आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल व भव्य आयोजन को लेकर जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि इस बार योग सप्ताह को पहले से भी अधिक व्यवस्थित और व्यापक तरीके से मनाया जाए, ताकि योग का संदेश जन-जन तक पहुंच सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि जनपद में 15 से 21 जून तक योग सप्ता का आयोजन किया जाएगा। इस योग सप्ताह का भव्य शुभारंभ अटल पार्क में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। बैठक के परिप्रेक्ष्य में यह स्पष्ट किया गया कि योग सप्ताह के अंतर्गत 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दिन पूरे जनपद में एक अत्यंत व्यापक और वृहद योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं कि जनपद मुख्यालय, नगर निगम, सभी तहसीलों, ब्लॉकों और ग्राम पंचायतों में संबंधित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया है कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिर चिकित्सालयों में विशेष योग कार्यक्रमों का आयोजन करेगा।

उन्होने कहा कि समस्त प्राथमिक विद्यालयों माध्यमिक विद्यालयों उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों व स्थानीय लोगों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होने कहा कि पुलिस थानों व अन्य विभागीय स्थलों पर पुलिसकर्मियों और आमजन के लिए योग शिविरों का आयोजन करा जाए। जिलाधिकारी ने बैठक के अंत में सभी अधिकारियों को पूरी निष्ठा के साथ इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए ताकि योग के माध्यम से आमजन को स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूक किया जा सके। इस दौरान सीडीओ शत्रोहन वैश्य अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविन्द द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

# बड़े मंगल पर श्रद्धालुओं को वितरित की गयी शर्बत



**टूंडला।** बड़े मंगल के पावन अवसर पर नगर में श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मीठे जल एवं शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर पर आयोजित इस सेवा कार्य में राहगीरों, श्रद्धालुओं और मंदिर आने वाले भक्तों को ठंडा मीठा जल एवं शरबत वितरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संकल्प संस्था के संस्थापक आर पी शर्मा द्वारा कराया गया। भीषण गर्मी के बीच शरबत वितरण कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजकों ने बताया कि बड़े मंगल का दिन सेवा दान और भक्ति भाव का प्रतीक माना जाता है। इसी भावना के साथ लोगों को शीतल पेय उपलब्ध कराया गया, ताकि गर्मी से राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के जयकारे लगाए और क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर आर पी शर्मा खजाना सिंह महेन्द्र झा दिनेश गुप्ता, ड्रा गौतम, राजू उपाध्याय, अशोक सारस्वत, एन पी सक्सेना विजय प्रजापति एम सी मिश्रा महिपाल राकेश नोहवार सुनील यादव, रजनीश त्रिपाठी देवेन्द्र झा मधु झा, दुव्या झा कई गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे और सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया।

## थाना नगला सिंघी में तैनात सिपाही हादसे में घायल

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी थाने में तैनात एक सिपाही सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद सिपाही को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना नगला सिंघी में तैनात सिपाही सुमित 35 वर्षीय पुत्र देवेंद्र निवासी नगला पूरा थाना सादाबाद जनपद हाथरस वर्तमान में थाना नगला सिंघी में कार्यरत हैं। बीती रात्रि अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। दबरई गांव के मोड़ के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि सिपाही सुमित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों और स्थानीय लोगों की सूचना पर उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उनका उपचार शुरू कर दिया है और उनकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस विभाग के अधिकारी और साथी पुलिसकर्मी भी अस्पताल पहुंचे और घायल सिपाही का हालचाल जाना। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जांच में बाइक के अनियंत्रित होने को दुर्घटना का कारण बताया गया।

## आरव के परिवार को मिले सरकारी नौकरी, और 50 लाख का मुआवजा

शिकोहाबाद। डेढ़ वर्षीय मासूम आरव की यादव कॉलोनी में हत्या को लेकर हत्यारोपी विराज उर्फ जितेंद्र पाठक को कड़ी सजा दिलाए जाने को लेकर मानव शक्ति पार्टी के पदाधिकारी ने जिलधिकारी के प्रतिनिधि अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरविंद कुमार को एक पांच सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। ज्ञापन में सरकार, न्यायालय से मांग की कि डेढ़ वर्षीय मृतक मासूम आरव को न्याय दिलाने एवं हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रेक कोर्ट गठित कर सुनवाई की जाए। पीड़ित रति शर्मा को राज्य सरकार द्वारा 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी दी जाए। बाल अपराध रोकने के लिए प्रदेश में एक डायल नंबर क्रिएट भी किया जाए। ज्ञापन देने के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक यादव ने कहा कि प्रदेश अपराध प्रदेश बन गया है। जो सरकार की ध्वस्त कानून व्यवस्था की निशानी है। प्रदेश में हो रहे एनकाउंटर एक मजाक बनकर रह गए है। प्रदेश अध्यक्ष विनीत यादव ने शासन एवं प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि आज तक कोई भी प्रशासनिक अधिकारी पीड़ित परिवार का दर्द एवं हाल-चाल पूछने के लिए नहीं पहुंचा है। इस घटना को लेकर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में रोष व्याप्त है। ज्ञापन देने वालों में कमलेश कुमार किशन सिंह मंजीत सिंह यतेंद्र सिंह यादव कुमार तोमर अनुज कुमार आशीष कुमार डॉ सुनैना यादव, पुष्प लता पाठक साधना चौहान अनुपम अरुण पाल शैलेंद्र सिंह चौहान अविनाश कुमार पुरुषोत्तम सिंह, धनपाल सिंह, राजकमल पंकज कुमार मनमोहन सिंह आदि लोग मौजूद थे।

# जर्जर छज्जा गिरा, 9 श्रद्धालु घायल, 4 की हालत गंभीर



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** कोतवाली वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार शाम तेज आंधी के दौरान बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र की गली नंबर-5 में एक बड़ा हादसा हो गया। शिवकुमार गोस्वामी के मकान का जर्जर छज्जा अचानक भरभराकर गिर पड़ा। उस समय गली में श्रद्धालुओं की भीड़ मौजूद थी, जिससे 9 लोग इसकी चपेट में आकर घायल हो गए। घायलों में 4 की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्रत्यक्षदर्शी दुकानदारों के मुताबिक, अचानक तेज आंधी चलने लगी और उसी दौरान मकान का पुराना छज्जा गिर गया। देखते ही देखते गली में ईंट, सीमेंट और कंक्रीट का मलबा फैल गया। इसकी चपेट में आए श्रद्धालु घायल हो गए। तेज धमाके की आवाज से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद स्थानीय लोग और दुकानदार मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने लगे। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम भी पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस से 100 शैया अस्पताल और आरके मिशन हॉस्पिटल भेजा गया। हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार अधिकारियों के दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। जिलाधिकारी और एसएसपी ने घायलों के परिजनों से वार्ता की और हादसे की जानकारी ली तथा घायलों के बेहतर उपचार के लिए अधीनस्थों को निर्देश दिए। लक्ष्मीनारायण (35) पुत्र शिशु पाल निवासी अलीगढ़, रुद्रांश (5) पुत्र विजय, विजय (35) पुत्र सतीश, निवासीगण आगरा, उर्मिला देवी (70) पत्नी गोविंद लाल, चंचल प्रजापति (26) पुत्री ओमप्रकाश, निवासीगण राजस्थान, जानकी देवी (48) पत्नी ओमप्रकाश, मेधा सैनी पुत्र जगवती, गोविंद (65) पुत्र खुशीलाल निवासीगण जनकपुरी, दिल्ली, आस्था भदौरिया (17) पुत्री मुकेश, निवासी इटावा का उपचार आरके मिशन हॉस्पिटल में चल रहा है जिनमें चार की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल के परिजन ने बताया कि वे दर्शन कर लौट रहे थे, तभी हल्की आंधी चली और बंदरों के कूदने से ऊपर का पुराना छज्जा गिर गया, जिसमें उनकी बेटी भी घायल हो गई। हादसा मंदिर से करीब 150 मीटर दूर हुआ। सीओ सदर पीतम पाल सिंह ने बताया कि गेट नंबर-4 के पास हादसा हुआ है। 6-7 घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल किसी के अत्यधिक गंभीर होने की पुष्टि नहीं है, लेकिन सभी का इलाज जारी है। घटना के बाद श्रद्धालुओं की आवाजाही अस्थायी रूप से रोककर दूसरे मार्गों से डायवर्ट कर दी गई है। हादसे के बाद मंदिर क्षेत्र में दहशत का माहौल है। प्रशासन ने इलाके के जर्जर भवनों की जांच शुरू कर दी है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुराने भवनों की नियमित जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें।

### अगस्त 2023 के अधिक मास में भी हुआ था हादसा

तीन साल पहले अगस्त माह में पुरुषोत्तम मास के दौरान भी बांकेबिहारी मंदिर के श्रद्धालुओं के साथ मंदिर के समीप दुसायत मौहल्ले में अचानक इमारत ढहने से गंभीर हादसा हुआ था। शाम के वक्त हुए इस हादसे में तब पांच श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। तब भी अचानक नींद से जागे नगर निगम प्रशासन ने सरसरी तौर पर कागजी कार्यवाही को तरजीह देते हुए नगर में पुराने और जर्जर मकाने के स्वामियों को नोटिस थमाए थे, तो लगा था कि इस समस्या का कोई स्थायी हल निकल सकेगा, लेकिन नतीजा सिफर रहा। अब एक बार फिर प्रशासन फौरी तत्परता दिखाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेगा। जिम्मेदार अधिकारियों की जबावदेही तय न होने तक विकास का मूलभूत ढांचा गिरासू ही बना रहता है। एक तय ढर्रे पर अस्पष्ट नीति और नीयत के तहत कार्यप्रणाली अख्तियार करने वाले सिस्टम को यह समझने की जरुरत है।

## मानसी गंगा में सीढ़ियों से स्नान प्रतिबंधित

**मथुरा।** गोवर्धन पवित्र मानसी गंगा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने गहरे पानी में स्नान पर प्रतिबंध लगा दिया है। अब कोई भी श्रद्धालु सीढ़ियों से उतरकर मानसी गंगा के गहरे हिस्से में जाकर स्नान नहीं कर सकेगा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, गहरे पानी में जाने से हर साल हादसे की आशंका बनी रहती थी। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए मानसी गंगा के बाहर पर्याप्त संख्या में पानी के फव्वारे लगाये हैं। प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपनी इच्छा अनुसार इन फव्वारों में ही स्नान करें। मानसी गंगा की सीढ़ियों पर तैनात कर्मी व पुलिस गहरे पानी में उतरने वाले श्रद्धालुओं को रोकेंगे और फव्वारे की तरफ भेजेंगे। स्थानीय लोगों का मानना है ये फैसला श्रद्धालुओं की जान की सुरक्षा के लिहाज से जरूरी था। प्रशासन का कहना है कि नियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिरों में प्लास्टिक पॉलिथिन में प्रसाद पूजा सामग्री लेने पर लगेगा प्रतिबंध

- फूड व ड्रग अनुभाग का चलाया जाये संयुक्त अभियान : डीएम



**फिरोजाबाद।** जनपद में खाद्य सुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा सलाहकार सतर्कता समिति की बैठक जिलाधिकारी फिरोजाबाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि./रा.अपर जिलाधिकारी न्यायिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं समिति के नामित सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सहायक आयुक्त (खाद्य)-2, फिरोजाबाद चन्दन पाण्डेय द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों, जैसे हाइजीन रेटिंग, री-यूज्ड कुकिंग ऑयल, ईट राइट स्कूल, ईट राइट स्टेशन, ईट राइट कैंपस तथा फोस्टैक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। साथ ही योजनाओं की वर्तमान प्रगति एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने विभागीय कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए खाद्य सुरक्षा से संबंधित गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने तथा आमजन में खाद्य सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसके लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयास करने होंगे।

बैठक में जिलाधिकारी ने मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर प्रसाद तथा पूजा सामग्री के वितरण में प्लास्टिक पॉलीथिन के प्रयोग पर विशेष चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दैनिक उपयोग के उपरांत एकत्रित की जाने वाली प्लास्टिक पॉलीथिन को कई बार अस्वच्छ परिस्थितियों में पुनर्चक्रित रीसायकल किया जाता है, जिससे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। ऐसी स्थिति में धार्मिक स्थलों पर प्रसाद एवं पूजा सामग्री के वितरण हेतु प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग हतोत्साहित किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में जिलाधिकारी ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के संबंधित अधिकारियों को जनपद के प्रमुख मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने, जनजागरूकता अभियान संचालित करने तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसामान्य से भी अपील की कि वे स्वेच्छा से प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग बंद करें तथा कपड़े कागज अथवा अन्य पर्यावरण-अनुकूल विकल्पों को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैठक में व्यापार मण्डल की ओर से वी.एस. गुप्ता द्वारा औषधि विक्रेताओं द्वारा एक्सपायर दवाईयां बेचे जाने ग्राहक को बिल आदि ने देने के विषय में अवगत कराया गया, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा औषधि निरीक्षक फिरोजाबाद को आवश्यक सुधारात्मक एवं जागरुकता कार्यवाही करने तथा फूड एवं ड्रग विभाग द्वारा संयुक्त रुप से टीम बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश निर्गत किये। बैठक में खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति के नामित सदस्य एवं व्यापार मंडल प्रतिनिधियों सहित डॉ.अनिल यादव डॉ.सूरज रमेश चन्द्र डॉ.मनोज कुमार संदीप कुमार उमेश कुमार विनोद वर्मा अरुण कुमार राहुल शर्मा जितेन्द्र कुमार अंकुश शर्मा तथा आयुष वेद शाक्य सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## डीएम-एसएसपी ने परिक्रमा व्यवस्थाओं को परखा



**मथुरा।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर गिरिराज जी की नगरी गोवर्धन में लाखों श्रद्धालु परिक्रमा करने पहुंच रहे हैं। देश के कोने-कोने से आए भक्तों की भारी भीड़ के मद्देनजर जिला प्रशासन सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में जिलाधिकारी सीपी सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने गोवर्धन परिक्रमा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पैदल चलकर पूरे परिक्रमा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु प्रकाश, सफाई, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा, स्वास्थ्य, विद्युत आपूर्ति, सड़क मार्ग, भंडारे, भोजन आदि व्यवस्था का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकमास के अवसर पर ब्रज 84 कोस परिक्रमा, वृंदावन परिक्रमा, गोवर्धन परिक्रमा, बरसाना परिक्रमा, मथुरा परिक्रमा आदि में लाखों/ करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा परिक्रमा लगाई जाती है। पावन अधिकमास 15 जून 2026 तक रहेगा। निरीक्षण के दौरान, डीएम सीपी सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगमता उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी विभागों को पुरुषोत्तम मास में बढ़ी भीड़ के दबाव को देखते हुए आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। एसएसपी श्लोक कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि प्रमुख चैराहों और संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## आइसक्रीम फैक्ट्री में मरम्मत करने के दौरान फ्रीजर का कंप्रेसर फटा, मैकेनिक की मौत, मालिक घायल

**मथुरा।** गोविंदनगर क्षेत्र में आइसक्रीम फैक्ट्री में मरम्मत के दौरान फ्रीजर का कंप्रेसर धमाके के साथ फट गया। हादसे में मिस्त्री की मृत्यु हो गई, जबकि फैक्ट्री के मालिक गंभीर घायल हो गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने मिस्त्री को मृत घोषित कर दिया। गोविंद नगर थाना क्षेत्र के सरस्वती कुंड के पास कान्हा माखन स्कूल के पीछे स्थित बृजमोहन अग्रवाल का मकान में ही आइसक्रीम का गोदाम बना हुआ है। इसमें खराब पड़े फ्रीजर की मरम्मत का कार्य चल रहा था। गोदाम मालिक ने फ्रीजर ठीक कराने के लिए दिल्ली निवासी मिस्त्री रोहित वालिया को बुलाया था। मरम्मत के दौरान अचानक फ्रीजर का कंप्रेसर तेज धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। लोग घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। कंप्रेसर फटने से मिस्त्री रोहित वालिया और गोदाम मालिक बृजमोहन अग्रवाल गंभीर घायल हो गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। गोविंद नगर थाना प्रभारी रवि त्यागी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मिस्त्री रोहित को मृत घोषित कर दिया।

## मंदिरों के आस-पास चैन स्नैचिंग करने वाले को पुलिस ने मुठभेड़ में मारी गोली

**मथुरा।** जैत थाना पुलिस ने धार्मिक स्थलों पर महिलाओं से चेन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले एक वांछित बदमाश को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार, थाना जैत में दर्ज एक मामले में वांछित आरोपी विशाल कुमार पुत्र नवाब सिंह निवासी सतलोनी खुर्द वेसवा, थाना इगलास, जनपद अलीगढ़ की तलाश की जा रही थी। सोमवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी अल्लैपुर गांव से हाईवे की ओर कच्चे रास्ते से गुजर रहा है और फिर से चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी की। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के बाएं पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद उसे दबोच लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक महिला से छीनी गई सोने की चेन, एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस तथा बिना नंबर प्लेट की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। घायल आरोपी को उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल वृंदावन भेजा गया है। क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया आरोपी के खिलाफ मथुरा और अलीगढ़ जनपद के विभिन्न थानों में कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसके अन्य आपराधिक इतिहास की भी जानकारी जुटाई जा रही है। इस कार्रवाई में जैंत थानाध्यक्ष सोनू सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक केशव वशिष्ठ, मनोज भाटी, निशांत पायल, हरेन्द्र कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य जवान शामिल रहे।

# निजीकरण के विरोध में स्टांप वेंडरों का धरना



**मथुरा।** सरकार द्वारा रजिस्ट्री प्रक्रिया की ऑनलाइन प्रणाली का निजीकरण किए जाने के विरोध में मथुरा के निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्री दफ्तर) से जुड़े दस्तावेज लेखकों (कातिबों), स्टांप वेंडरों और मुंशियों का विरोध- प्रदर्शन लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार धरना स्थल पर पहुंचकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश धनगर ने आंदोलनकारियों से मुलाकात की और कांग्रेस पार्टी की ओर से इस प्रदर्शन को अपना पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की।

धरना दे रहे लोगों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने प्रदेश सरकार की नीतियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रजिस्ट्री प्रक्रिया जैसी महत्वपूर्ण सरकारी व्यवस्था का निजीकरण करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। इस संवेदनशील प्रणाली को निजी हाथों में सौंपने से इसकी पारदर्शिता पर संदेह होना पूरी तरह लाजमी है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि देश और प्रदेश में पहले से ही बेरोजगारी और महंगाई चरम पर है। ऐसे समय में सरकार दस्तावेज लेखकों, स्टांप वेंडरों और मुंशियों की आजीविका को सुरक्षित करने के बजाय उससे खिलवाड़ कर रही है। ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली का निजीकरण होने से इस काम से जुड़े हजारों लोग रातों-रात बेरोजगार हो जाएंगे, जिससे उनके परिवारों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश धनगर ने बताया कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी फैसले और ऑनलाइन रजिस्ट्री प्रणाली में निजीकरण का पुरजोर विरोध करती है। हम प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि वह तत्काल प्रभाव से निबंधन प्रणाली के निजीकरण के इस फैसले को वापस ले, ताकि हजारों परिवारों का भविष्य बर्बाद होने से बच सके। इस धरना प्रदर्शन और समर्थन सभा के दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष आदित्य तिवारी (एडवोकेट), अश्वनी शुक्ला (एडवोकेट), दीपक दीक्षित (एडवोकेट), करन निषाद, गौरांग अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, दस्तावेज लेखक और मुंशी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# युद्ध से क्या मिला?

अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर संयुक्त हमलों के साथ शुरू हुआ युद्ध 100 दिनों से अधिक हो गया है। इस दौरान अस्थायी युद्ध विराम के बीच दोनों पक्षों में कई दौर की वार्ता हुई, लेकिन युद्ध खत्म करने का कोई फार्मूला सामने नहीं आ सका। बीच-बीच में युद्धरत पक्ष एक-दूसरे पर मिसाइल-ड्रोन हमले भी करते रहते हैं। अब यह युद्ध पहले विश्व युद्ध की लड़ाई के उस हिस्से की तरह हो गया है जहां दोनों ही पक्ष बिना किसी उल्लेखनीय सफलता के लगातार लड़ रहे हैं। अयातुल्लाह खामनेई सहित कुछ शीर्ष नेताओं के मारे जाने, अहम बुनियादी ढांचे को व्यापक तौर पर नष्ट किए जाने और करीब 3,500 मौतों के बावजूद ईरान अपना परमाणु कार्यक्रम समाप्त करने और हिजबुल्ला जैसे संगठनों से संबंध खत्म करने की अमेरिका और इजरायल की मांग के समक्ष नहीं झुका है। यह संघर्ष पूरे पश्चिम एशिया में फैल गया है जहां अमेरिका के क्षेत्रीय सहयोगी कतर, बहरीन और यूएई अपने तेल और गैस बुनियादी ढांचे के विनाशकारी नुकसान का सामना कर रहे हैं। पाकिस्तान द्वारा कराई गई युद्ध विराम वार्ता में कोई प्रगति नहीं हुई क्योंकि दोनों पक्ष अपनी अधिकतम मांगों से पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। इस बीच शेष विश्व को इसकी कीमत चुकानी पड़ रही है क्योंकि ईरान और अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट के दोनों सिरों को अवरुद्ध कर रखा है। यही वह मार्ग है जहां से दुनिया के कुल कच्चे तेल और गैस का



करीब 40 फीसदी आता-जाता है। लड़ाई के पहले जहां इस मार्ग से रोज करीब 100 से अधिक पोत निकलते थे वहीं अब इनकी संख्या काफी कम हो गयी है। इसके चलते असाधारण वैश्विक तेल संकट उत्पन्न हुआ है और ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल का स्तर पार कर गया है जो 28 फरवरी के 72 डॉलर से बहुत अधिक है। दुनिया में पेट्रोल की कीमतों में 40 से 90 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारत ही ऐसा देश है जिसने महज 7.7 फीसदी का इजाफा किया है। जीवाश्म ईंधन की कमी का असर मूल्य वृद्धि के रूप में सामने है। उदाहरण के लिए भारत में उद्योगों को गैस आपूर्ति सीमित किए जाने के कारण छोटे और मझोले उपक्रमों को बंदी का सामना करना पड़ा है। इसके चलते प्रवासी श्रमिक अपने गांवों को लौटने को मजबूर हुए हैं। यह कोविड-19 के शुरूआती दिनों की याद दिलाता है। उर्वरक कीमतों में वृद्धि के कारण वैश्विक खाद्य आपूर्ति भी जोखिम में है। प्रमुख वैश्विक बाजार सूचकांकों में गिरावट आई है। अकेले भारत से निवेशकों ने लाखों करोड़ रुपये की निकासी की है और रुपया लगातार कमजोर हुआ है। दोनों पक्षों ने आकलन में कुछ हद तक गलती की है। अमेरिका की यह मांग ईरान को पूरी तरह अस्वीकार्य है कि वह यूरेनियम संवर्धन पूरी तरह बंद कर दे और सऊदी अरब को केंद्र बनाकर अंतरराष्ट्रीय निगरानी के तहत एक क्षेत्रीय संघ को प्राथमिकता दे। ऐसा खासकर इसलिए है क्योंकि इजरायल परमाणु शक्ति बन चुका है, उसकी क्षेत्रीय खुफिया नेटवर्क तक पहुंच और विस्तारवादी महत्वाकांक्षाएं भी हैं। यही तर्क अमेरिका की उस मांग पर भी लागू होता है जिसमें ईरान से 60 फीसदी शुद्धता तक संवर्धित यूरेनियम भंडार सौंपने को कहा गया। अमेरिका इस सुझाव से सहमत नहीं है कि इन चर्चाओं को होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत फिर से खोलने और ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने से अलग रखा जाए। अब तक केवल इजरायल को लाभ हुआ है। उसने लेबनान के 20 फीसदी हिस्से पर कब्जा कर लिया है और क्रमशः गाजा पट्टी और पश्चिमी किनारे के 60 फीसदी से अधिक हिस्से पर उसका नियंत्रण है। अब लड़ाकों ने एक-दूसरे पर हमले फिर से शुरू कर दिए हैं जो प्रतिशोधी छापामार हमलों के अंतहीन चक्र में बदल गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, जिन्होंने यह लड़ाई शुरू की थी, अब असहाय होकर ईरान और इजरायल से तुरंत गोलीबारी बंद करने की मांग कर रहे हैं। कुल मिलाकर ट्रंप को इस युद्ध से कुछ हासिल नहीं हुआ है और वे ईरान के मोर्चे पर भी उसी तरह विफल हो रहे हैं जैसे टैरिफ और मामलों में उनको झटका लगा है। लेकिन ट्रंप ने युद्ध शुरू कर पूरी दुनिया को संकट में डाल दिया है और वैश्विक अर्थव्यवस्था युद्ध के कारण गंभीर संकट में है।

---

### विचार

चिंता से ही चिंता दूर होती है। धोखा देकर इसे रोकने का प्रयस करने से परिणाम उल्टा होता है।

–रवीन्द्र नाथ टैगोर.

अपनी उन्नति और शत्रु का विनाश– यही दो नीतिहै। इन्हीं को अंगीकार करके कुशल पुरुष अपनी वाक् चतुरता का विस्तार करते हैं।

–माघ.

जो मूर्ख दुष्टों का साथ करता है, वह अपने हाथों से अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारता है।

– वृन्द.

सबसे कठिन तीन वस्तुएं हैं– एक रहस्य को अप्रकट रखना, कष्ट को भूल जाना और अवकाश का सदुपयोग करना।

–चिलो.

विनम्रता से अच्छी कोई नीति नहीं। जहां होशियार जुबान असफल हो जाती है, वहां अच्छा व्यवहार बहुत काम कर जाता है।

– मेंगून.

# साझेदारी चाहिए लेकिन दूसरे की जमीन पर



विजय कपूर

> विपक्ष की सबसे बड़ी चुनौती यह भी है कि इनका आपस में किसी के साथ भरोसा नहीं है। यहां तक कि इंडिया गठबंधन में शामिल विपक्षी पार्टियों के शीर्ष नेता आमतौर पर अपनी पार्टी स्तर पर इन गठबंधनों के विरुद्ध हैं और सार्वजनिक मंच पर इसके समर्थक। ऐसे में भला विपक्षी एकता कैसे निर्णायक रूप से उभरकर आ सकती है और कैसे भाजपा को चुनौती दे सकती है?

गुजरे 8 जून 2026 को राजधानी दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक का घोषित उद्देश्य विपक्षी दलों के बीच तालमेल बिठाना और एकजुटता को मजबूत करना था। लेकिन जैसी आशंका थी, सारी योजना टायं-टायं फिस्स हो गई और ऐसा स्वाभाविक ही था। दरअसल जितनी भी विपक्षी पार्टियां हैं, उन सबको एकजुट होकर देशभर में चुनाव जीतने के लिए एकता तो चाहिए, लेकिन अपनी जमीन पर नहीं, दूसरे की जमीन पर। अपनी जमीन पर कोई विपक्षी पार्टी अपने ही साथी संगियों के साथ किसी भी किस्म का तालमेल नहीं चाहती। तृणमूल कांग्रेस चाहती है, कांग्रेस और वामपंथी दल भूलकर भी पश्चिम बंगाल के अंदर यह उम्मीद न करें कि टीएमसी उनके साथ सीट शेयर करेगी। यही बात डीएमके तमिलनाडु के अंदर चाहती है। डीएमके ने तो 8 जून 2026 को राजधानी दिल्ली में हुई बैठक में हिस्सा भी नहीं लिया और साफ कहा कि वह ऐसे गठबंधन में कैसे शामिल हो सकती है, जिसमें कांग्रेस हो। क्योंकि कांग्रेस ने उसके साथ तमिलनाडु में विश्वासघात किया है। गौरतलब है कि कांग्रेस और डीएमके ने हाल ही में सम्पन्न तमिलनाडु विधानसभा में साथ मिलकर लड़े थे। लेकिन चुनाव के बाद जब विजय थलापती की पार्टी टीवीके सबसे ज्यादा सीटों के साथ जीतकर लायी, तो कांग्रेस ने मौका देखते ही विजय के साथ मिलकर प्रदेश में सरकार बना लिया। डीएमके के मुखिया स्टालिन किसी भी किस्म की साझेदारी कांग्रेस के साथ नहीं चाहते और विपक्षी इंडिया गठबंधन का मतलब भले अघोषित तौर पर ही हो, लेकिन इसका मतलब ये है कि कांग्रेस के नेतृत्व में भाजपा को चुनौती देने के लिए तैयार होने वाला गठबंधन।

भारी किंतु परंतु और ऊहापोह के बीच राजधानी दिल्ली में विपक्षी नेताओं की एकता बैठक तो हुई, लेकिन इस बैठक का नतीजा बैठक शुरू होने के पहले ही तय था। दरअसल भाजपा को हराने के लिए ये विपक्षी पार्टियां एक गठबंधन तो बनाना चाहती हैं, लेकिन ये चाहती हैं कि उन्हें इस गठबंधन के लिए खुद से कोई कुर्बानी न देनी पड़े, पर हां, दूसरे की कुर्बानी पर यह जरूर सत्ता सुख भोग सकें। इसलिए गठबंधन की बैठक में आम आदमी पार्टी ने हिस्सा नहीं लिया। डीएमके ने साफ मना कर दिया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने की कोई जरूरत नहीं है। सीपीएम हालांकि बैठक में शामिल हुई, लेकिन साफ शब्दों में कह दिया कांग्रेस ने हाल में जिस तरह केरलम विधानसभा चुनाव में सीपीएम के साथ बर्ताव किया है, उस सबके बीच कांग्रेस के साथ गठबंधन की कोई स्वाभाविक स्थितियां नहीं हैं। किसी ने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान कांग्रेस ने इस पर ये आरोप लगाये कि सीपीएम भाजपा के साथ मिली हुई है। यह आरोप हमारी समूची राजनीतिक प्रतिबद्धता पर सवालिया निशान की तरह है। हालांकि हाल के चुनाव में तृणमूल कांग्रेस भाजपा से बुरी तरह से हार गई है। लेकिन हारने के बावजूद टीएमसी का यही मानना है कि कांग्रेस और वामपंथी पार्टियां पश्चिम बंगाल से दूर ही रहें तो ही विपक्षी एकता के लिए सही है।





**इंडिया गठबंधन**

लब्बोलुआब यह कि विपक्षी पार्टियां भाजपा के विरूद्ध उसे हराने के लिए एकजुट तो होना चाहती हैं, लेकिन हर पार्टी यह मानकर चलती है कि इस एकता की कीमत उसे अपनी ताकत का बंटवारा करके न चुकानी पड़े। जो स्थानीय पार्टी जहां मजबूत है, वहां वह किसी तरह का गठबंधन नहीं चाहती। वह चाहती हैं कि विपक्षी पार्टियां उन्हें एकमुश्त और एकतरफा समर्थन दें और जहां वह पार्टी कतई ताकतवर नहीं है, वहां वह मिलकर चुनाव लड़ना चाहती हैं ताकि उसे दूसरे से फायदा मिल सके। भला इतनी चालाकी से निर्देशित कोई गठबंधन आकार कैसे ले सकता है? आम आदमी पार्टी कांग्रेस से दिल्ली और पंजाब में किसी भी किस्म का समझौता नहीं करना चाहती। क्योंकि उसे लगता है कि इन दोनों जगहों पर अकेले जीत सकती है। लेकिन वहीं आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में कांग्रेस से गठबंधन करने के लिए दबी जुबान तैयार है। हालांकि फिलहाल उसकी कोई घोषणा नहीं की गई, लेकिन पहले इस तरह की मंशाएं जाहिर हो चुकी हैं। इस तरह 8 जून 2026 को राजधानी दिल्ली में विपक्षी पार्टियों का गठबंधन इंडिया एलायंस की बैठक तो हुई, लेकिन उस बैठक का साझे गठबंधन के रूप में कोई फैसला सामने नहीं आ सका। जिस तरह का बिखराव पिछले लोकसभा चुनाव और इसके बाद अलग-अलग सात विधानसभा चुनाव में देखने को मिला है, वहीं स्थितियां अभी भी बनी हुई हैं। सिर्फ अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी और तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनता दल कांग्रेस को क्रमशः उत्तर प्रदेश और बिहार में गठबंधन करना चाहती है, लेकिन इस शर्त पर कि कांग्रेस सिर्फ इस प्रदेशों में नामभर की पार्टी रहे और उनके पीछे-पीछे चले यानी इन दोनो प्रदेशों में ये पार्टियां कांग्रेस के साथ के लिए खुद सत्ता में आना चाहती हैं। लेकिन यह नहीं चाहती कि कांग्रेस भी ठीकठाक स्थिति में समझौता करके प्रदेश में सत्ता के बंटवारे वाली हैसियत में रहें। इससे विपक्षी एकता की जो स्थिति 8 जून को बैठक के पहले थी, ठीक वही स्थिति बैठक के बाद भी रही। किसी तरह का जरा भी सकारात्मक इजाफा नहीं हुआ। क्योंकि क्षेत्रीय दल हर जगह कांग्रेस का वोट बैंक तो कब्जाना चाहते हैं, लेकिन कहीं पर भी अपने वोट बैंक के जरिये कांग्रेस को किसी तरीके से फायदा दिलवाने के पक्ष में नहीं है। दरअसल क्षेत्रीय दलों और कांग्रेस के बीच एक बुनियादी मतभेद है, जो कि यह दशकों से ज्यों का त्यों बना हुआ है। विपक्षी पार्टियां भाजपा का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन तो करना चाहती है, लेकिन वह चाहती हैं कि गठबंधन के बावजूद कांग्रेस उनके इशारे पर चलने वाली दूसरे या तीसरे नंबर की पार्टी रहे, किसी तरह बराबरी या सत्ता में भागीदारी की मंशा न पाले। विपक्ष की सबसे बड़ी समस्या वास्तव में विचारधारा नहीं बल्कि अपने-अपने राजनीतिक भूगोल को अपने पास बनाये रखने का है। हर विपक्षी दल चाहता है कि उसके क्षेत्र में कोई साथी गठबंधन की पार्टी अपनी जमीन तलाशने की कोशिश न करें और यही विपक्षी एकता के लिए सबसे बड़ी बाधा है। क्योंकि हर विपक्षी पार्टी की अपनी एक टेरिटरी है। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, भले इस चुनाव में बुरी तरीके से भाजपा की आंच में जल गई हों, लेकिन अभी भी उनकी जली हुई रस्सी में इतना बल है कि वह किसी दूसरी विपक्षी पार्टी के लिए प्रदेश में किसी तरह का जेनुइन स्पेस नहीं देना चाहतीं।

उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव भी यही चाहते हैं। बिहार में तेजस्वी यादव की भी यही सोच है, तो फिर विपक्षी गठबंधन बनेगा कैसे? आखिर इस एकता के लिए अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग विपक्षी पार्टियों को एक दूसरे के साथ समझौता तो करना ही पड़ेगा। ऐसा नहीं हो सकता कि हर विपक्षी पार्टी दूसरे विपक्षी दलों के साथ गठबंधन कर ले और इसका फायदा उठा सके, लेकिन अपनी जगह पर कोई अनुमानित फायदे या जीत का बंटवारा नहीं करना चाहता। एक तरह से कांग्रेस में भी इस एकता को लेकर शक है वरना डीएमके सही ही कह रही है। जब कांग्रेस ने उसके साथ चुनाव लड़ा था, तो फिर आखिर चुनाव के बाद विजय की टीवीके को समर्थन देने का फायदा क्या था? भाजपा का वास्तव में हाल के दशकों में इसीलिए तेजी से विस्तार हुआ है क्योंकि उसने अपने गठबंधन में अपने सहयोगियों को चाहे उनकी कितनी भी कम ताकत हो, बंटवारे का ठीक ठाक हिस्सा दिया है। तभी उसका गठबंधन एकजुट होकर उसके साथ खड़ा है। लेकिन विपक्षी खेमे में कोई भी पार्टी एकता के लिए अपनी राजनीति की कुर्बानी नहीं देना चाहता।

### सोशल मीडिया



चित्रकूट में पानी के लिए तरसते बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की दयनीय हालात देखकर भारतीय जनता पार्टी के विकास का दावा अंडरग्राउंड हो गया है। अलिश यादव.



पीएम मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में शासन की प्राथमिकता आर्थिक विकास तक सीमित नहीं रही है बल्कि इस पर भी केंद्रित रही है कि विकास का लाभ वंचितों, गरीबों तक पहुंचे। राजनाथ सिंह.



12 वर्षों की गरीब विरोधी आर्थिक नीतियों और कंप्रोमाइज विदेश नीति ने देश को ऐसे हालात में ला खड़ा कर दिया जहां लाखों गरीबों को जहर वाले धुंए में धकेला जा रहा है। राहुल गांधी.

# वन्य जीवों के लिए उत्सव जैसी होती है पहली बारिश



वन्यजीवन

भीषण गर्मी, सूखते जल स्त्रोतों और भोजन की कमी से जूझने के बाद मानसून की पहली बारिश वन्य जीवों के लिए किसी उत्सव से कम नहीं होते। आसमान से गिरती पहली बूंदों के साथ ही जंगल का पूरा जीवन जैसे नये सिरे से जाग उठता है। सूखी धरती पर हरियाली लौटने लगती है, सूखे नाले और पोखर फिर से पानी से भर जाते हैं और भजन की तलाश में भटक रहे जीवों को राहत मिलती है। हिरण, सांभर और नील गाय जैसी शाकाहारी प्रजातियों के लिए ताजी घास का नया भंडार भरने लगता है, वहीं शिकारी जीवों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र संतुलित होने लगता है। बादलों की गड़गड़ाहट के बीच मोर पंख फैलाकर नृत्य करने लगते हैं। पक्षियों के घोसले आबाद होने लगते हैं। मेढ़कों का सामूहिक स्वर जंगल में जीवन की वापसी का ऐलान करता है और कीट-पतंगे तथा तितलियां जो गर्मी में निष्क्रिय हो जाती हैं, फिर से सक्रिय हो उठती हैं। वास्तव में पहली बारिश केवल मौसम का परिवर्तनभर नहीं होता बल्कि जंगल के लिए पुनर्जन्म सरीखा होता है। यह वह समय है जब प्रकृति अपने करोड़ों जीवों को संदेश देती है कि संघर्ष का दौर बीत चुका है और अब जीवन प्रजनन, विकास और आशा का नया युग आरंभ हो रहा है।

वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक क्योंकि वर्षा के साथ वनस्पतियों की वृद्धि होती, भोजन की उपलब्धता बढ़ जाती है और अनेक जीवों का प्रजनन चक्र शुरू हो जाता है। इसलिए जून और जुलाई को भारत के वन्यजीव कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण महीनों में गिना जाता है। गर्मी में जानवरों को पानी और भोजन के लिए लंबी-लंबी दूरियां तय करनी पड़ती हैं। लेकिन पहली बारिश के साथ ही जंगलों में जीवनदायी ऊर्जा लौट आती है। नयी घास उगने लगती हैं, झाड़ियां हरी हो जाती है, जो कि शाकाहारी जीवों के लिए वरदान होती है। हिरण, चीतल, सांभर, नील गाय और जंगली खरगोश जैसे शाकाहारी जीव मानसून के दौरान भरपूर भोजन प्राप्त करते हैं, तो इनकी बेहतर सेहत का लाभ पूरी खाद्य श्रृंखला तंत्र को मिलता है। इस मौसम में बाघ, तेंदुआ और जंगली कुत्तों को पर्याप्त शिकार उपलब्ध होता है। मानसून का सबसे जीवंत प्रभाव तो पक्षियों पर दिखायी देता है। ज्यादातर पक्षी प्रजातियां मानसून में ही प्रजनन करती हैं। इसलिए मानसून के शुरू होते ही पेड़ों की शाखाओं पर घोसले दिखने लगते हैं और जंगल नये पक्षियों की आवाजों से गूंज उठता है। मेढ़को जैसे उभयचरों के लिए भी यह मौसम सबसे अच्छा होता है। वर्षा आने के साथ ही सूखी धरती पर उनकी सक्रियता बढ़ जाती है। शाम होते ही जंगलों और खेतों में मेढ़कों की सामूहिक टर-टर की सुनायी पड़ती आवाज, वास्तव में उनके प्रजनन व्यवहार का हिस्सा होती है। यही समय उनकी अगली पीढ़ी के जन्म का भी होता है। कीट-पतंगों की दुनिया भी मानूसन के साथ जीवंत हो उठती है। तितलियां, ड्रेगन फ्लाइ, बीटल और अनेक प्रकार के कीट, बड़ी संख्या में दिखाई देने लगते हैं। ये छोटे जीव केवल जैवविविधता का हिस्साभर नहीं होते बल्कि पक्षियों, कई तरह के सरीसृपों और अन्य जीवों के लिए भोजन का महत्वपूर्ण स्त्रोत होते हैं। इस प्रकार मानसून जंगल के खाद्य जाल को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाता है। इन दिनों सरीसृपों की गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं। सांप, छिपकली और अन्य जीव बारिश के दौरान अधिक दिखायी देते हैं। अकसर इन्हें खतरे के रूप में देखा जाता है। लेकिन वास्तविकता ये है कि बारिश के कारण इनके प्राकृतिक आवासों में पानी भर जाने का ये नतीजा होता है। ये सुरक्षित स्थानों की तलाश में अपने घरों से निकलते हैं और वन्यजीवों के प्रति जागरुक और संवेदन शील बनने का संदेश देते हैं।

मानसून जंगलों की वनस्पतियों के लिए जीवन लेकर आता है। पेड़-पौधों में तेजी से विकास होता है। बीजों का अंकुरण बढ़ता है, नये पौधों का जन्म होता है और जंगलों के प्राकृतिक पुनर्जीवन का चक्र मजबूत होता है। यदि पर्याप्त वर्षा हो जाए तो जंगल आने वाले पूरे वर्ष के लिए अपनी जैविक उत्पादकता बढ़ा देते हैं। हालांकि बदलती जलवायु ने इस प्राकृतिक चक्र के सामने नई तरह की चुनौतियां खड़ी कर दी है। कई क्षेत्रों में मानसून आज कल देर से पहुंच रहा है। जबकि देश के कई हिस्से अतिवृष्टि यानी ज्यादा बारिश का शिकार होते हैं। इसका प्रभाव वन्यजीवों के व्यवहार, भोजन की उपलब्धता और उनके प्रजनन चक्र पर पड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में वन्यजीव संरक्षण की रणनीतियों में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को विशेष रूप से शामिल करना होगा। क्योंकि मानसून हमें यह सिखाता है कि जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं होता बल्कि जीवंत और जटिल संसार है।

**के. पी. सिंह.**

# मनुष्य पूर्ण नहीं होता

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक में कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्लयुद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

अंतर्दृष्टि

# लट्ठन गुरु का जलवा

व्यंग्यलोक

हमारे गांव-जवार में लठ्ठन गुरू का जलवा है। वह लम्बी कद काठी के गबरू उमरदार जवान हैं। हालांकि उमर उनकी साठा है लेकिन अपने को वह किसी गबरू से कम नहीं समझते। फीट भर की हासिएदार मुंछें और छह फिट की लाठी रखते हैं। सिर पर कलकत्तईया गमछा और पूरे वदन पर पाव भर कड़वा तेल की मालिश करते हैं। लठ्ठन गुरू को लोग छुट्टे सांड के उपनाम से भी बुलाते हैं। बेचारे जुबान से थोड़ा पातर हैं, लेकिन गलत कभी बर्दास्त नहीं करते। उनकी निगाह में अगर कहीं गलत दिख गया तो पूरे छुट्टे सांड बन जाते हैं। फिर निगाह में आने वाले की ऐसी-तैसी हो जाती है। इसलिए हमारे गांव-जवार में लोग लठ्ठन गुरू का बड़ा अदब करते हैं।



प्रभुनाथ शुक्ल

हमारी काशी तो सांडो की जन्म और कर्म स्थली है। काशी में जहाँ जाइएगा वहां सांड पाइएगा। बाबा दरबार से लेकर गंगा घाट तक। चौराहे से लेकर सब्जी मंडी और गली तक सांड ही सांड दिख जायेंगे। कभी-कभी तो जब अपने पर उतर आते हैं तो पूरी सड़क और गली में जाम लग जाता हैं। ठेंगे से जाम लगे अलमस्त पागुर करते और बीच सड़क पर उंघते दिख जाएंगे। आप हॉर्न बजाइए या घंटा कोई फर्क नहीं। काशी वालों को जीने का अंदाज ही कुछ अलग है। यहाँ की विंदास जिंदगी सांड की मस्ती से कम नहीं है। क्योंकि यहाँ बाबा की कृपा बरसती है। वैसे भी यहाँ के साहित्यकार भी अपने नाम के आगे सांड लगाना नहीं भूलते हैं। राजनीति में भी यहाँ से जो चुन कर जाता है वह सांड बन जाता है।

हमारे यहाँ वैसे भी सांडो का आतंक है। किसानों की फसल आराम से सांड चट कर जाते हैं। किसान विरोध करता है तो उसकी हड्डी-पसली तितर-वितर हो जाती है। हुंकाराते और अखड़ाते सांड उसे छोड़ते नहीं हैं। वैसे भी सांड हमारी राजनीति का अहम मुद्दा है। चुनावी मौसम में तो सियासी सांडों और असली सांडो से कई बार हेलीपैड और चुनावी सभाओं में मुकाबला हो चुका है। लेकिन अब सबसे बड़ी समस्या इंसानी सांडों से है। आजकल इंसानी सांड बेलगाम हो चले हैं। वह राह चलती बेटियों को निशाना बना रहें हैं। दुपट्टा खींच रहें हैं। निर्दोष बेटियों को कुचल रहें हैं। बेलगाम सोहदे एवं मनचले सांडों ने तांडव मचा रखा है। अब देखना है! ऐसे सांडो पर बाबा का बुलडोजर वाला सांड कब हुंकार मारता है।

## आपकी बात

### खाली पदों को भरे सरकार

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे। कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। इससे उनकी सेवा सुरक्षा को तय करना चाहिए। दरअसल सरकार को आउटसोर्सिंग भर्तियों के बजाय संविदा भर्तियां करनी चाहिए ताकि ठेकेदारों के शोषण से युवाओं को बचाया जा सके। दरअसल आउटसोर्सिंग कर्मियों का शोषण कई तरीके से सेवा प्रदाता करते हैं। यहां तक कि उनके वेतन कई महीनों तक नहीं देते हैं और धन उगाही भी करते रहते हैं।

**महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.**

### नवाचार को प्रोत्साहन

तकनीकी प्रधान इस युग में स्टॉर्टअप कंपनियों ने लोगों के जीवन को आसान बनाने में महती भूमिका निभाई है। आज ये आम जनजीवन के लिए इतनी जरूरी हैं कि इनके विकास जीवन कठिन हो जायेगा। इसलिए सरकार को स्टार्टअप कंपिनयों की मदद करनी चाहिए ताकि वे डूबने न पायें। अगर स्टॉर्टअप फेल होते हैं, तो इससे लोगों का भरोसा कमजोर होगा और देश तेजी से आगे बढ़ रहे स्टॉर्टअप के सामने चुनौतियों बढ़ेंगी। स्टॉर्टअप के महत्व और भारत की आर्थिक प्रगति में इनकी भूमिका को देखते हुए सरकार ने स्टॉर्टअप नीति लागू की है। आईआईटी और अन्य तकनीकी संस्थानों में स्टॉर्टअप को मदद के लिए, प्रौद्योगिकी एवं वित्तीय सहायता के लिए योजनाएं शुरू की गयी हैं। इसका परिणाम आज देश को एक बेहतर स्टॉर्टअप इको-सिस्टम के रूप में मिल रहा है। प्रौद्योगिकी के सहारे आइडिया के बाजीगरों ने तमाम स्टॉर्टअप खड़े किये। इनसे करोड़ों को लोगों को रोजगार मिला है और भारत की आर्थिक प्रगति की कहानी लिखने में आज स्टॉर्टअप सबसे आगे हैं। लेकिन हाल के वर्षों में स्टॉर्टअप को लेकर अनेक चिंताएं भी पैदा हुई हैं। अचानक स्टॉर्टअप के लुप्त हो जाने, लंबे समय तक घाटे में रहने और आक्रामक विस्तार के लिए अत्यधिक कर्ज लेने के कारण कई बार स्टॉर्टअप मुसीबत में आये हैं। यह भी कि स्टॉर्टअप जब शुरू होते हैं, तो सरकार उनको कई तरह के नियमों-कानूनों एवं रेग्युलेटरी कंप्लायंस में राहत देती है ताकि ये अपनी ऊर्जा का उपयोग प्रगति के लिए कर सकें। लेकिन जब स्टॉर्टअप बड़े हो जाते हैं, तो उनको नियमों का पालन ठीक से करना चाहिए। स्टार्टअप हमारी अर्थव्यवस्था को विकसित बनाने और देश को दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने की संभावनाओं से भरे हुए हैं। इसलिए सरकार को नवोदित उद्यमियों, नवाचार को संकल्पित युवाओं को हर तरह से मदद देनी चाहिए।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## नो व्हिकल डे पर पैदल कार्यालय पहुंचे कुलपति



मिल्कीपुर-अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डा. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार पड़े नो व्हिकल डे पर वीआईपी गेस्टहाउस से पैदल ही निकल पड़े। कुलपति एक किलोमीटर पैदल चलकर कुलपति कार्यालय पहुंचे। वे गेस्टहाउस से नौ बजकर 30 मिनट पर कुलपति कार्यालय के लिए निकल पड़े। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण के आह्वान के बाद से कृषि विवि में प्रत्येक मंगलवार को नो व्हिकल डे घोषित है। कुलपति का सरकारी वाहन आवास पर ही रहा। इस मौके पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कुलपति ने इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रयोग पर जोर दिया। कहा कि प्रकृति की रक्षा करना है तो ऐसे वाहन जरूरी है। छात्र-छात्राएं भीषण गर्मी में छाता लेकर क्लास करने के लिए पहुंचे तो कई शिक्षक और कर्मचारियों ने ई-रिक्शा और साइकिल का प्रयोग किया। विवि परिसर में शिक्षक, वैज्ञानिक और कर्मचारी मिलाकर लगभग 1500 लोग निवास कर रहे हैं जो रोजाना कार्यालय आने-जाने में वाहनों का प्रयोग करते हैं। इस दौरान कुलपति के सचिव डा. जसवंत सिंह सहित अन्य लोग उनके साथ में मौजूद रहे।

## बेवजह जेल भेजने पर पुलिस अफसर भरेंगे हर्जाना

बहराइच। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब पुलिस अधिकारी केवल ₹शांति भंग की आशंका₹ का हवाला देकर किसी नागरिक को मनमाने ढंग से जेल नहीं भेज सकते कोर्ट ने कहा कि कानून का दुरुपयोग कर नागरिकों की स्वतंत्रता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा हाईकोर्ट ने आदेश दिया है कि यदि किसी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है तो उसकी ज़िम्मेदारी तय होगी और संबंधित अधिकारियों को इसकी कीमत अपनी जेब से चुकानी पड़ सकती है... अदालत ने एक मामले में पुलिस कमिश्नर, प्रयागराज को 14 सितंबर 2026 तक आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का सख़्त निर्देश भी दिया है

## अवध विवि परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के तत्वाधान में चल रही 30 दिवसीय स्वच्छता उत्प्रेरक कार्यशाला के अंतर्गत मंगलवार को श्री राम शोधपीठ, उत्तर पुस्तिका संग्रह भवन, परीक्षा भवन तथा श्री राम शलभ भवन, आवासीय परिसर के परिक्षेत्रो की गहन साफ सफाई के साथ कक्षाओं एवं फर्श की व्यापक स्वच्छता की गई। परिसर में कार्यरत स्वच्छताकर्मियों, गैर शैक्षणिक कर्मचारी एवं शिक्षकों ने अपना सराहनीय सहयोग प्रदान किया। स्वच्छता उत्प्रेरक कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे सभी सुधीजनों के उत्साहवर्धन हेतु बतौर मुख्य अतिथि प्रो जय नारायण पांडे, आरजी पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज, संत गहिरा विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ ने बताया कि स्वच्छ परिसर में स्वच्छ मनः स्थिति का प्रस्फुटन होता है । शैक्षणिक संस्थाएं समाज के लिए पथ प्रदर्शन का कार्य करती है, अतः स्वच्छ एवं सुंदर परिसर की परिकल्पना के परिपेक्ष्य में स्वच्छता एवं बागवानी प्रकोष्ठ, विशिष्ट अतिथि के रूप में एमबीए विभाग के वरिष्ठ आचार्य हिमांशु शेखर सिंह रहे।

# ज्येष्ठ माह के छठे मंगलवार को भंडारे का हुआ आयोजन

### श्रद्धा और उत्साह से श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद





अयोध्या। ज्येष्ठ माह के छठे बड़े मंगलवार को जनपद में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। सिविल लाइन रोडवेज पर श्रद्धा और उत्साह के साथ भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने भगवान हनुमान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं विश्व कल्याण की कामना करते हुए किया। भण्डारे का आयोजन जिला पंचायत सदस्य इंद्रभान सिंह ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, यात्रियों तथा स्थानीय नागरिकों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। पूरे परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजकों द्वारा आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन एवं प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई थी। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, बूंदी तथा शरबत का वितरण किया गया। सेवा कार्य में जुटे स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं का स्वागत कर उन्हें प्रसाद वितरित किया। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि ज्येष्ठ माह के मंगलवार भगवान हनुमान की भक्ति और सेवा भावना के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और सहयोग की भावना मजबूत होती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं के सुख, समृद्धि और प्रदेश के विकास की कामना की दिर शाम तक श्रद्धालुओं का प्रसाद ग्रहण करने का सिलसिला जारी रहा। मौके पर अवधेश पांडे बादल, संजीव सिंह, कमला शंकर पांडे, अभिषेक मिश्रा, शक्ति सिंह, कृष्ण कुमार पांडे, सुनील तिवारी शास्त्री मनोज वर्मा, रवि सोनकर, विश्वनाथ सिंह, डा विवेक सिंह, भानु प्रताप सिंह, भोला वर्मा, राघवेंद्र पांडे सहित बडी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। अयोध्या न्यास द्वारा जिले के चार प्रमुख स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। हैरिंग्टनगंज बाजार, बीकापुर पोस्ट ऑफिस के सामने, दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड तथा सहादतगंज हनुमानगढ़ी पर आयोजित भंडारों में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने भगवान हनुमान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पूजा-अर्चना के साथ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश एवं देशवासियों के सुख, समृद्धि और मंगल की कामना की। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि बड़े मंगलवार का पर्व सेवा, समर्पण और लोककल्याण की भावना को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से समाज में एकता, सद्भाव और सहयोग की भावना को बल मिलता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बड़े मंगलवार की शुभकामनाएं भी दीं। चारों स्थानों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। भंडारे में पूड़ी, सब्जी, बूंदी, तथा सहादतगंज हनुमान गढी पर लस्सी का वितरण किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं एवं स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य में सहयोग किया।

राज्य सेतु निगम लिमिटेड की ओर से तहसील सदर परिसर के निकट स्थित कार्यालय परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, रामभक्तों एवं स्थानीय लोगों ने सहभागिता कर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का शुभारंभ राज्य सेतु निगम के उप परियोजना प्रबंधक रोहित अग्रवाल तथा सहायक अभियंता चंद्र प्रकाश वर्मा ने हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं धूप-दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया। इसके बाद हनुमान चालीसा एवं जयकारों के बीच प्रसाद वितरण शुरू हुआ। आयोजकों ने बताया कि जेठ माह के बड़े मंगलवारों का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी परंपरा के निर्वहन एवं जनसेवा की भावना से भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी-सब्जी, बूंदी तथा शरबत का प्रसाद वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बीच शरबत की व्यवस्था लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

## पत्रकारों को मिले सुरक्षा व मूलभूत सुविधाएं : राजन पांडेय

### समाजसेवी ने प्रेस क्लब को उपलब्ध करवाया आधुनिक साउंड सिस्टम



अयोध्या। प्रेस क्लब अयोध्या से किए गए वादे के अनुसार समाजसेवी राजन पांडेय ने मंगलवार को अपनी पत्नी पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ तृप्ति पांडे और पुत्र जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडेय के माध्यम से प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव को आधुनिक साउंड सिस्टम उपलब्ध करवाया। समाजसेवी राजन पांडेय ने बताया कि उनकी सरकार से मांग है कि पत्रकारों के परिजनों को गुजारा भत्ता दिए जाने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने, 20 लाख तक का इलाज, नए पत्रकारों को 10 हजार एवं वरिष्ठ पत्रकारों को 25 हजार प्रति माह गुजारा भत्ता दिए जाने, एक करोड़ तक का जीवन बीमा, सरकार की योजनाओं में आवास विकास एवं विकास प्राधिकरण के माध्यम से भवन प्लाट उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार को तत्काल पत्रकारों द्वारा सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अराजक तत्वों के विरुद्ध खबरों को उजागर करने में उन्हें निरंतर धमकियां मिलती रहती हैं तथा उनके साथ मारपीट एवं अन्य दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। जिसमें कई कलमकार अपनी जान गंवा चुके हैं। साथ ही साथ सरकार द्वारा कोई उचित सहायता न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय होती है। जिससे उन्हें स्वयं सहित परिवार को तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसलिए सरकार को विशेष नजर रखने की जरूरत है। वहीं प्रेस क्लब अयोध्या ने समाजसेवी राजन पांडेय का आभार व्यक्त करते हुए सरकार से जल्द मांगों को मानने की अपील की है। समाजसेवी राजन ने कहा कि हमारे देश की आजादी सहित वर्तमान प्रगति में देश के चैथे स्तंभ पत्रकार साथियों की बड़ी भूमिका रही है उनके द्वारा ही आम जनमानस की आवाज सरकार तक पहुंचाई जाती है इसलिए हमें इनकी जरूरतों का विशेष ध्यान देना चाहिए।

इसी क्रम में समाजसेवी ने प्रेस क्लब अयोध्या में आने वाले पत्रकार और आमजन मानस को ठंडा पानी मिल सके इसके लिए 200 लीटर की फ्रिज और एक आधुनिक साउंड सिस्टम अपने निजी खर्च से उपलब्ध करवाया गया। समाजसेवी राजन ने कहा कि पत्रकारिता का कार्य पूजा है जिसको बिना भेदभाव बिना ईर्ष्या बिना लालच के किया जाना चाहिए तभी आप समाज की वास्तविकता को दिखा सकते है। प्रेस क्लब अयोध्या के अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव ने समाजसेवी राजन पांडेय की सराहना करते हुए कहा कि उनके द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में जो ज्वाला जलाई गई है उसकी आभा आज पूरे अयोध्या जनपद में दिख रही है।

## आबकारी विभाग ने करवाया विशाल भंडारा



बाराबंकी। ज्येष्ठ माह के छठवे बड़े मंगल पर बजरंगबली के जयकारे के साथ जनपद के आबकारी विभाग द्वारा सुन्दरकाड़ पाठ व विशाल भण्ड़ारे का आयोजन किया गया। जंहा जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय व जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने संयुक्त रुप से हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर भण्डारे का शुभारम्भ किया। जिसमे हनुमान भक्तो द्वारा पूड़ी-सब्जी, बूदी का प्रसाद ग्रहण किया गया। इससे पूर्व आबकारी निरीक्षक प्रथम इंगिता पाण्डे, आबकारी निरीक्षक रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र पाल, आबकारी निरीक्षक हैदरगढ़ राजेश कुमार तिवारी, आबकारी निरीक्षक सिरौलीगौसपुर अशोक कुमार, आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह चैहान, आबकारी निरीक्षक रामनगर उमाशंकर चैधरी, आबकारी निरीक्षक फतेहपुर गजेन्द्र प्रसाद, आबकारी निरीक्षक होलसेल देवेश अग्निहोत्री ने संयुक्त रुप से हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सुन्दरकाड़ पाठ का शुभारम्भ किया। इस मौके पर हेड़ आबकारी सिपाही अमजत खान, विशाल सिंह, दीपक मिश्रा, आशूतोष सिंह समेत स्टाफ मौजूद रहा।

## फेंक एनकाउंटर कराकर केवल अपनी पीठ थपथपा रही सरकार: लालजी वर्मा




गोसाईंगंज-अयोध्या। महंगाई, भ्रष्टाचार व खाद की किल्लत के विरोध में समाजवादी पार्टी का जोरदार धरना प्रदर्शन गोसाईगंज विधानसभा के मुख्यालय गोसाईंगंज कस्बे के बरदही बाजार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अम्बेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद लालजी वर्मा ने सपा कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार,पिछड़े अल्पसंख्यकों के प्रति सौतेला व्यवहार किये जाने का आरोप लगाते हुए भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। सांसद ने महिला आरक्षण विधयेक पर भी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए सरकार की नियत में खोट बताते हुए सरकार के सबका साथ सबका विकास के नारे को छलावा बताया। पिछड़े और अनुसूचित जातियों के आरक्षण पर डाका डालने का आरोप लगाते हुए सरकार की विदेश नीति को फेल बताया ,कहा कि पाकिस्तान के मसले पर सरकार की गलत नीतियों के कारण आज कोई देश भारत के साथ नही खड़ा हुआ।

## भगवान बिरसा मुंडा की 126वीं पुण्यतिथि मनायेगी कांग्रेस




बहराइच। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 126वीं पुण्यतिथि एवं विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा अंडमान-निकोबार की प्राकृतिक धरोहर, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण के लिए चलाए जा रहे ऑनलाइन जन-अभियान ₹अंडमान-निकोबार बचाओ₹ से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से आज बहराइच के महात्मा गांधी भवन (कांग्रेस भवन) बहराइच में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जीतेंद्र प्रताप सिंह जीतू, समर्पित कांग्रेस जन उत्तर प्रदेश के संयोजक इंद्र कुमार यादव 'गांधीवादी', कांग्रेस सेवादल के नेता विजय पोरवाल, पूर्व प्रदेश महासचिव मानवाधिकार विभाग मूलचंद,राम समुझ यादव,द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित की गई ! प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जीतेंद्र प्रताप सिंह 'जीतू', ने कहा कि अंडमान-निकोबार द्वीप समूह देश की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर हैं यहां की जैव विविधता,वन संपदा और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र को तथाकथित विकास परियोजनाओं के नाम पर नुकसान पहुंचाना आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ अन्याय होगा ! कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ग्रेट निकोबार द्वीप के लगभग 161 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र को बड़े कॉरपोरेट हितों के हवाले करने की दिशा में कार्य कर रही है यह केवल पर्यावरण पर हमला नहीं, बल्कि देश की प्राकृतिक विरासत और आदिवासी समुदायों के अधिकारों पर भी गंभीर आघात है उन्होंने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण किसी राजनीतिक दल का विषय भर नहीं,बल्कि मानव सभ्यता और आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व का प्रश्न है।

## डीएम ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद से होकर गुजरने वाले किसी भी राष्ट्रीय अथवा राज्य राजमार्ग पर विशेष अभियान चलाकर सभी अवैध कटों को चिन्हित कर तत्काल बंद कराने व संबंधित विभाग नियमित निगरानी किये जाने को लेकर निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने हैदरगढ़-सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित दुर्घटना बाहुल्य स्थलों की विशेष समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वहां रम्बल स्ट्रिप, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, स्पीड कंट्रोल उपायों सहित सभी सड़क सुरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। जनपद की सभी प्रमुख सड़कों का क्रमवार सर्वे कराया जाए तथा दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों की पहचान कर कार्ययोजना तैयार करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए। अवैध मिट्टी खनन के विरुद्ध सतत अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही के साथ-साथ डंपरों के सीलिंग की कार्यवाही के साथ साथ जिन स्थलों पर वैध खनन की अनुमति प्रदान की जाये उनके परिवहन मार्ग पूर्व निर्धारित करने तथा अनुमोदित मार्गों का ही उपयोग सुनिश्चित किया जाये। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी यातायात आलोक पाठक, एआरटीओ अमिताभ राय, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, खनन विभाग, पुलिस विभाग तथा जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## 2 सुपरवाइजरों को एसडीएम व ईओ बंकी ने प्रशस्ति पत्र, पौधा देकर किया सम्मानित



बाराबंकी। भारत जनगणना 2027 के प्रथम चरण के कार्य में लगे प्रगणकों का पर्यवेक्षणीय कार्य देख रहे 7 सुपरवाइजरों में अपने आवंटित सर्किल का कार्य पूर्ण करने वाले 2 सुपरवाइजर किरन सिंह, रेनू वर्मा को उपजिलाधिकारी नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल, चार्ज अधिकारी व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बंकी मोहिनी केसरवानी ने प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात नगर पंचायत बंकी अधिशासी अधिकारी ने बंकी-मंझपुरवा मार्ग पर चल रहे नाला निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण करते हुये लगायी जा रही सामग्री की गहनता से जांच की। तथा सम्बन्धित ठेकेदार को गुणवत्तापरक कार्य कराये जाने को लेकर निर्देशित किया।

## जनता दर्शन में एसपी ने किया जनसुनवाई



बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच श्री विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया । जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी उपस्थित रहें।

## रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार, थाने में तैनात उपनिरीक्षक हिरासत में

बहराइच। भ्रष्टाचार निवारण संगठन देवीपाटन मण्डल गोंडा की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना रिसिया में तैनात उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सुभाष चन्द्र को 5,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने 09.06.2026 को दोपहर 2:17 बजे आरोपी के निजी सरकारी कमरे थाना कार्यालय, थाना रिसिया में यह कार्रवाई की। शिकायतकर्ता श्री राम हुकुम मौर्य पुत्र स्व0 राम भरसे मौर्य निवासी ग्राम रमुवापुर, थाना रिसिया ने शिकायत की थी कि छेड़खानी के दर्ज मुकदमे में धारा बढ़ाकर जेल न भेजने के एवज में उ0नि0 सुभाष चन्द्र चौहान ने 5,000 रुपये रिश्वत मांगी थी। शिकायत के सत्यापन के बाद टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को रिश्वत लेते दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी सुभाष चन्द्र चौहान पुत्र स्व0 रामानन्द चौहान निवासी ग्राम टेकुआ पाटी, पो0 भीटी रावत थाना सहजनवां, जनपद गोरखपुर मूल रूप से है। उसके खिलाफ थाना कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## सातों विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा



बहराइच। जनपद के बंजारी मोड़ स्थित होटल राधा कृष्णा पैलेस में रविवार को राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा के संगठन विस्तार एवं आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष पंडित दीपक त्रिवेदी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व न्यायाधीश चंद्र भूषण पांडेय, राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट अनिल मिश्र तथा उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व डीआईजी जुगुल किशोर तिवारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संगठन को प्रदेश भर में मजबूत बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पंडित दीपक त्रिवेदी ने कहा कि वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में जनता को एक सशक्त, ईमानदार और जनहितैषी राजनीतिक विकल्प उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सुशासन, सामाजिक न्याय और जनकल्याण के मुद्दों पर संघर्ष करेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय विकल्प मोर्चा जनपद की सभी सातों विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारेगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत बनाने, जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा आगामी चुनावों में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद विधि प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष एडवोकेट बाबू राम तिवारी, जिलाध्यक्ष शिव कुमार तिवारी, महामंत्री दिलीप त्रिपाठी, इंजीनियर प्रांजल त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष कृपा राम मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी राकेश पांडेय, नगर अध्यक्ष जगदंबिका प्रसाद मिश्र, जिला सूचना मंत्री राम गोपाल शर्मा, मनीष पाठक, प्रवीण पाण्डेय, जिला सचिव सुरेश दुबे, जिला सचिव दिलीप मिश्र, व्यापार प्रकोष्ठ जिला मंत्री अखिलेश दूबे, सिद्धार्थ श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## खाद, डीजल, पेट्रोल गैस की बढ़ती कीमतों पर सांसद तनुज पुनिया ने की चर्चा



बाराबंकी। छाया चैराहा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन की अध्यक्षता मे मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने खाद, डीजल, पेट्रोल गैस की बढ़ती कीमतों पर चर्चा करते हुये कहा कि वर्तमान योगी, मोदी सरकार किसान नौजवान एवं गरीब त्राहि त्राहि कर रहा है। जिससे चारों तरफ आक्रोश का माहौल है। यूरिया एवं डी0ए0पी0 एन0पी0के0 आदि खादों को लेकर किसान काफी परेशान है और समितियों पर खाद उपलब्ध ही नही है। जिससे किसान इधर उधर भटक रहा है और कालाबाजारी से खाद खरीद रहा है। तहसील स्तर पर पांचों विधानसभा के ब्लाक अध्यक्ष इन समस्याओं के खिलाफ ज्ञापन दें। बैठक में अमरनाथ मिश्रा, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटो वाला, अजीत वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, अखिलेश वर्मा, मोईनुद्दीन अंसारी, अकील इदरीसी, फरीद अहमद मोहम्मद जिशान, राधेश्याम वर्मा, अनिल तिवारी, रमेश कश्यप, केशवराम धीमान, सुमन वर्मा, शिवदेवी, कौशल किशोर, रमेश कश्यप, श्रवण कुमार रावत, सारिक अली मौजूद रहे।

## परिवहन आयुक्त ने किया एआरटीओ कार्यालय का औचक निरीक्षण

### ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन परमिट की स्थिति का लिया जायजा



बाराबंकी। परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परिवहन आयुक्त ने विभिन्न पटलो पर पहुंचकर कार्यप्रणाली की समीक्षा कर आम नागरिकों को दी जा रही सेवाओं और लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। तथा अधिकारियों से कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने को लेकर निर्देशित किया। परिवहन आयुक्त ने सारथी और वाहन पोर्टल पर लंबित आवेदनों को तत्काल निस्तारित कर पेंडेंसी शून्य करने, रिकॉर्ड रूम के अभिलेखों और दस्तावेजों के व्यवस्थित संधारण पर विशेष जोर दिया। इस दौरान उन्होने विभिन्न पटलो पर उपस्थित बाबूओ से फाइलों के लंबित होने, पंजीकरण कार्यों, और आम जनता की शिकायतों की स्थिति का विस्तृत जानकारी ली। तथा कार्यालय मे जनता को होने वाली परेशानियों और सेवाओं (ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों के रजिस्ट्रेशन, और परमिट) के संचालन का भी फीडबैक लिया। परिवहन आयुक्त ने ड्राइविंग लाइसेंस की फेसलेस सेवाओं को लेकर प्रचार प्रसार किये जाने को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान व्यवस्थाये चाक चैबंद पाये जाने पर परिवहन आयुक्त ने अधिकारियो व कर्मचारियो की सराहना भी की। इस मौके पर परिवहन आयुक्त ने कहा कि किसी भी व्यवस्था में सुधार की संभावना हमेशा बनी रहती है। विभाग नागरिकों को बेहतर सेवाये देने के लिए लगातार प्रयासरत है। विभाग की सेवाएं आम जनता के लिए ऑनलाइन उपलब्ध हैं। विभाग इन सेवाओं को और बेहतर एवं पारदर्शी बनाने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर उप परिवहन आयुक्त अयोध्या राजकुमार सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, मोटर यान निरीक्षक बलवन्त सिंह यादव सहित कार्यालय के अधिकारी मौजूद रहे।

# मोदी ने पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर चिंता जतायी

## प्रधानमंत्री ने कुवैत के अमीर से फोन पर बातचीत की

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जाबेर अल सबाह से फोन पर बातचीत की और पश्चिम एशिया में उभरती सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की तथा क्षेत्र में शीघ्र शांति बहाली के लिए तनाव घटाने और कूटनीति पर जोर दिया।



प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने पर गहरी चिंता व्यक्त की तथा कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों को लेकर भारत की कड़ी निंदा को दोहराया। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जाबेर अल सबाह से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में उभरती सुरक्षा स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए तनाव घटाने तथा संवाद और कूटनीति का उपयोग करने की अपील को दोहराया। मोदी ने कुवैत में बड़ी संख्या में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा के लिए अमीर द्वारा व्यक्तिगत रूप से ध्यान दिए जाने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। दोनों नेताओं की यह बातचीत, 3 जून को कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए ईरानी हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत होने के कुछ दिनों बाद हुई है। यह हमला इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुआ था। इससे पहले, 30 मार्च को कुवैत में एक विद्युत और जल विलवणीकरण संयंत्र पर ईरानी हमलों में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई थी।

## तृणमूल नेताओं ने बागी सांसदों पर राजनीतिक नैतिकता की कमी और भाजपा से संबंध होने का लगाया आरोप

नयी दिल्ली। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं कल्याण बनर्जी और कीर्ति आजाद ने मंगलवार को पार्टी के बागी सांसदों पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर राजनीतिक नैतिकता की कमी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से संबंध रखने और संकट के समय पार्टी कार्यकर्ताओं को छोड़ने का आरोप लगाया। बनर्जी ने यह सवाल भी उठाया कि बागी सांसदों के पास अगर उतना समर्थन था जितना वो दावा कर रहे थे, तो वे औपचारिक रूप से भाजपा में क्यों शामिल नहीं हो रहे। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा उन्हें नहीं लेगी। यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह प्रेस वार्ता उन दावों के जवाब में बुलाई गई है, जिनमें बागी सांसदों ने कहा था कि लोकसभा में पार्टी के अधिकतर सांसद उनके समर्थन में हैं और वे एक अलग गुट के रूप में मान्यता लेने की तैयारी कर रहे हैं।

## पीओके में हुई जानलेवा हिंसा पर पाकिस्तान को जवाबदेह ठहराये वैश्विक समुदाय : भारत



नयी दिल्ली। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में लोगों के साथ की गई बर्बरतौ के लिए भारत ने मंगलवार को इस्लामाबाद की कड़ी आलोचना की और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कहा कि वह उस देश को उसकै अत्याचारों के लिए जवाबदेह ठहराए।

पीओके के कई इलाकों में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई में कथित तौर पर 20 से ज्यादा लोगों की मौत के बाद भारत की प्रतिक्रिया आई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि इस्लामाबाद ने अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के कथित उल्लंघन से ध्यान भटकाने कौ हताशा भरौ कोशिशें की हैं। इस संदर्भ में, हम पाकिस्तान से आने वाली फेक न्यूज और वीडियो का एक चलन लगातार देख रहे हैं। यह पाकिस्तान की अपनी नाकामियों को छिपाने और मानवाधिकारों के उल्लंघन से ध्यान भटकाने की एक हताशा भरी कोशिश है। जायसवाल ने कहा, पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पुलिस की भारी बर्बरता की खबरें हैं, जिसमें कई प्रदर्शनकारी मारे गए हैं और कई घायल हुए हैं। हमें उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय पाकिस्तान को उसके गलत कामों और ज्यादतियों के लिए जवाबदेह ठहराएगा। वह प्रेस वार्ता में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

## संक्षेप

### यौन दुराचार के आरोपों पर निर्णय होने तक आईसीसी के मुख्य अभियोजक निलंबित

नीदरलैंड। अंतरराष्ट्रीय अपराध अदालत (आईसीसी) के मुख्य अभियोजक करीम खान को यौन दुराचार के आरोपों के चलते सोमवार देर रात उनके दायित्वों से निलंबित कर दिया गया। यह अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के इतिहास में अभूतपूर्व कदम माना जा रहा है। यह कदम अदालत के एक जांच निकाय द्वारा खान के मामले में अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश करने के बाद उठाया गया। 56 वर्षीय ब्रिटिश बैरिस्टर करीम खान पर उनकी एक महिला सहयोगी के साथ कथित यौन दुराचार करने के आरोप हैं। यह मामला पिछले दो वर्षों से अधिक समय से विवाद का विषय बना हुआ है। खान ने लगातार सभी आरोपों से इनकार किया है। खान के भविष्य पर अंतिम निर्णय अब आईसीसी की निगरानी संस्था असेंबली ऑफ स्टेट्स पार्टीज को लेना है। यह संस्था विशेष बैठक बुलाकर तय करेगी कि खान वैश्विक न्यायालय में अपने पद पर बने रह सकते हैं या नहीं। असेंबली ऑफ स्टेट्स पार्टीज के ब्यूरो ने एक बयान में कहा कि उसका निर्णय यूनाइटेड नेशन्स ऑफिस ऑफ इंटरनल ओवरसाइट सर्विसेज द्वारा की गई जांच रिपोर्ट, उससे संबंधित साक्ष्यों, न्यायिक विशेषज्ञों के एक तदर्थ पैनल की सलाह और लिखित प्रस्तुतियों पर आधारित है।

## विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र दुर्घटना: मृतकों के परिजनों को दिया जायेगा 1.72 करोड़ का मुआवजा

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड दुर्घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक नियमित कर्मचारी के परिवार को 1.72 करोड़ रुपये और प्रत्येक संविदा कर्मचारी के परिवार को 45.75 लाख रुपये मुआवजा दिया जाएगा। सोमवार शाम को संयंत्र के स्टील मेल्ट शॉप-। में पिघले हुए इस्पात की ढलाई के दौरान भीषण विस्फोट हुआ, जिसमें आठ श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य मजदूर घायल हो गए। विस्फोट के कारण भीषण आग लग गई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुआवजा राशि में मृतक कर्मचारियों के सभी वैधानिक और अंतिम लाभ शामिल होंगे। कल्याण ने पत्रकारों को बताया, सरकार की ओर से, हादसे में जान गंवाने वाले प्रत्येक नियमित कर्मचारी के परिवार को 1.72 करोड़ रुपये जबकि प्रत्येक संविदा कर्मचारी के परिवार को 45.75 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा। अंतिम लाभ के अलावा, मृतकों के परिवारों को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि भी दी जाएगी।

## अमेरिका ने भारतीय प्रवासी समेत 17 लोगों की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की

वाशिंगटन। अमेरिका ने सोमवार को कहा कि उसने गंभीर अपराधों के आरोपी एक भारतीय प्रवासी सहित 17 लोगों की नागरिकता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

न्याय विभाग ने बताया कि न्यूजर्सी स्थित प्लेसमेंट फर्म मैग्नाविजन एलएलसी के मालिक नीरज शर्मा (50) पर आरोप है कि उन्होंने 11 फर्जी एच- 1बी वीजा आवेदन पर हस्ताक्षर करते हुए दावा किया कि संबंधित व्यक्ति एक वैश्विक वित्तीय संस्थान में काम करेंगे। विभाग के मुताबिक, शर्मा की ओर से एच 1बी वीजा आवेदनों के लिए सहायक दस्तावेज के तौर पर जमा किए गए पत्रों में कथित तौर पर वैश्विक वित्तीय संस्थान के अधिकारियों के जाली हस्ताक्षर थे। विभाग ने बताया कि शर्मा ने 2017 में नागरिकता के लिए आवेदन किया था। उसने आरोप लगाया कि शर्मा ने नागरिकता के लिए हुए साक्षात्कार के दौरान अपने पिछले आपराधिक आचरण के बारे में झूठ बोला था। विभाग के अनुसार, शर्मा को दिसंबर 2017 में अमेरिकी नागरिकता मिल गई। बाद में उसे अप्रैल 2015 से अप्रैल 2017 के बीच धोखाधड़ी और वीजा के दुरुपयोग का दोषी ठहराया गया। अमेरिकी नागरिकता एक विशेषाधिकार है और इसे ईमानदारी से हासिल किया जाना चाहिए। अगर आप यहां आते हैं, हमारे कानूनों को तोड़ते हैं और आव्रजन संबंधी कार्यवाही के दौरान झूठ बोलते हैं, तो आप यह विशेषाधिकार खो देते हैं। अमेरिका में आव्रजन और नागरिकता अधिनियम के तहत, अगर किसी व्यक्ति ने गैर-कानूनी तरीके से, जानबूझकर गलत जानकारी देकर अमेरिकी नागरिकता हासिल की है।

## एच-1 बी वीजा पर एक लाख डॉलर का शुल्क रद्द करने संबंधी अदालत के फैसले का स्वागत



वाशिंगटन। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन द्वारा एच-1 बी वीजा पर लगाए गए एक लाख अमेरिकी डॉलर के शुल्क को रद्द करने के मैसाचुसेट्स की संघीय अदालत के फैसले का अमेरिका में भारतीय प्रवासी हितों की पैरवी करने वाले संगठनों ने स्वागत किया है और इसे रोजगार-आधारित आव्रजन प्रणाली के लिए एक न्यायसंगत कदम बताया है।

सोमवार को एक संघीय न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि एच-1 बी आवेदनों पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाया गया 100,000 अमेरिकी डॉलर का शुल्क अवैध है, क्योंकि इसे कांग्रेस की मंजूरी प्राप्त नहीं थी। एच- 1बी वीजा एक अस्थायी प्रवास वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को उन विशिष्ट व्यवसायों में विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की अनुमति देता है जिनमें सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां प्रत्येक वर्ष भारत और चीन जैसे देशों से हजारों कर्मचारियों की भर्ती के लिए इस वीजा पर निर्भर रहती हैं। फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) में नीति एवं रणनीति प्रमुख खंडेराव कंड ने पीटीआई-भाषा से कहा, हम मैसाचुसेट्स की संघीय अदालत के उस निर्णय का स्वागत करते हैं, जिसने एच-1बी वीजा शुल्क के रूप में लगाए गए एक लाख अमेरिकी डॉलर के शुल्क को निरस्त कर दिया है। इससे रोजगार-आधारित आव्रजन प्रणाली में निश्चितता और निष्पक्षता बहाल होगी। अदालत के आदेश के बाद एच- 1बी वीजा से जुड़े सभी हितधारकों को राहत मिलेगी, लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि क्या यह वास्तव में इस मुद्दे का अंत है। अदालत का फैसला अमेरिका की नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बनाए रखने के लिए उपयुक्त है। अत्यधिक कुशल वैश्विक प्रतिभाओं तक पहुंच अमेरिका के प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा और उन्नत विनिर्माण क्षेत्रों की निरंतर वृद्धि के लिए आवश्यक है। यह निर्णय इस सिद्धांत को मजबूत करता है कि बड़े नीतिगत बदलाव वैधानिक अधिकार और आर्थिक वास्तविकताओं पर आधारित होने चाहिए।

## होर्मुज के पास दुर्घटनाग्रस्त अमेरिकी हेलीकॉप्टर का पायलट सुरक्षित

दुबई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार देर रात कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर के पायलट इसमें घायल नहीं हुए।

पश्चिम एशिया में युद्ध के दौरान ईरान द्वारा आवागमन के लिए बंद किए गए इस जलडमरूमध्य के पास हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण मंगलवार सुबह तक स्पष्ट नहीं हुए। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने मंगलवार को बताया कि इजराइल के हमले में उसकी हवाई रक्षा इकाइयों के कम से कम दो सदस्य मारे गए। अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी को ईरान पर हमले किए जाने के बाद से शुरू हुए युद्ध ने दुनिया की अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया है। ट्रंप ने न्यूयॉर्क में बॉस्केटबॉल स्पर्धा एनबीए का फाइनल मैच देखने के बाद जॉन एफ. केनेडी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से



बातचीत में कहा कि दुर्घटनाग्रस्त हेलीकॉप्टर के पायलट सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि पायलट ठीक हैं। कोई घायल नहीं हुआ। हम कल एक रिपोर्ट जारी करेंगे। लेकिन पायलट सुरक्षित हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने सबसे पहले खबर जारी की थी कि अमेरिकी सेना का एक अपाचे अटैक हेलीकॉप्टर होर्मुज जलडमरूमध्य के पास गिर गया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह हेलीकॉप्टर किन हालात में गिरा। अमेरिकी सेना की केंद्रीय कमान और रक्षा विभाग ने द एसोसिएटिड प्रेस के प्रतिक्रिया के अनुरोधों पर तत्काल जवाब नहीं दिया। अपाचे हेलीकॉप्टर अमेरिकी सेना के लिए ऐसे समय में एक प्रमुख परिसंपत्ति रहा है, जब ईरान के कच्चे तेल के टैंकरों पर नाकाबंदी लागू की जा रही है ताकि तेहरान पर समझौते के लिए दबाव बढ़े। संयुक्त अरब अमीरात ने भी ईरान युद्ध के दौरान ईरानी ड्रोनों को मार गिराने के लिए इन हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया है। उधर, ट्रंप ने ईरान के साथ बातचीत को लेकर नए सिरे से विश्वास प्रकट किया। दो से तीन दिन में हमें समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। हालांकि उन्होंने इस नई उम्मीद के लिए कोई वजह नहीं बताई। हेलीकॉप्टर दुर्घटना सोमवार को ईरान और इजराइल के एक दूसरे पर हमले किए जाने के बाद हुई।

## ईरानी सेना के दो कर्मी मारे गये

दुबई। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने मंगलवार को कहा कि एक दिन पहले हुए इजराइली हमले में वायु रक्षा इकाई के कम से कम दो कर्मी मारे गए। रिपोर्ट में, ईरान ने हमलों में हुई मौतों की पहली बार पुष्टि की है। इन हमलों ने पश्चिम एशिया में तनाव पैदा कर दिया है और युद्ध विराम को अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा है। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने मृतकों की पहचान बहमन हुसैनी और अली रजा अबिरी के रूप में की है, लेकिन उनके पद का उल्लेख नहीं किया है। सरकारी टीवी ने बताया कि उन्हें तेहरान के बाहर किसी शहर में दफनाया जाएगा, जिससे संकेत मिलता है कि वे देश की राजधानी के पास तैनात थे।

## इंटरटेनमेंट...

### मनोज वाजपेयी की गवर्नर 12 जून को होगी रिलीज

**मुंबई।** मनोज ने इस भूमिका के लिए एस वेंकटरमणन के परिवार से मुलाकात करने के बजाय उपलब्ध डॉक्यूमेंट्स, स्क्रिप्ट और अपने अध्ययन पर भरोसा किया।' फिल्म अब दर्शकों के सामने जाने को तैयार है, पूरी टीम में एक खास उत्साह है चिन्मय कहते हैं। गवर्नरस पर हम लंबे समय से काम कर रहे

**❍ किरदार के परिवार से नहीं मिले मनोज, स्क्रिप्ट और मजबूत रिसर्च के सहारे बने 'गवर्नर'**

थे और अब जब फिल्म रिलीज के करीब है तो पूरी टीम में एक अलग तरह का उत्साह है। मनोज बाजपेयी देशभर में जाकर प्रचार कर रहे हैं। जब आप किसी कहानी पर वर्षों मेहनत करते हैं और वह आखिरकार दर्शकों तक पहुंचने वाली होती है, तो एक जिम्मेदारी और संतोष दोनों महसूस होते हैं। बकौल चिन्मय 'फिल्म का आधार पूरी तरह उन वास्तविक घटनाओं पर टिका है, जिनकी जानकारी सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है। हालांकि हमें यह भी ध्यान रखना था कि हम कोई डॉक्यूमेंट्री नहीं बना रहे हैं। कई बड़े फैसलों के नतीजे तो इतिहास में दर्ज हैं लेकिन उन फैसलों तक पहुंचने के लिए बंद कमरों




में क्या चचाएं हुईं, किन मतभेदों और दबावों का सामना करना पड़ा, इसकी पूरी जानकारी कहीं उपलब्ध नहीं है। ऐसे में हमने गहन रिसर्च के आधार पर उन परिस्थितियों की कल्पना की और उन्हें सिनेमाई रूप दिया। हमारा प्रयास था कि तथ्य और ड्रामा के बीच संतुलन बना रहे। परिवारों से बातचीत और दस्तावेजों ने मजबूत की फिल्म की रिसर्च चिन्मय बताते हैं, हमने केवल रिपोर्ट्स या पब्लिश कंटेंट पर भरोसा नहीं किया। हमारी टीम ने उन लोगों और परिवारों से भी बातचीत की, जो उस दौर और घटनाओं से किसी न किसी रूप में जुड़े रहे हैं। लेखक और सह-निमार्ताओं ने स्क्रिप्ट के अलग-अलग स्टेज में उनसे संवाद किया। हमें असल परिस्थितियों और फैसलों के पीछे की नियत को समझना था।

चिन्मय ने बताया कि ह्यकई लोग पूछते हैं कि क्या 'गवर्नर' बायोपिक है तो मेरा कहना साफ है कि नहीं। यह किसी एक व्यक्ति के जीवन की कहानी नहीं है। यह उस दौर की कहानी है, जब देश आर्थिक संकट के सबसे कठिन चरणों में से एक से गुजर रहा था। परिस्थितियों की वजह से कुछ पात्र कहानी के केंद्र में जरूर आते हैं लेकिन फिल्म केवल उन्हीं तक सीमित नहीं। इसमें कई ऐसे किरदार हैं, जिन्होंने उस दौर के फैसलों और घटनाओं को प्रभावित किया था। चिन्मय के मुताबिक, 'अगर हम हर वास्तविक व्यक्ति को अलग-अलग प्रस्तुत करते, तो कहानी बहुत जटिल हो जाती। इसलिए कुछ पात्र ऐसे बनाए गए हैं जो 2 या 3 वास्तविक व्यक्तित्वों के अनुभवों और भूमिकाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### कंगना की लगातार पिछली 5 फिल्में फ्लॉप

**मुंबई।** एक्ट्रेस कंगना रनोट की अपकमिंग फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। हालांकि, इस फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं होगा। एक तरफ कंगना की पिछली कई फिल्में बुरी तरह फ्लॉप हुई हैं, वहीं, जिस दिन यानी 12 जून को 'भारत भाग्य विधाता' रिलीज होगी, उसी दिन 3 अन्य बॉलीवुड फिल्में भी रिलीज होंगी।, जिससे बॉक्स ऑफिस पर क्लैश की स्थिति बन रही है। कंगना की पिछली पांच फिल्मों का प्रदर्शन बॉक्स ऑफिस पर खराब रहा है। पिछली फिल्म 'इमरजेंसी' (2025) में कंगना ने इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई और खुद डायरेक्शन भी किया। लगभग 60 करोड़ रुपए के बजट वाली इस फिल्म ने भारत में करीब 23.81 करोड़ रुपए की कमाई की और डिजास्टर साबित हुई।

### शाहरुख दूसरे, प्रियंका तीसरे और अमिताभ 7वें नंबर पर

**मुंबई।** दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली भारत की सबसे वैल्युएबल पर्सनैलिटी की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। उनकी ब्रांड वैल्यू 3,542 करोड़ रुपए है। शाहरुख खान दूसरे और प्रियंका चोपड़ा जोनस तीसरे पायदान पर हैं। फॉर्च्यून इंडिया और इंटरब्रांड ने देश की 25 सबसे वैल्युएबल सेलिब्रिटी पर रिसर्च की। इसमें टॉप 10 में 3 क्रिकेटर और 7 फिल्मी सेलिब्रटी हैं। महिला सेलिब्रिटीज में प्रियंका चोपड़ा सबसे ऊपर रहीं। इसके अलावा दीपिका पादुकोण (11वां स्थान), रश्मिका मंदाना (17वां स्थान), कृति सेनन, भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और साउथ की एक्ट्रेस नयनतारा को जगह मिली है। वैल्युएबल पर्सन की सूची में दिलजीत दोसांझ, करन जौहर, सौरव गांगुली और विकी कौशल के भी नाम हैं।

**❍ क्रिकेटर विराट कोहली भारत की सबसे वैल्युएबल पर्सनैलिटी की लिस्ट में पहले स्थान पर**

इस अध्ययन में ब्रांड वैल्यू तय करने के लिए सेलिब्रिटीज की कमाई, फॉलोअर्स या बॉक्स ऑफिस पर सफलता से इतर कई अन्य बातों पर भी ध्यान दिया गया है।

### पेद्दी से हटाये गये जाह्नवी कपूर के विवादित सीन

मुंबई। साउथ स्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म कर रही है, लेकिन फिल्म में जाह्नवी के किरदार को जरूरत से ज्यादा बोल्ड दिखाने पर विवाद खड़ा हो गया था। दर्शकों के विरोध के बाद फिल्म के डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना ने कन्फर्म किया है कि फिल्म से सभी

**❍ डायरेक्टर ने माना कुछ सीन मिसलीडिंग थे, जाह्नवी को बोल्ड दिखाने पर शुरू हुआ था विवाद**

विवादित सीन हटा दिए गए हैं। इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में उन्होंने माना कि फिल्म के कुछ सीन मिसलीडिंग थे। इससे पहले बुच्ची बाबू सोशल मीडिया पर सार्वजनिक माफी मांग चुके हैं।



दर्शकों का कहना है कि फिल्म में जाह्नवी कपूर के किरदार की कहानी से ज्यादा उसकी शारीरिक बनावट पर फोकस किया गया है। डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना ने दी सफाई विवाद बढ़ता देखकर डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना ने इंटरव्यू में अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा, 'कई लोगों ने जाह्नवी कपूर के ट्रैक को गलत समझा।

इस फिल्म में मुख्य किरदार एक बहुत ही पिछड़े पहाड़ी इलाके से आता है। मैं उसके किरदार के सीधेपन और वहां के माहौल को दिखाना चाहता था। वह जिस लड़की से प्यार करता है, उससे शादी करना चाहता है। इस प्रक्रिया में कुछ सीन गलत संदेश दे रहे थे। हमने अपनी गलती सुधारते हुए उन सीन को फिल्म से हटा दिया है।' पेद्दी के डायरेक्टर बुच्ची बाबू सना। जाह्नवी के सीन पर क्यों हुआ विवाद फिल्म रिलीज होने के बाद दर्शकों ने जाह्नवी कपूर के किरदार 'अचियम्मा' को पर्दे पर दिखाने के तरीके पर आपत्ति जताई थी।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com